CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 10°C

मुरादाबाद, सोमवार 15 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 121 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बूथ ही बनेगा जीत का केंद्र, एसआईआर चुनावी रणनीति की धुरी: योगी पेज 2



भारत ने पाकिस्तान को अंडर-19 एशिया कप में हराया, 90 रन से जीता मैच खेल टाइम्स



कुछ ही सालों में शुरू हो जाएगा प्रकृति का कहर सम्पादकीय




ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमला, 12 की मौत पेज 12

# देशभर में अगले हफ्ते से पड़ेगी कड़ाके की ठंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अगले हफ्ते से देशभर में कड़ाके की सर्दी पड़ने के आसार हैं। इस सर्दी का पहला बड़ा पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) 17 दिसम्बर को हिमालयी राज्यों में पहुंचेगा। इसके असर से 18 से 20 दिसम्बर के बीच जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में अच्छी बर्फबारी होने की संभावना है।

21 और 22 दिसम्बर को पहाड़ों से बादल हटते ही तापमान तेजी से गिरेगा। तापमान सामान्य से 5 से 6 डिग्री तक नीचे जा सकता है। उत्तर से चलने वाली ठंडी हवाएं यूपी, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और मध्य भारत तक पहुंचेंगी। इससे मैदानी इलाकों में ठंड काफी बढ़ जाएगी। इधर, राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते सर्दी का असर कम हो गया है। न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई है। मध्य प्रदेश में भी अगले 3 दिन तक शीतलहर का अलर्ट नहीं है। हालांकि, पारा लगातार लुढ़क रहा है। शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा है। यहां शनिवार रात पारा 4.7 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, दिल्ली में रविवार को एक्यूआई 497 पहुंच गया। शनिवार को ही वहां ग्रैप-4 लागू किया गया था। पिछले हफ्ते राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि इस साल दिल्ली का एक्यूआई 450 के पार नहीं गया है। उधर, हिमाचल- **शेष पृष्ठ दो पर**




## दिल्ली-एनसीआर में सांसों का आपातकाल

**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की धीमी गति और खराब मौसम के चलते रविवार को हवा इस साल की सबसे खराब श्रेणी में पहुंच गई। सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे से हुई और आसमान में स्मॉग की मोटी चादर के चलते दृश्यता भी कम रही।

सांस लेने में हो रही दुश्वारी के बीच लोग मास्क पहने नजर आए। लोगों को आंख में जलन की दिक्कत भी हुई। वहीं, एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, रविवार सुबह राजधानी का औसत एक्यूआई 462 दर्ज किया गया है। सीपीसीबी के अनुसार, राजधानी दिल्ली के अलीपुर में एक्यूआई 439, आनंद विहार में एक्यूआई 491, अशोक विहार में 493, आया नगर में 447, बवाना में 495, बुराड़ी में 473, चांदनी चौक इलाके में 462 एक्यूआई दर्ज किया गया है। वहीं, डीटीयू में 493, द्वारका सेक्टर 8 में 454, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 इलाके में 411, आईटीओ में 482, जहांगीरपुरी में 495, लोधी रोड 401, मुंडका 486, नजफगढ़ में 411, पंजाबी बाग में 475, रोहिणी 499, विवेक विहार 495, सोनिया विहार 483, आरकेपुरम 472, वजीरपुर में 493 दर्ज किया गया है। गाजियाबाद में भी एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है।

■ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रविवार को हवा सबसे खराब श्रेणी में पहुंची

### खाना खाने निकले तो पकड़े गए लूथरा ब्रदर्स

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन आग मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा सोमवार (आज) तक भारत लाए जा सकते हैं। थाईलैंड पुलिस ने 11 दिसम्बर को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया था। उनकी डिपोर्टेशन प्रोसेस जारी है। इस बीच सामने आया है कि लूथरा ब्रदर्स को थाईलैंड में तब पकड़ा गया था। जब दोनों भाई होटल से बाहर खाना खाने निकले थे। 9 दिसम्बर को थाई अधिकारियों को पता चला कि जिन भाइयों को पुलिस भारत में ढूंढ़ रही थी, वे फुकेट में हैं। भारतीय एजेंसियों से इनपुट मिलने के बाद थाई अधिकारियों ने पहले ही होटल पर नजर रखनी शुरू कर दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### मेसी के टूर ऑर्गेनाइजर को जमानत नहीं, 14 दिन की कस्टडी में भेजा

**कोलकाता।** अर्जेंटीना के फुटबॉल आइकन लियोनेल मेसी के इंडिया टूर के आर्गनाइजर सताद्रु दत्ता को जमानत नहीं मिली है। बिधाननगर कोर्ट ने मेसी के गोट इंडिया टूर 2025 के प्रमोटर और आयोजक सताद्रु दत्ता को 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सताद्रु पर इवेंट में मिसमैनेजमेंट के आरोप हैं। पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ने कोर्ट में कस्टडी की मांग करते हुए कुछ कॉन्स्टेबलों को चोट लगने और मेसी के मैदान में आने पर भीड़ को मैनेज करने में हुई दिक्कतों का हवाला दिया था। दरअसल, 13 दिसम्बर को स्टेडियम से मेसी के जल्दी निकल जाने के बाद फैंस भड़क गए। दूर-दूर से आने और टिकटों के लिए भारी रकम चुकाने के बावजूद वे अपने सुपरस्टार की एक झलक भी नहीं देख पाए। फैंस ने स्टेडियम में जमकर तोड़-फोड़ की। दत्ता को बिधाननगर पुलिस ने शनिवार को कोलकाता एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। सताद्रु मेसी और उनके साथियों को हैदराबाद के लिए छोड़ने गए थे।

### एआई प्रतिस्पर्धा क्षमता में भारत तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत एआई प्रतिस्पर्धा क्षमता में अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की वैश्विक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इस रिपोर्ट में भारत को 21.59 अंक दिए गए हैं। अमेरिका 78.6 अंक के साथ पहले स्थान पर है। वहीं, चीन 36.95 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। दक्षिण कोरिया (17.24) और ब्रिटेन (16.64 अंक) भारत के बाद क्रमश: चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। रिपोर्ट में अनुसंधान एवं विकास में भारत को अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर रखा गया है। जिम्मेदार एआई और अर्थव्यवस्था के पैमानों पर भारत को शीर्ष तीन में जगह नहीं दी गई है। प्रतिभा के मामले में भारत को सिंगापुर के बाद दूसरे स्थान पर रखा गया है। बुनियादी ढांचा और नीति एवं प्रशासन के मामले में भी भारत को पहले तीन में स्थान नहीं मिला है। लोगों की सोच के मामले में भारत दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर है। रिपोर्ट से साफ है कि प्रतिभा, अनुसंधान एवं विकास और जन स्वीकार्यता के बावजूद देश में एआई को लेकर नीति निर्माण, नियम कानून और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में काफी काम करने की आवश्यकता है।

### नकली दवाओं के रैकेट का किया भंडाफोड़, दो अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की साइबर सेल ने नकली शेड्यूल-एच दवाओं के निर्माण, रीपैकेजिंग और देशभर में बिक्री में शामिल एक बड़े और संगठित रैकेट का भंडाफोड़ किया। इस दौरान 2-3 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकली दवाएं और संबंधित सामान बरामद किए गए और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी उपलब्ध कराई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि असली प्रोडक्ट के रूप में बेची जा रही ये नकली दवाएं लोगों की सेहत के लिए गंभीर खतरा थीं।

# रामलीला मैदान में कांग्रेस ने निकाली 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली

## पीएम मोदी का आत्मविश्वास खत्म, अमित शाह के हाथ कांपते हैं उनकी वोट चोरी पकड़ी गई: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग सरकार के इशारे पर ईमानदारी से चुनाव नहीं करा रहा है और अगर वह पारदर्शी तरीके से काम करे तो भाजपा एक भी चुनाव नहीं जीत सकती है। श्री गांधी और श्रीमती वाड्रा ने रविवार को यहां रामलीला मैदान में पार्टी की 'वोट चोर गद्दी छोड़' नाम से आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश में इस समय सत्य और असत्य के बीच लड़ाई हो रही है। कांग्रेस सच्चाई के रास्ते पर है और भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) असत्य की राह पर चलकर सिर्फ चुनाव जीतने की साजिश कर रहे हैं। श्री गांधी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य को महत्व देते थे और कांग्रेस उनके दिखाए सत्य के रास्ते पर चल रही है, लेकिन आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत कहते हैं कि सत्य नहीं 'सत्ता' जरूरी है। उनके लिए झूठ ही सब कुछ है और असत्य के सहारे सत्ता का सुख भोग रहे हैं। भाजपा वोट चोरी करती है और चुनाव के समय दस हजार रुपये हर वोटर को देकर चुनाव जीतने का रास्ता सुगम बनाती है। चुनाव के समय दस हजार रुपये मतदाताओं को देना सबसे बड़ी वोट चोरी है। उन्होंने तीनों चुनाव आयुक्तों पर निशाना साधा और तीनों के नाम लेकर कहा कि वे मिलकर सरकार की मदद कर रहे हैं। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि कांग्रेस सत्ता में आएगी तो कानून बनाएगी और भाजपा को सरकार बनाने में वोट चोरी करवाकर मदद करने वाले इन तीनों चुनाव आयुक्तों को साजिश रचने की सजा देगी। उनका कहना था कि चुनाव आयोग को सत्य के लिए लड़ना चाहिए, सही काम करना चाहिए और जो सच है उसे ही महत्व देना चाहिए, लेकिन वह सत्य की राह पर नहीं चलकर पक्षपात कर रहे हैं और भाजपा को जिताने की साजिश रचते हैं। श्री गांधी ने कहा कि भाजपा देश के विभिन्न राज्यों में **-शेष पृष्ठ दो पर**




हमारा वंदेमातरम् भी भाजपा ने चोरी किया: खड़गे

न्यायालय पर दबाव है, सारी मीडिया अंबानी-अडानी की

कांग्रेस नेताओं को आरोप लगाकर जेल में बंद किया गया: प्रियंका

### कांग्रेस की रैली में देशभर से उमड़े लोग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वोट चोरी के खिलाफ देश भर में चलाए गए अभियान के बाद रविवार को यहां रामलीला मैदान में हुई विशाल रैली में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ ही बड़ी संख्या में देश के विभिन्न हिस्सों से आए पार्टी के प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया।

रैली में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल के साथ ही कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, कार्य समिति के सदस्य, प्रभारी महासचिव, विभिन्न प्रदेशों के अध्यक्ष और विधायक दलों के नेताओं के साथ ही बड़ी संख्या में पार्टी के प्रमुख नेता मौजूद रहे। रैली को श्री खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के अलावा, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब के साथ ही विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों, पूर्व मुख्यमंत्रियों और अन्य प्रमुख नेताओं ने संबोधित किया। पार्टी ने वोट चोरी को लोकतंत्र के खिलाफ एक अपराध बताया है और यह भी कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सीबीआई ने चार चीनी नागरिकों के खिलाफ चार्जशीट की दाखिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराध में शामिल चार चीनी नागरिकों और 58 कंपनियों सहित 17 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। अधिकारियों ने रविवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इन आरोपियों ने सौ से अधिक फर्जी कंपनियां बनाईं और एक हजार करोड़ से अधिक की साइबर धोखाधड़ी की।

ये सभी साइबर धोखाधड़ी करने वाले एक अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े थे, जो शेल कंपनियों के जरिये धोखाधड़ी करते थे। यह नेटवर्क पोंजी योजनाओं और मल्टी-लेवल मार्केटिंग (एमएलएम) मॉडल के साथ-साथ फर्जी एप और नौकरी के प्रस्तावों के माध्यम से लोगों को धोखा दे रहा था। सीबीआई ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र से मिली जानकारी के आधार पर मामला दर्ज किया था। इसके बाद बीते अक्टूबर महीने में साइबर धोखाधड़ी वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ था। जांच टीमों ने इस संगठित नेटवर्क का पता लगाया था, जो अलग-अलग तरह के साइबर फ्रॉड करता था। ये साइबर ठग फर्जी लोन, फर्जी निवेश योजनाओं का लालच देकर लोगों को अपनी जाल में फंसाते थे। जांच के दौरान पाया गया कि साइबर जालसाजों ने एक अत्यधिक जटिल, तकनीक का इस्तेमाल किया, जिसमें असली नियंत्रकों की पहचान छिपाने और कानून प्रवर्तन की जांच से बचने के लिए गूगल विज्ञापनों, बल्क एसएमएस अभियानों, सिम-बॉक्स मैसेजिंग सिस्टम, क्लाउड सर्वर, फिनटेक प्लेटफॉर्म और दर्जनों फर्जी बैंक खातों का लाभ उठाया गया। जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि इस ऑपरेशन के केंद्र में 111 फर्जी शेल कंपनियां थीं। इन शेल कंपनियों को फर्जी निदेशकों, फर्जी डॉक्यूमेंट्स और फर्जी पते का इस्तेमाल करके बनाया गया था। जांच में यह भी पता चला कि इन कंपनियों में सैकड़ों बैंक खातों के जरिये 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की रकम ट्रांसफर की गई थी। इस खुलासे के बाद सीबीआई ने तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक, झारखंड और हरियाणा में कई जगह छापेमारी की थी। जांच के दौरान इन शेल कंपनियों में विदेशी नागरिकों के संलिप्त होने की भी जानकारी सामने आई थी। इनकी पहचान जू ई, हुआन लियू, वेइजियान लियू और गुआनहुआ वांग के रूप में हुई है। इन विदेशी नागरिकों ने ही साल 2020 से भारत में फर्जी कंपनियां खड़ी की थीं। इसके बाद भारतीय सहयोगियों की मदद से लोगों के दस्तावेज हासिल किए, जिनका इस्तेमाल शेल कंपनियों के नेटवर्क को बनाने और धोखाधड़ी से मिली रकम को दूसरे खातों में ट्रांसफर किया गया।



■ 100 से ज्यादा फर्जी कंपनियां बनाई, करीब एक हजार करोड़ की साइबर धोखाधड़ी की

# भारत ने बांग्लादेश के आरोपों को किया खारिज

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश सरकार के दावों को खारिज करते हुए रविवार को कहा कि उसने सदैव बांग्लादेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव का समर्थन किया है और कभी भी भारतीय भूमि का बांग्लादेश के हितों के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने दिया है।

बांग्लादेश के आरोपों का जोरदार खंडन करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में किए गए दावों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है।मंत्रालय ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश में शांतिपूर्ण माहौल में स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी और विश्वसनीय चुनाव कराने के अपने रुख को लगातार दोहराया है। मंत्रालय ने कहा कि भारत ने कभी भी अपनी भूमि का उपयोग बांग्लादेश के मित्रवत लोगों के हितों के प्रतिकूल गतिविधियों के लिए नहीं होने दिया है। भारत ने बांग्लादेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद जताते हुए कहा कि हम आशा करते हैं कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार शांतिपूर्ण चुनाव कराने सहित आंतरिक कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगी। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने दावा किया है कि अवामी लीग के नेता भारत में रहकर बांग्लादेश के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं।

■ कहा: भारत वहां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों का पक्षधर

# नितिन नबीन बने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

## बिहार सरकार में हैं मंत्री, नियुक्ति को बिहार के साथ-साथ राष्ट्रीय रणनीति मजबूती के तौर पर देखा जा रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

ऐसे में जेपी नड्डा के बाद अब पार्टी की जिम्मेदारी नितिन नबीन ही संभालेंगे। पार्टी की ओर से इस नियुक्ति को बिहार के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा की रणनीतिक मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है। नितिन नबीन पांच बार के विधायक हैं। मौजूदा वक्त में वह पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। बांकीपुर से इस बार नितिन नबीन पांचवीं बार विधायक बने हैं। नबीन छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी भी हैं। बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन कायस्थ समुदाय से आते हैं। 45 साल के नबीन सड़क निर्माण मंत्री हैं। इसी के साथ वह भाजपा नेता किशोर सिन्हा के बेटे हैं। बता दें कि यह नियुक्ति 14 दिसम्बर 2025 यानी रविवार से तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इस संबंध में पार्टी की ओर से औपचारिक संगठनात्मक आदेश जारी किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से जारी आदेश के मुताबिक यह नियुक्ति भाजपा के संसदीय बोर्ड की तरफ से की गई है। आदेश में लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने नितिन नबीन, मंत्री बिहार सरकार को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।



■ नितिन नबीन बांकीपुर से इस बार 5वीं बार विधायक बने

### यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष की औपचारिक घोषणा

**लखनऊ।** महाराजगंज से सांसद व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बन गए हैं। उनके नाम की घोषणा रविवार को औपचारिक तौर पर प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन के केंद्रीय प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने की। शंख ध्वनि के बीच नाम का ऐलान होते ही डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नए अध्यक्ष को भाजपा का झंडा सौंपा। दरअसल अध्यक्ष पद के लिए पंकज चौधरी ही एकमात्र उम्मीदवार थे, इसलिए नामांकन के दिन ही उनके चुने जाने की तस्वीर साफ हो गई थी।



CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में तीन सड़क हादसों में 8 की मौत

**हमीरपुर/फर्रुखाबाद/उन्नाव/मथुरा/अलीगढ़।** घने कोहरे का कहर यूपी की सड़कों पर शनिवार-रविवार रात देखने को मिला। हमीरपुर में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर टूरिस्ट बस और चारपहिया गाड़ी की भिड़ंत में दो सगे भाइयों सहित 4 लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में 3 लोग गंभीर घायल हैं, जिनका बांदा में इलाज चल रहा ह। वहीं फर्रुखाबाद के इटावा-बरेली हाइवे पर गन्ना लदी ट्रॉली में ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें एक युवक की मौत हो गई है। तीसरा हादसा उन्नाव जिले में आगरा-लखनऊ हाइवे पर हुआ, जहां मिनी ट्रक, कंटेनर और बस की भिड़ंत में बस ड्राइवर की मौत हो गई है। वहीं मथुरा में कोहरे की वजह से एक के बाद एक 5 गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। इस हादसे में 18 लोग घायल हैं। अलीगढ़ के टप्पल थाना क्षेत्र के पीपली गांव के पास अलीगढ़-पलवल हाईवे पर सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई।

### बहराइच में फिर दिखा भेड़िया

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कैसरगंज इलाके में रविवार दोपहर एक बार फिर भेड़िया देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्राम गोडहिया नंबर-4 के मजरा जरूवा में भेड़िया दिखने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर उसके पीछे दौड़ पड़े, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों का पीछा करने पर भेड़िया पास के गन्ने के खेत में घुसकर छिप गया। इसी इलाके में शनिवार तड़के ग्राम गोडहिया नंबर-4 के मजरा जरूवा निवासी राम कुमार की एक वर्षीय बेटी आरवी को भेड़िया उठाकर ले गया था। बाद में मासूम के शव के अवशेष घटना स्थल से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर बरामद हुए थे। इस हृदयविदारक घटना के बाद वन विभाग ने सघन सर्च ऑपरेशन चलाया था, जिसके दौरान एक भेड़िए को ट्रैक कर उसका एनकाउंटर किया गया था।

# ऊर्जा संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण जरूरतः द्रौपदी मुर्मू

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ ऊर्जा संरक्षण व चित्रकला प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बोलीं राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि एक संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए स्वच्छ हवा और सुरक्षित जल स्रोत भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम ऊर्जा को जितना संरक्षित करेंगे और बचाएंगे, वह प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी संवेदनशीलता का प्रतीक होगी।

मुर्मू ने रविवार को यहां राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार और राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में यह बात कही। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि पर्यावरण अनुकूल और विश्वसनीय तरीके से ऊर्जा संरक्षण ही ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत है। ऊर्जा संरक्षण सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि आज की सबसे महत्वपूर्ण ज़रूरत है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऊर्जा बचाने का मतलब सिर्फ़ कम इस्तेमाल करना नहीं है, बल्कि ऊर्जा का समझदारी, जिम्मेदारी और कुशलता से उपयोग करना भी है। उन्होंने कहा कि जब हम बिजली के उपकरणों का अनावश्यक उपयोग करने से बचते हैं, ऊर्जा-कुशल उपकरणों को अपनाते हैं, अपने घरों और कार्यस्थलों में प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन का उपयोग करते हैं या सौर और नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों को अपनाते हैं, तो हम न केवल ऊर्जा बचाते हैं, बल्कि कार्बन उत्सर्जन भी कम करते हैं। श्रीमती मुर्मू ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऊर्जा संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण जरूरत है। अगर युवा और बच्चे ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होकर इस दिशा में प्रयास करें, तो इस क्षेत्र में लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं और देश का सतत विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच समुदायों को सशक्त बनाती है। यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देती है और विकास के नए अवसर पैदा करती है। इसलिए हरित ऊर्जा सिर्फ़ बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है, यह सशक्तिकरण और समावेशी विकास का एक शक्तिशाली माध्यम है।

### मुर्मू ने ऊर्जा बचाने वाले नायकों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर यहां विज्ञान भवन में एक समारोह में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) 2025 और राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता (एनपीसी) 2025 के विजेताओं को सम्मानित किया। समारोह का आयोजन विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मू ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण कोई विकल्प नहीं, बल्कि आज की आवश्यकता है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारत वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और देश ने पेरिस समझौते के तहत निर्धारित लक्ष्य से पांच वर्ष पहले ही 50 प्रतिशत स्थापित क्षमता गैर-जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त कर ली है। उन्होंने पीएटी योजना, मानक एवं लेबलिंग, एडीईईटीआईई जैसी बीईई की पहलों को ऊर्जा दक्षता की रीढ़ बताया। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 2025 ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि ऊर्जा संरक्षण तकनीक, नीति और जनभागीदारी का संगम है। उद्योगों, संस्थानों, नवप्रवर्तकों और विद्यार्थियों-सभी के प्रयास मिलकर भारत को हरित, आत्मनिर्भर और सतत भविष्य की ओर ले जा रहे हैं। यह सम्मान न केवल उपलब्धियों की पहचान है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी है।

# रुपये की गिरावट से भाजपा की खुली पोलः अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि डॉलर के मुकाबले रुपए का अब तक के इतिहास में सबसे कमजोर स्तर पर पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार अर्थव्यवस्था को लेकर जो आंकड़े और दावे पेश कर रही है, वे पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन हैं। उन्होंने कहा कि रुपए की गिरावट ने सरकार की आर्थिक नीतियों की असलियत जनता के सामने ला दी है।

रविवार को पार्टी की तरफ से जारी बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा इस सच्चाई से इनकार नहीं कर सकती कि रुपए की कमजोरी सीधे तौर पर सरकार की नाकामी का परिणाम है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने रुपए की गिरावट और सरकार के बीच ऐसा विचित्र आर्थिक सिद्धांत गढ़ा है, जो पूरी तरह अव्यावहारिक और विफल साबित हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को गंभीर संकट में डाल दिया है। रुपया लगातार डॉलर के मुकाबले गिरता जा रहा है और गिरावट के पुराने सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं। इसके साथ ही महंगाई बेलगाम हो चुकी है, जिससे आम जनता की क्रय शक्ति लगातार कमजोर हो रही है।

# घुसपैठियों को बचाने को हुई कांग्रेस की रैलीः पात्रा

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ बीजेपी बोली- वहां सिर्फ एक मणिशंकर अय्यर नहीं

दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई कांग्रेस की वोट चोरी की महारैली में मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाने पर बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस भूल गई कि जब-जब पीएम मोदी और उनकी माता जी को गाली दी गई है, तो कांग्रेस को हमेशा जनता ने नकारा है, ये उनका महज अहंकार है। कांग्रेस में सिर्फ एक मणिशंकर अयर नहीं है।

संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस वोट चोरी पर रैली कर रही है। संसद चल रही है, वहां चर्चा हो चुकी है और अब कांग्रेस रैली उसी मुद्दे पर कर रही है। इसी कांग्रेस ने एसआईआर पर सदन में चर्चा का नोटिस दिया था। राहुल जब इस चर्चा पर सदन में बोले, तो उनकी सतही जानकारी और राजनीति सदन में नजर आई। संबित पात्रा ने कहा कि टीशर्ट पहनने वाले राहुल उस दिन खादी पहनकर सदन में आए। उन्होंने एक कहानी बनाई जो पूरी तरह झूठी थी। जिसका गृहमंत्री ने बिंदुवार जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि हर बात पर जवाब दिया गया। संबित पात्रा ने कहा वोट चोरी कब-कब हुई ,वो भी गृहमंत्री ने बताया। नेहरू के प्रधानमंत्री बनने से लेकर रायबरेली का चुनाव और अब सोनिया गांधी की नागरिकता को लेकर भी बताया गया। जब गृहमंत्री ने घुसपैठियों का जिक्र किया, तो कांग्रेस ने इसका विरोध किया और वॉक आउट करके चले गए। उन्होंने कहा कि ये जो रैली हो रही है वो घुसपैठियों को बचाने के लिए कर रही है।

### बूथ ही बनेगा जीत का केंद्र, एसआईआर चुनावी रणनीति की धुरीः योगी

# सरकार व संगठन मिलकर प्रदेश को आगे बढ़ाएंगे

**लखनऊ, वार्ता**



■ विरोधियों के पास ताकत नहीं है, लेकिन व छल और भ्रम फैलाने की कोशिश करेंगे, जिससे सावधान रहने की जरूरत है

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि आगामी चुनाव पूरी तरह बूथ स्तर पर लड़े जाएंगे और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) इस रणनीति की रीढ़ है। रविवार को भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोधी दलों के पास संगठनात्मक ताकत नहीं है, लेकिन वे छल और भ्रम फैलाने की कोशिश जरूर करेंगे। ऐसे में कार्यकर्ताओं को सजग, साहसी और पूरी तरह तैयार रहना होगा।

अनुभवी नेतृत्व के साथ सरकार और संगठन मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत और भारतीयों के प्रति दुनिया का नजरिया बदला है। उत्तर प्रदेश में आया परिवर्तन डबल इंजन सरकार और कार्यकर्ताओं की संगठित शक्ति का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदला हुआ उत्तर प्रदेश आज अपनी पहचान खुद गढ़ रहा है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, अयोध्या में भव्य राम मंदिर, नैमिषारण्य सहित प्रमुख तीर्थ स्थलों का कायाकल्प इस परिवर्तन के प्रतीक हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले प्रदेश में बिजली इसलिए नहीं आती थी, ताकि अंधेरे में डकैती डाली जा सके, जबकि आज रोस्टर के अनुसार निर्बाध बिजली आपूर्ति हो रही है। योगी आदित्यनाथ ने एसआईआर को अत्यंत संवेदनशील बताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की क्षमता पर कोई संदेह नहीं है, लेकिन कई बार अनावश्यक उदारता के कारण गंभीर चूक हो जाती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई जगह यह कहकर संतोष कर लिया जाता है कि 'हमारे यहां सब ठीक है', जबकि वास्तविकता कुछ और होती है। एक जिले में तो विरोधियों ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम तक मतदाता सूची में दर्ज करवा दिए, जहां पिता-पुत्र-दादा की उम्र में ही भारी विसंगति पाई गई और मतदाता मूल रूप से असम के निवासी निकले। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्एक बूथ पर फर्जी नामों के खिलाफ अनिवार्य रूप से आपत्ति दर्ज कराई जाए और जो वास्तविक मतदाता सूची से छूट गए हैं, उनके नाम हर हाल में जोड़े जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अनुमानित आबादी करीब 25 करोड़ है, इस आधार पर लगभग 16 करोड़ मतदाता होने चाहिए, लेकिन एसआईआर के बाद सूची में केवल 12 करोड़ नाम सामने आए हैं। यह लगभग चार करोड़ मतदाताओं का अंतर है, जिनमें 85 से 90 प्रतिशत भाजपा समर्थक हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं के पास अब केवल 12 दिन हैं और याद रखना चाहिए कि चुनावी लड़ाई बूथ पर ही जीती जाती है।

### भाजपा में न वंशवाद चलता है, न जातिवाद, केवल कार्यकर्ता सर्वोपरिः पंकज चौधरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा में न किसी व्यक्ति का वर्चस्व चलता है, न परिवारवाद और न ही जातिवाद। पार्टी में कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी ताकत है और वही बड़े से बड़े दायित्व निभाता है। इसी भरोसे के साथ जनता ने बार-बार भाजपा को आशीर्वाद दिया है। रविवार को प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद अपने पहले संबोधन में पंकज चौधरी ने अपने राजनीतिक संघर्षों को याद करते हुए कहा कि राजनीति में आने का उनका शौक नही था। गलत चीज बर्दाश्त न होने की वजह से ही वह राजनीति में आएं। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें मात्र 26 वर्ष की आयु में महाराजगंज से लोकसभा चुनाव लड़ने का अवसर दिया। वर्ष 1991 से लेकर 2024 तक वे लगातार अपने क्षेत्र से जुड़े रहे।



सेंसेक्स 84391.27
निफ्टी 25758



सोना रु. 117330
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 190000
प्रति किलो



# बाजार पर दिखेगा महंगाई का असर

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरी साप्ताहिक गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में बाजार पर महंगाई के आंकड़ों के साथ वैश्विक कारकों का असर भी दिख सकता है। घरेलू स्तर पर खुदरा महंगाई के आंकड़े शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद जारी किए गए थे। थोक महंगाई के आंकड़े सोमवार को जारी होने हैं। बाजार पर वैश्विक कारकों का असर भी दिखेगा।

पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक पहले तीन दिन की गिरावट के बाद अंतिम दो दिन बढ़त में रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 444.71 अंक (0.52 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 85,267.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक 139.50 अंक यानी 054 प्रतिशत गिरकर 26,046.95 अंक पर रहा। एनएसई का मिडकैप-50 सूचकांक 0.61 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.67 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट में बंद हुआ। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में और अन्य 12 के हरे निशान में रहे। एशियन पेंट्स में सबसे अधिक 6.80 प्रतिशत की गिरावट रही। बीईएल का शेयर 4.25 फीसदी, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 3.33, बजाज फाइनेंस का 2.96, ट्रेंट का 2.78 और पावर ग्रिड का 2.28 प्रतिशत टूट गया। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.87 फीसदी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.71, भारती एयरटेल 1.16, इंफोसिस तथा आईटीसी दोनों के 1.06, और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.01 प्रतिशत उतर गया। इनके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सनफार्मा, टीसीएस, बजाज फिनसर्व और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाटा स्टील का शेयर सबसे अधिक 2.87 प्रतिशत चढ़ा। इटरनल में 1.92 फीसदी, टाइटन में 1.73, मारुति सुजुकी में 1.50, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.08 और कोटक महिंद्रा बैंक में 1.02 प्रतिशत की तेजी रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा एनटीपीसी और एक्सिस बैंक के शेयर भी साप्ताहिक बढ़त में रहे।

# एसबीआई के कर्ज आज से हो जाएंगे सस्ते

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋण दाता भारतीय स्टेट बैंक ने आवास और निजी ऋण लेने वाले ग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए ब्याज दरों में 25 आधार अंक (0.25 प्रतिशत) की कटौती की घोषणा की है। दरों में कटौती 15 दिसंबर से प्रभावी हो जाएंगे। बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि उसने बाहरी बेंचमार्क पर आधारित दर में 25 आधार अंकों की कटौती की है। यह मौजूदा 8.15 प्रतिशत से घटकर सोमवार से 7.90 प्रतिशत हो जाएगी। ईबीएलआर वह दर है जो फ्लोटिंग दर पर लिए गए हर ऋण की ब्याज दर तय करता है। अधिकतर आवास ऋण, व्यक्तिगत ऋण और छोटे उद्यमों को दिए गए ऋणों की ब्याज दर इसी आधार पर तय होती है। एसबीआई ने यह कटौती भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 05 दिसंबर को रेपो दर में की गई 25 आधार अंकों की कटौती के बाद की है। केंद्रीय बैंक ने इस साल चौथी बार रेपो दर में कटौती की है। इस दौरान रेपो दर 1.25 प्रतिशत कम हुई है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 9 दिसंबर को बैंकों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में रेपो दर की कटौती का लाभ ग्राहकों को देने के लिए कहा था। एसबीआई ने सभी अवधि के सीमांत लागत ऋण दरों में पांच आधार अंकों और बेस रेट में 10 आधार अंकों की कटौती की घोषणा की है। उसने बताया है कि अब बेस रेट 10 प्रतिशत से घटकर 9.90 प्रतिशत हो गई है। वहीं, सावधि जमा पर ग्राहकों को मिलने वाले ब्याज की दर ज्यादातर अवधियों के लिए अपरिवर्तित रहेगी।

# गेहूं, चीनी मजबूत, चावल नरम दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव टूट गए। ग्राहकी आने से गेहूं और चीनी में तेजी रही, जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 67 रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,755.96 रुपए प्रति क्विंटल रही। गेहूं चार रुपए चढ़कर 2,848.44 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।

आटा 18 रुपए की बढ़त के साथ 3,307.09 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 50 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल में 47 रुपए और सूरजमुखी तेल में 54 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। सोया तेल पांच रुपए महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 107 रुपए और वनस्पति की 62 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। सप्ताह के दौरान चना दाल की औसत कीमत 19 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। वहीं मसूर दाल छह रुपए महंगी हुई। तुअर दाल आठ रुपए और मूंग दाल सात रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। उड़द दाल की कीमत भी 32 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 18 रुपए प्रति क्विंटल गिर गए। वहीं चीनी 11 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहनः दाल चना 7793.22 रुपए, मसूर काली 8122.44 रुपए, मूंग दाल 10095.82 रुपए, उड़द दाल 10388.57 रुपए, तुअर दाल 10533.49 रुपए प्रति क्विंटल। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.44 रुपए और चावल 3755.96 रुपए प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3307.09 प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ः चीनी एस 4346.23 रुपए और गुड़ 5005.85 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेलः सरसों तेल 17599.13 रुपए, मूंगफली तेल 17704.16 रुपए, सूरजमुखी तेल 1575.84 रुपए, सोया तेल 13785.80 रुपए, पाम ऑयल 12481.16 रुपए और वनस्पति 14399.03 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देशभर में....**

प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने से ठंड बढ़ गई है। पहाड़ों पर बर्फबारी का अनुमान है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई है, जिससे पारा 2-3 डिग्री सेल्सियस और गिर सकता है। कश्मीर में 21 दिसम्बर से 40 दिन तक चलने वाला सर्दियों का सबसे कड़ा दौर 'चिल्लई कलां' शुरू होगा। इस दौरान भीषण ठंड, बर्फबारी और पाला पड़ता है। पश्चिमी हिमालयी इलाकों में आखिरी बार 4 और 5 नवम्बर को अच्छी बारिश और बर्फबारी हुई थी। इससे पहले अक्टूबर के पहले हफ्ते में 2 अक्टूबर को हल्की और 6 अक्टूबर को भारी बर्फबारी हुई थी। उस समय जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल के ऊपरी इलाकों का करीब 80 फीसदी हिस्सा बर्फ से ढक गया था। अब 18-19 दिसम्बर को फिर अच्छी बर्फबारी के आसार हैं।

**रामलीला मैदान...**

वोट चोरी कर चुनाव जीत रही है। असत्य के रास्ते पर चल रही हैं, लेकिन अंत में सत्य की ही जीत होनी है, भले ही इसमें कुछ देर हो जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि झूठ के कारण इनका आत्मविश्वास डगमगा रहा है, क्योंकि वे समझ गए हैं कि उनकी वोट चोरी की साजिश पकड़ी गई है। पूरे देश को इस सच का पता लगने वाला है, इसलिए दोनों घबराए हुए हैं और उनका आत्मविश्वास खत्म हो रहा है। इससे पहले श्रीमती वाड्रा ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज संस्थाओं पर हमले हो रहे हैं, न्यायपालिका दबाव में है, कांग्रेस का बैंक अकाउंट बंद करवा देते हैं, कांग्रेस नेताओं को बिना प्रमाण के परेशान किया जा रहा है। ईडी को भेजा जा रहा है, छापे की कार्रवाई की जा रही हैं, सरकार किसी की सुनने को तैयार नहीं है, एसआईआर पर चर्चा करवाने की मांग की तो नहीं माने, आखिर में दबाव में आकर माने। उन्होंने कहा कि भाजपा अगर बैलेट पर चुनाव लड़े, वोट चोरी न करें, तो वह एक भी चुनाव नहीं जीत सकती है। चुनाव आयोग के बिना भाजपा चुनाव जीत ही नहीं सकती है। चुनाव आयोग सरकार की मदद कर रहा है और लोकतंत्र को खत्म रहा है। चुनाव की घोषणा से लेकर वोटर लिस्ट, मतदान, मतगणना, ईवीएम सबका इस्तेमाल आयोग भाजपा को मदद पहुंचाने के लिए कर रहा है। जनता का विश्वास भाजपा से, सरकार से, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से हट चुका है। उन्होंने सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि यहां सिर्फ संवैधानिक संस्थाओं की धज्जियां उड़ाई जा रही है और चुनाव आयोग जैसी संस्था सरकार की गैर जिम्मेदार तरीके से मदद कर रही है। उसकी इस हरकत को इतिहास माफ नहीं करेगा।

# राणा बंधुओं की कंपनियों का लाइसेंस निरस्त

■ यूपीः कफ सिरप तस्करी मामले में एफएसडीए की कार्रवाई

**लखनऊ।** यूपी में कफ सिरप की अवैध तस्करी मामले में एफएसडीए ने विभोर राणा और उसके भाई विशाल की फर्मों का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। यह कार्रवाई लखनऊ में सामने आए उस नेटवर्क पर हुई है, जिसमें कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी यूपी समेत कई राज्यों और बांग्लादेश तक होने का आरोप है। मामला इसलिए अहम है क्योंकि यह ड्रग्स नियंत्रण और सीमा पार अवैध कारोबार से जुड़ा है।

एफएसडीए के अनुसार विभोर राणा के नाम से पंजीकृत जीआर ट्रेडिंग और विशाल के नाम से संचालित एवट हेल्थ केयर का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द किया गया है। जांच में इन फर्मों की सप्लाई चेन, खरीद-बिक्री रिकॉर्ड और वितरण नेटवर्क में गंभीर अनियमितताएं पाई गई। अधिकारियों का कहना है कि कागजी वैधता के आड़ में कोडीन युक्त कफ सिरप की बड़ी खेप विभिन्न राज्यों में भेजी गई। लखनऊ से संचालित इस नेटवर्क के तार पश्चिम बंगाल, असम, उत्तराखंड, बिहार और बांग्लादेश तक जुड़े होने के संकेत मिले हैं। लाइसेंस निरस्तीकरण को आगे की आपराधिक कार्रवाई का आधार माना जा रहा है।

### पूर्व सपा विधायक दीप नारायण की 21 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**झांसी।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक दीप नारायण यादव के खिलाफ पुलिस और प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 20 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क कर ली है। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट, डकैती और मारपीट जैसे गंभीर मामलों में की गई है। जिलाधिकारी न्यायालय के आदेश पर झांसी पुलिस ने यह कदम उठाया। पुलिस के अनुसार पूर्व विधायक पर दर्ज मामलों में अवैध तरीके से अर्जित की गई संपत्ति को चिन्हित किया गया था। जांच के बाद प्रशासन ने मेडिकल कॉलेज के पीछे करगुवा मंदिर के पास स्थित करोड़ों की संपत्ति को कुर्क करते हुए मौके पर नोटिस बोर्ड भी लगाया है। बताया जा रहा है कि 21 नवंबर को मोंठ कोतवाली क्षेत्र में हुई मारपीट और डकैती की घटना के बाद से ही दीपनारायण यादव फरार चल रहे हैं। इस मामले में उन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, जिसके बाद पुलिस ने उनकी संपत्तियों का ब्योरा जुटाकर कुर्की की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दीपनारायण यादव लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। हालांकि उन्होंने न्यायालय में सरेंडर की अर्जी दाखिल की है, जिस पर सुनवाई होनी है। वहीं पुलिस की ओर से गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी हैं।

# निवेश बढ़ाया जाए और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार हो

■ सीआईआई ने बजट 2026 में प्राइवेट निवेश बढ़ाने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए सरकार को एक व्यापक निवेश रणनीति पेश की है। संगठन ने सुझाव दिया है कि बजट में सार्वजनिक, निजी और विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, जिससे भारत की आर्थिक वृद्धि की गति बनी रहे और देश एक टिकाऊ विकास मार्ग पर आगे बढ़ सके।

सीआईआई ने वित्त वर्ष 2027 में केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में 12 प्रतिशत वृद्धि और राज्यों को दी जाने वाली पूंजीगत सहायता में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की सिफारिश की है। संगठन ने इसके साथ ही 2026-2032 के लिए 150 लाख करोड़ रुपये की राष्ट्रीय अवसं. रचना पाइपलाइन (एनआईपी 2.0)शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। इसका उद्देश्य देशभर में बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को गति देना और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। बड़े निवेश और उत्पादन लक्ष्य हासिल करने वाली कंपनियों के लिए कर प्रोत्साहन और अनुपालन में ढील देने की सिफारिश की है। इसके तहत कंपनियों को नए निवेश, उत्पादन और कर योगदान में वृद्धि करने पर अतिरिक्त लाभ दिए जा सकते हैं। संगठन ने एनआरआई निवेश प्रोत्साहन कोष बनाने का भी सुझाव दिया है, जिसमें सरकार की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत तक हो सकती है। यह कोष एनआरआई, एफपीआई और अन्य संस्थागत निवेशकों को अवसंरचना और एआई जैसे क्षेत्र में निवेश के लिए आकर्षित करेगा।

CMYK

# दम तोड़ रहा नेशनल हाईवे

## जगह-जगह मरम्मत कार्य जारी रहने से हो रहे हादसे









**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** देहरादून से बरेली के बीच बना रहे नेशनल हाईवे ने दम तोड़ना शुरू कर दिया है। जगह-जगह मरम्मत कार्य की वजह से हादसे हो रहे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद की सीमा में नेशनल हाईवे पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। ज्यादातर हादसों में मौते हो रही हैं। खास तौर पर शेरकोट और अफजलगढ़ के बीच होने वाली दुर्घटनाओं में मौत हो रही है। नेशनल हाईवे के निर्माण में मानको का बिल्कुल भी ख्याल नहीं रखा गया है। नेशनल हाईवे को घुमावदार और टेढ़ा-मेढ़ा बनाया गया है। जिसकी वजह से सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते हैं। घुमावदार हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन फिसल जाते हैं। तेज रफ्तार वाहनों के आपस में टकराने से जान चली जाती हैं। शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता है, जिस दिन हादसा न होता हो। इन हादसों की वजह से न जाने कितने परिवार बर्बाद हो चुके हैं। हादसों में जो घायल हो जाते हैं, उनके परिवार भी बर्बाद हो जाते हैं। इलाज में इतना ज्यादा रुपए खर्च हो जाते हैं कि परिवार को संभालने का मौका ही नहीं मिलता है। परिवार कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं। सबसे खतरनाक बात यह है कि हाईवे जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो रहा है। मरम्मत के लिए हाईवे को बंद किया जा रहा है। वन वे किए गए हाईवे पर सबसे ज्यादा हादसे हो रहे हैं। इसी माह में अब तक सात मौतें हो चुकी हैं। हाईवे की मरम्मत के नाम पर भी खानापूर्ति हो रही है। हाईवे के निर्माण के दौरान भी मानक से अलग घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। जिसकी वजह से हाईवे का निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही यह जगह-जगह टूटने लगा है। हाईवे की हालत को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि चंद सालों में यह पूरी तरह से टूट जाएगा। नागरिकों का कहना है कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार का इससे बड़ा सबूत कोई दूसरा नहीं मिल सकता है। हाईवे के निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। आज तक हाईवे का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। नागरिकों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट को इसकी जांच करानी चाहिए। दोषी भाजपा सरकार से लेकर मंत्रियों व अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उनकी संपत्तियों की जांच की जानी चाहिए। हाईवे पर हादसों में जिन लोगों की जान जा रही है, उनके परिजनों को कम से कम एक एक करोड़ रुपए का मुआवजा मिलना चाहिए। पूरे हाईवे का पुनर्निर्माण होना चाहिए और जहां-जहां ज्यादा घूम है, वहां पर हाईवे को सीधा किया जाना चाहिए। ताकि आने वाले समय में हादसों को रोका जा सके।

## पूर्व जज मनोज कुमार ने दिलाया कर्मचारियों का रुका हुआ वेतन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगीना सहकारी कताई मिल के कर्मचारी राम इकवल झा ने बताया कि नगीना सहकारी कताई मिल के बंद होने पर कंपनी द्वारा कर्मचारियों के कई महीनों के वेतन का भुगतान नहीं किया गया था। कर्मचारी अपना रुका हुआ वेतन प्राप्त करने के लिए कई वर्षों से लड़ाई लड़ रहे थे।

पूर्व जिला सत्र जज मनोज कुमार द्वारा चलाई जा रही पीडीए जनसुनवाई की जानकारी होने पर कर्मचारियों ने जनसुनवाई में उपस्थित होकर पूर्व जज मनोज कुमार को समस्याओं से अवगत कराया गया। लोकसभा पूर्व प्रत्याशी मनोज कुमार द्वारा कर्मचारियों की विधिक सहायता करने पर कंपनी ने 1000 श्रमिकों का रुका हुआ वेतन देना शुरू कर दिया है। जिसमें से लगभग 400 लोगों को रुका हुआ वेतन उनके बैंक खातों में प्राप्त हो चुका है।

उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की अन्य कई समस्याओं के लिए भी नगीना लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी कुमार द्वारा उनकी सहायता की जा रही है।

### एक नजर

## अलाव और रैन बसेरे का निरीक्षण



**नहटौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने झील पार्क में बने रैन बसेरे का बीती रात नौ बजे औचक निरीक्षण किया। इसके अलावा अलाव व्यवस्थाओं को भी देखा गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रैन बसेरे में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके अलावा नगर पालिका की ओर से जलाए जा रहे अलाव व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने और जरूरतमंदों को उचित आश्रय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राजस्व विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। इनमें थाना अध्यक्ष धीरज नागर, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि तथा नगर पालिका की ओर से विशेष कुमार, रमेश चंद्र, सलीम अहमद और विशाल वर्मा शामिल थे।

## तालाब में मगरमच्छ दिखने से हड़कंप



**बिजनौर।** आज सुबह सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रही है। वीडियो तहसील क्षेत्र के ग्राम जहानाबाद की बताई जा रही है। जिसमें ग्राम प्रधान जहानाबाद अशोक कुमार ने बताया कि 12 दिसंबर को तालाब में मगरमच्छ देखे जाने से ग्राम में हड़कंप मच गया था। जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम के द्वारा ग्राम प्रधान से कहा गया कि मगरमच्छ को रेस्क्यू करने के लिए ग्रामीण या आप जल की व्यवस्था करें। वन विभाग की टीम के द्वारा मगरमच्छ को रेस्क्यू करने का कोई पर्याप्त साधन नहीं था। जिसके चलते आज मगरमच्छ का रेस्क्यू नहीं हो सका । ग्रामीणों में चर्चा है कि तालाब में चार मगरमच्छ देखे गए हैं । इस संबंध में वन विभाग डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह ने बताया कि मगरमच्छ की संख्या हमको नहीं पता कितने मगरमच्छ तालाब में है। बहरहाल सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हो रही है और ग्रामीणों में मगरमच्छ तालाब में होने पर दहशत का माहौल है। इस संबंध में क्षेत्रिय वन अधिकारी वानकी रामकुमार से जानकारी प्राप्त हुई है। मगरमच्छ के रेस्क्यू के लिए टीम ग्राम जहानाबाद पहुंचेगी और रेस्क्यू के पर्याप्त साधन वन विभाग की टीम पर हैं।

## भागवत कथा के समापन पर हवन



**नगीना।** श्री माता शीतला भवानी मंदिर में पिछले सात दिनों से श्रीमद् भागवत कथा का पाठ चल रहा था। आज इसके समापन पर कथावाचक माध्वाचार्य के नेतृत्व में मंदिर के पुजारी पंडित विकास दुबे ने हवन पूजन करवाया। जिसमें श्रद्धालुओं ने कष्ट निवारण को लेकर आहुतियां दीं। प्रयागराज से आये कथावाचक माध्वाचार्य ने कहा कि हवन में आहुति देने से कष्टों का निवारण होता है। हवन पूजन में सातों दिवसों के यजमानों क्रमश: दीप्ति विश्नोई, अनुज विश्नोई, डॉ. अंजू विश्नोई, डॉ. कुसुमलता विश्नोई, अरुण कुमार विश्नोई, गौरव वर्मा, राजीव सिसौदिया, अंशुल चौधरी, करणवीर सिंह, मोहिनी विश्नोई, जूही विश्नोई, अलका वर्मा सहित खुशी गुप्ता, सुशील गुप्ता, इंदु ठुकराल, रूपा थापन, सीमा विश्नोई, अंजू विश्नोई, पुष्पा देवी, विमला देवी, राजेश्वरी, सुमन आदि उपस्थित रहे।

## कट सकते हैं सात हजार से अधिक नाम

**नगीना।** नगर में एसआईआर सर्वे का काम जैसे-जैसे पूरा हो रहा है, वैसे ही सूची से हटाए जाने वाले मतदाताओं की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के बाद नगर क्षेत्र में सात हजार मतदाता कम हो जाएंगे। हालांकि अभी गणना प्रपत्रों के डिजिटलाइजेशन का काम हो रहा है और एसआईआर का कार्य भी पूरा नहीं हुआ है। लेकिन अभी तक नगर पालिका क्षेत्र के लगभग 67000 मतदाताओं में लगभग 7000 मतदाता ऐसे मिले हैं, जिनका पता नहीं चला है जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि ये वोटर कम हो जाएंगे। उधर निर्वाचन विभाग ने दावा किया है कि निर्धारित समय में एसआईआर का काम पूरा कर लिया जाएगा।

## भाकियू तोमर गुट ने किया थाने के घेराव का ऐलान

**नहटौर।** मौहल्ला जोशियान निवासी स्वर्गीय अरविंद शर्मा की पुत्री कुमारी मुस्कान 15 वर्षीय, 19 सितंबर को करीब शाम के पांच बजे घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए गई थी। लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद उसके परिजनों को सफलता नहीं मिली।

इसके बाद उसकी मां रीना ने 20 सितंबर को कोतवाली नहटौर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। लेकिन पुलिस ने इस मामले को पहले हल्के में लिया। रीना ने अपनी पुत्री की बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक को मामले से अवगत कराते हुए अपनी पुत्री की बरामदगी किए जाने की मांग की थी। करीब ढाई माह बाद एकत्रित होकर मौहल्लेवासी थाने पहुंचे थे। चार दिन का आश्वासन दिया गया था। चार दिन बीत जाने के बाद भी छात्रा का पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी। इस मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन राजीव तोमर गुट के नगर अध्यक्ष अनुज शर्मा ने बताया कि तीन माह का समय बीतने वाला है। अभी तक मुस्कान की बरामदगी नहीं हो पाई है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से 15 दिसंबर कल (आज) प्रात: 11 बजे भारी संख्या में थाना कोतवाली पहुंचने का आह्वान किया है। इस मामले को लेकर थाने का घेराव किया जाएगा।

# बिजनौर से गया कांग्रेसियों का रैला

## कड़ाके की ठंड के बावजूद कांग्रेसियों में दिखाई दिया जबरदस्त जोश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर, गद्दी छोड़ महारैली में बिजनौर शहर अध्यक्ष हुमायूँ बेग के नेतृत्व में बिजनौर से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने दिल्ली पहुंच कर उपस्थिति दर्ज कराई।

कड़ाके की ठंड के बावजूद कांग्रेसियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। पूरे जनपद से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली के लिए रवाना हुए। उन्होंने भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार वोट चोरी से बनी हुई है। अगर बीजेपी वोट चोरी ना करे तो एक मेंबर का चुनाव भी नहीं जीत सकती है। भाजपा सरकार में जंगल राज चल रहा है। अब विकास नहीं बल्कि विनाश की बात होती है। भाजपा देश में नफरत का जहर घोल रही है। भाजपा ने देश को बर्बाद करके रख दिया है। प्रदेश में सट्टा विरोधियों का उत्पीड़न हो रहा है। सच बोलने वालों की गिरफ्तारी हो रही है। भाजपा के द्वारा सत्ता का नाजायज फायदा उठाया जा रहा है। देश व प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। रैली में बिजनौर शहर से मुख्य रूप से पहुंचने वालों में हुमायूँ बेग शहर अध्यक्ष, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुनीश त्यागी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष/पीसीसी सदस्य नजाकत अल्वी, पूर्व जिला सचिव/कोर्डिनेटर जनपद मुजफ्फरनगर चितवन शर्मा, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष मौ. रफत, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प. जोन के प्रदेश सचिव अब्दुल समद आजद, युवा नेता शमशुद्दीन सिद्दीकी, डा. अजहर खान, मौ. खालिद, सैय्यद शारिक अली, अनस बेग, ओनजब बेग, अमरीश शर्मा, उमेश गौतम, समीर एड., अनुज गौतम, आदिल, शाहब, पधान, मतीन, फरदीन, राजू, लवी भारद्वाज, कुलदीप आदि सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## शावक के साथ गुलदार दिखने से किसानों में हड़कंप

**हल्दौर।** गांव गोवर्धनपुर नांगली के जंगल में गुलदार दिखाई देने से किसानों में भय व्याप्त है। गोवर्धनपुर नंगली निवासी सरोवर सिंह पुत्र सतपाल सिंह रविवार को 3:00 बजे गेहूं की बुवाई का कार्य कर रहे थे। अचानक सामने गुलदार अपने शावक के साथ सरोवर सिंह के सामने आकर खड़े हो गए। जिससे किसान भयभीत हो गया और शोर मचा दिया। आस-पास खेतों में कम कर रहे किसानों ने बामुश्किल गुलदार व शावक को जंगल में भगाया, जिससे किसानों में भय व्याप्त है। किसान कृषि कार्य के लिए खेतों में जाने से डर रहे हैं। हुकम सिंह, सौरभ सिंह राजेन्द्र सिंह, नैपाल सिंह, नवलीस सिंह, सुशील कुमार, यशपाल सिह आदि किसानों ने वन विभाग के अधिकारियों से पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़वाने की मांग की है उधर वन रेंजर महेश चंद्र गौतम का कहना है। शीघ्र ही पिंजरा लगा कर गुलदार को पकड़वाया जाएगा।

# विवेक विश्वविद्यालय में टैलेंट हंट परीक्षा

## शीत लहर के बावजूद कक्षा 12 के 10180 छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय द्वारा हर वर्ष आयोजित होने टैलेंट हंट परीक्षा का शांति पूर्ण समापन हुआ। इस परीक्षा में बिजनौर जिले के लगभग सभी कॉलेजों ने हिस्सा लिया। शीत लहर होने के बावजूद भी 10180 छात्र-छात्राओं द्वारा यह परीक्षा दी गयी।

विश्वविद्यालय के चैयरमेन अमित गोयल ने बताया कि विश्व. विद्यालय का उद्देश्य बिजनौर जिले में छुपी हुई प्रतिभाओं का चयन कर उनकी वित्त सहायता करना है। छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते है, यह हमारे उत्साह को बढ़ाता है। महाविद्यालय में इस परीक्षा की तैयारी काफी दिनों से चल रही थी। इस परीक्षा के लिये 14750 आवेदन आये, जिसमें से 10180 छात्र-छात्राओं ने यह परीक्षा दी।

विश्वविद्यालय के कुलपति नरेश गुप्ता ने बताया कि जो इस परीक्षा में सभी प्रश्न सही करने वाले छात्र को दो लाख रुपये का पुरस्कार नकद दिया जाता है तथा प्रथम पुरस्कार एक लाख, द्वितीय 51 हजार तथा तृतीय पुरस्कार 21 हजार रुपये के अलावा 1000 से अधिक विशेष सांत्वना एवं सांत्वना पुरस्कार दिये जाते है।

उन्होंने बताया कि इस परीक्षा का रिजल्ट 30 मार्च को घोषित हो जायेगा। जिन छात्रों ने यह परीक्षा दी है वे अपना रिजल्ट विवेक कॉलेज की वैबसाईट www.vivekuniversity.ac.in पर तथा विवेक विश्वविद्यालय के फेसबुक पेज एवं इंस्टाग्राम पर देख सकते है।

इस वृहद परीक्षा को सफल बनाने में डा. हितेश शर्मा, डा. दीप्ती डिमरी, डा. राजीव चौधरी, डा. सौरभ शर्मा, डा. सर्वेश शीतल, डा. रंगानाथन, डा. संजय त्यागी, डा. हर्ष कुमार, डा. देबाशीष, डा. मनोज गैहलोत, डा. रिदिन, डा. मीना, डा. पुष्पा जोशी, प्रांशु कुमार, डा. मनीक. निका, डा. शैलेन्द्र, डा. रिजवान, डा. राशि तंवर, मोहित त्यागी, पंकज त्यागी आदि सभी प्रवक्ताओं का सहयोग रहा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# दो गाड़ियों की रेस में बुजुर्ग की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के सुभाष चौक पर रविवार देर रात दो गाड़ियों की रेस एक बुजुर्ग की मौत का कारण बन गई। हादसे के बाद अनियंत्रित कार सामने खड़ी रोडवेज की अनुबंधित बस से जा टकराई, जिससे बस और कार दोनों क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। हादसे से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार डाकघर रोड, पुरानी तहसील के पास निवासी 75 वर्षीय सतपाल सिंह सिडाना भोजन करने के बाद टहलने के लिए निकले थे। बताया गया कि जब वह सुभाष चौक स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही दो गाड़ियों के बीच रेस लगी हुई थी। इसी दौरान एक कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और सतपाल सिंह को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर पास में खड़ी रोडवेज की अनु. बंधित बस में जा घुसी, जिससे बस भी क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और फरार चालकों की तलाश की जा रही है। हादसे के बाद परिजनों में को मचा है।

# प्रियंका मॉडर्न स्कूल का स्थापना दिवस मनाया

## महाराणा प्रताप के वंशज डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ रहे मुख्य अतिथि




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न स्कूल के 40वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को केंद्र में रखा गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाराणा प्रताप के वंशज डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने विद्यार्थियों को समय की कीमत, शिक्षा की भूमिका और भारत के उज्ज्वल भविष्य पर प्रेरक संदेश दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार प्रियंका मॉडर्न स्कूल के 40वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज, पर्यावरण, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की चुनौतियों तथा उनके समाधान को लेकर सकारात्मक संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। स्वागत भाषण में स्कूल निदेशक राणा प्रियंकर सिंह ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनसहयोग और अभिभावकों के मार्गदर्शन से प्रियंका मॉडर्न स्कूल विगत 40 वर्षों से गुणवत्तापूर्ण और सार्थक शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम आज सबके सामने हैं।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाराणा प्रताप के वंशज श्रीजी हुजूर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि प्रियंका मॉडर्न स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल होकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने विधायक अशोक कुमार राणा और उनके सुपुत्र राणा प्रियंकर सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन उन्हें एक पारिवारिक उत्सव जैसा अनुभव दे रहा है।

डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि उन्हें यहां विद्यार्थियों और क्षेत्रीय जनता से जो स्नेह मिला है, उसे वे मेवाड़ तक साथ लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि 19वीं शताब्दी ब्रिटेन की रही, 20वीं शताब्दी अमेरिका की रही और 21वीं शताब्दी हिंदुस्तान की होगी। यह मार्ग शिक्षा से होकर ही जाएगा। शिक्षा के इन मंदिरों से निकलकर युवा देश को नई दिशा देंगे और भारत को उन्नति की ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे धामपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक एवं स्कूल चेयरमैन अशोक कुमार राणा ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रियंका मॉडर्न स्कूल क्षेत्र के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और नए अनुभव प्रदान करना विद्यालय की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर भारतीय क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह गहलौत, करनाल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शिव सिंह सारंग, वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील कुमार, उत्तराखंड सरकार के रणनी. तिक सलाहकार मनु गोंड, जिलाधिकारी जसजीत कौर, उपजिलाधिकारी स्मृति मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे, स्कूल एडमिन अदिति सिंह राणा, ज्योति किरण राणा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख उदित नारायण, ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी, एस.के. देवरा, तबेज खान सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# गोवर्धनपुर नंगली में सनातन शौर्य संघ फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं की बैठक

## राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गोवर्धनपुर नंगली प्राचीन स्वयंभू महादेव धाम ट्रस्ट मंदिर परिसर में आज सनातन शौर्य संघ फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।

बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत भूपेंद्र सिंह महाराज ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा, भारतीय संस्कृति का संरक्षण तथा समाज में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करना है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली इतिहास से जोड़ना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सनातन शौर्य संघ फाउंडेशन सेवा, संस्कार और संगठन के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने एकजुट होकर अपनी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह सामाजिक सेवा, गौ-सेवा, धर्म रक्षा एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं।

उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर को किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर बिजनौर में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एक सभा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने संगठन के सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में बिजनौर पहुंचने की अपील की। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर अपने-अपने सुझाव रखे। सनातन धर्म एवं राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर संगठन के युवा जिला अध्यक्ष दीपक राठी, डॉक्टर विकास कुमार, दिग्विजय सिंह, पवन कुमार, सहदेव सिंह, प्रीतम सिंह, घसीटा सिंह, अरविंद कुमार, राहुल कुमार, संजीव कुमार, नितिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# बॉलीवुड फिल्म 'धुरंधर' में धामपुर के विवेक सिन्हा का दमदार अभिनय

## आतंकी जहूर मिस्त्री की भूमिका में छोड़ी खास छाप





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बॉलीवुड की हालिया रिलीज फिल्म धुरंधर में धामपुर निवासी युवा अभिनेता विवेक सिन्हा ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है। फिल्म के आरंभिक हिस्से में ही विवेक एक प्रभावशाली संवाद के साथ पर्दे पर दिखाई देते हैं। फिल्म में उन्होंने कुख्यात आतंकी जहूर मिस्त्री का किरदार निभाया है, जो भले ही समय में सीमित हो, लेकिन प्रभाव में बेहद असरदार है।

महज करीब दस मिनट के स्क्रीन-टाइम में विवेक सिन्हा ने अपनी दमदार आवाज, सधी हुई डायलॉग डिलीवरी और प्रभावशाली प्रस्तुति से दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी है। बड़े बजट और चर्चित कलाकारों से सजी फिल्म में इस तरह की भूमिका मिलना किसी भी कलाकार के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है।

मुंबई से बातचीत में विवेक सिन्हा ने बताया कि लगभग आठ माह पूर्व उनका ऑडिशन हुआ था, जिसके बाद फिल्म के निर्देशक आदित्य धर ने उन्हें जहूर मिस्त्री के किरदार के लिए चयनित किया। फिल्म के रिलीज होने के बाद से ही उन्हें लगातार परिचितों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों की ओर से बधाइयां मिल रही हैं।

विवेक सिन्हा ने इस भूमिका में पूरी तरह ढलने के लिए करीब दस किलो वजन कम किया। इसके लिए उन्होंने नियमित जिम और स्वीमिंग का सहारा लिया। साथ ही, लगभग 12 वर्षों बाद अपनी दाढ़ी और बाल भी कटवाए, ताकि किरदार की मांग के अनुसार रूप दिया जा सके।

धामपुर के मौहल्ला खातियान निवासी विवेक सिन्हा के पिता स्वर्गीय कृष्णवीर सिन्हा थे। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शिखर शिशु सदन से प्राप्त की। अभिनय की विधिवत शिक्षा उन्होंने हिमाचल प्रदेश से ली। विवेक इससे पूर्व पीके, पीरियड चार्ट, द पिकअप आर्टिस्ट, मोदी जी की बेटी, तांडव सहित कई फिल्मों, वेब सीरीज, टीवी धारावाहिकों और विज्ञापन फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं।

# बलराम कुंवर पब्लिक स्कूल में बाल मेला

## एसडीएम स्मृति मिश्रा ने किया मेले का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** बलराम कुंवर पब्लिक स्कूल में रविवार को एक दिवसीय बाल मेले का आयोजन किया गया। 20 रुपए के प्रवेश शुल्क के लक्की ड्रा कूपन के साथ बच्चों ने मेले में भाग लिया। मेले का शुभारंभ एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि करके किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार रविवार को बलराम कुंवर पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 20 रुपए के लक्की ड्रा कूपन के साथ बच्चों को प्रवेश दिया गया। लक्की ड्रा कूपन में प्रथम पुरस्कार इलेक्ट्रिक केतली, द्वितीय पुरस्कार आयरन, तृतीय पुरस्कार हॉट केस रखा गया। मेले का शुभारंभ एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके पुष्पांजलि करके व फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में जहां शिक्षा का महत्व है। वहीं छात्र-छात्राओं के हितोपरि आयोजनों से भी छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी छात्र-छात्राओं का नेतृत्व करने की क्षमता में सहभागिता होनी चाहिए।

इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य विनेश पाल ने विद्यालय की प्रगति पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्कूल के प्रबंधक राजीव अग्रवाल ने कहा स्कूल प्रशासन का उद्देश्य नई-नई गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना प्रमुख उद्देश्य हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्रा ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। कार्यक्रम में विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य वीर सिंह, प्रबंधक राजीव कुमार अग्रवाल, भारती अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# करंट लगने से युवक की मौत

## विद्युत पोल पर कनेक्शन जोड़ते समय हादसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम छजमलवाला में शनिवार को बिजली के खंभे पर कनेक्शन जोड़ते समय एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान राजीव कुमार (40 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय अमर सिंह के रूप में हुई है।

राजीव कुमार अपने घर के पास स्थित विद्युत पोल पर कटे हुए बिजली कनेक्शन को जोड़ रहे थे। इसी दौरान वह एचटी लाइन की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें तुरंत जसपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां अत्रो देवी ने बताया कि राजीव कुमार पेशे से मजदूर थे। शनिवार शाम को मजदूरी से लौटने के बाद वह रात में तार जोड़ने के लिए खंभे पर चढ़े थे, तभी यह हादसा हुआ। राजीव अपने पीछे पत्नी सरिता, तीन पुत्रियों और दो पुत्रों को छोड़ गए हैं। मृतक के ससुर रोहताश कुमार ने बताया कि पिछले दो वर्षों में राजीव के पिता अमर सिंह और इकलौते भाई संजीव कुमार का भी निधन हो चुका है।

परिजनों ने इस मामले में कोई कानूनी कार्रवाई न करते हुए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

उधर, जेई पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि मृतक राजीव कुमार का बिजली बिल जमा न होने के कारण उनका कनेक्शन काट दिया गया था। उन्होंने कहा कि गैर-कानूनी तरीके से कनेक्शन जोड़ने के प्रयास में उपभोक्ता की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ।

# सैकड़ों ने ग्रहण की आजाद समाज पार्टी की सदस्यता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विधानसभा नगीना क्षेत्र से सैकड़ों लोगों ने समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर आजाद समाज पार्टी कांशीराम की सदस्यता ग्रहण की।

नगीना विधानसभा निवासी उत्तर प्रदेश राज्य से आजाद समाज पार्टी के सचिव व मुरादाबाद मंडल प्रभारी आरिफ मलिक ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए विधानसभा से आजाद समाज पार्टी की संभावित प्रत्याशी शीतल कुमारी ने विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क किया। इस दौरान ग्राम तुखमापुर में नगीना विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों लोगों ने सपा, बसपा को छोड़कर आजाद समाज पार्टी कांशीराम की सदस्यता ग्रहण की।

इस दौरान फरहान अंसारी, आसिफ मलिक, ललित कुमार, नजीर ठेकेदार, वाहिद मलिक, जाहिद मलिक, शाकिर मलिक, कलवा व अन्य साथी मौजूद रहे।

# सर्वोदय सामाजिक सेवा संस्था ने बांटे कम्बल

## संस्था के सामाजिक कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सर्वोदय सामाजिक सेवा संस्था द्वारा आसफाबाद चमन स्थित राखी मेमोरियल इंटर कॉलेज में गरीबों की सहायतार्थ कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार संस्था के संरक्षक सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर ठाकुर रामवीर सिंह की अध्यक्षता एवं शिक्षक दुष्यंत कुमार सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार सिंह मुख्य अतिथि एवं थानाध्यक्ष राम प्रताप सिंह व शुगर मिल के मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना) उमेश कुमार सिंह 'बिषेन' बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करने के उपरांत प्रोग्राम में सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर शॉल ओढ़ाकर एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात प्रोग्राम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने संस्था द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

इस अवसर पर इसी कॉलेज की प्रधानाचार्य संध्या शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सुनील कुमार, राखी मेमोरियल इंटर कॉलेज की हाईस्कूल कक्षा 2025 की कॉलेज टॉपर छात्रा कु. अर्चना एवं कासमपुर गढ़ी निवासी पत्रकार एसएम असलम के पुत्र ताइक्वांडो स्टेट लेवल पर सिल्वर मेडल विजेता एवं नेशनल लेवल चैंपियनशिप के प्रतिभागी एसएम जैद को उपस्थित मंचासीन अतिथियों द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था अध्यक्ष डॉ. तेजपाल सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधान संघ के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पूरन सिंह, जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संदीप चौहान, देवेश कुमार, वीर सिंह, अरुण कुमार, अमित कुमार, नेत्रपाल सिंह, सत्यवीर सिंह, बलबीर सिंह, नीरज कुमार आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## एक नजर

### चार वन चौकियां होगी स्थापित

**कालागढ़।** जंगलों और जानवरों की सुरक्षा को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से जंगलों में दो-दो नई वन चौकियां स्थापित की जाएगी। इसके लिए उत्तराखण्ड शासन ने करोड़ों रुपए की वित्तीय सहायता राशि प्रदान की है। वन प्रशासन द्वारा जल्दी ही चौकियों को उपयुक्त स्थानों पर स्थापित किया जाएगा। डॉ. साकेत बडोला का कहना है कि कॉर्बेट नेशनल पार्क क्षेत्र में कुल 170 वन चौकियां स्थापित हैं। इसके बावजूद संवेदनशील और दूरस्थ क्षेत्रों में निगरानी की आवश्यकता को देखते हुए पार्क प्रशासन ने दो चौकियां कालागढ़ टाइगर रिजर्व एवं दो चौकिया कार्बेट टाइगर रिजर्व में कुल चार नई चौकियों के निर्माण का प्रस्ताव उत्तराखंड सरकार को भेज दिया था। जिसे अब प्रस्ताव मिल गया है। प्रस्ताव में दो वन चौकियां कालागढ़ टाइगर रिजर्व और दो चौकियां कॉर्बेट टाइगर रिजर्व क्षेत्र में स्थापित की जाएंगी। दोनों टाइगर रिजर्व क्षेत्रों में स्थान चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जगह का प्रस्ताव पास होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। चौकियों की स्वीकृति मिलने की पुष्टि करते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि नई चौकियों के निर्माण से वन सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सकेगा। प्रत्येक चौकी में वनकर्मियों स्टॉफ के ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही स्टॉफ के लिए रसोई, शौचालय तथा बिजली की आपूर्ति के लिए सोलर लाइट की सुविधाओं से लेस चौकियों का निर्माण किया जायेगा।

### समाधान दिवस में शिकायतों का निस्तारण



**नगीना।** थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता थाना अध्यक्ष अवनीत मान और नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा ने की। इस दौरान क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। समाधान दिवस में प्राप्त अधिकतर शिकायती पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को एक सप्ताह के भीतर जांच पूरी कर समस्याओं का समाधान करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाए तथा फरियादियों की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

### अवैध कच्ची शराब के विरूद्ध अभियान



**अफजलगढ़।** बीती देर शाम आबकारी विभाग व पुलिस टीम ने रामगंगा नदी के समीप ग्राम कटारमल, मदपुरी, चम्पतपुर चकला आदि ग्रामों के आसपास के क्षेत्र में ड्रोन कैमरे की मदद से अवैध कच्छी शराब के बनाने व बेचने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने रामगंगा नदी के समीप बनी दो शराब की भट्टियों को व करीब दो सौ लीटर लाहन नष्ट किया। इसके अलावा पुलिस ने ग्राम कटारमल निवासी रमेश पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम कटारमल को हिरासत में लेते हुए उसके कब्जे से करीब 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। जिसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा। इस दौरान आबकारी विभाग इंस्पेक्टर अतुल राय व थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह सहित आबकारी विभाग व पुलिसकर्मी मौजूद रहे। वहीं सीओ आलोक कुमार का कहना है कि क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब के कार्य में लिप्त लोगों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। अभियान आगे भी जारी रहेगा। क्षेत्र में किसी भी कीमत पर कच्ची शराब नहीं बिकने दी जाएगी।

### नगर के मुख्य प्रवेश मार्ग का बहुप्रतीक्षित पुनर्निर्माण कार्य शुरू

**नगीना।** नगर पालिका ने नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए नगर के मुख्य प्रवेश मार्ग का पुनर्निर्माण और चौड़ीकरण कार्य प्रारंभ कर दिया है। यह मार्ग नगर के सबसे व्यस्ततम क्षेत्रों में से एक है, जहां लंबे समय से सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लगातार जाम की समस्या बनी हुई थी। पुनर्निर्माण के बाद यह मार्ग शहर की यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार लाएगा। चौड़ीकरण के बाद वाहनों की आवाजाही सुचारू होगी, जिससे मुख्य बाजार और व्यावसायिक क्षेत्रों के बीच आवागमन अधिक सुरक्षित और तीव्र हो सकेगा। इस सड़क के पुनर्निर्माण के उपरांत व्यापारियों, दुकानदारों, कार्यालय कर्मचारियों और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। वर्षों से इस मार्ग के सुधार की मांग की जा रही थी। इस सड़क के निर्माण से जाम में कमी आएगी और पैदल यात्रियों को भी बेहतर सुविधा मिलेगी। पालिका अध्यक्षा ताहिरा बेगम द्वारा जानकारी दी गई है कि एमएम इंटर कॉलेज से कैनरा बैंक तक मार्ग पर चौड़ीकरण व पुनर्निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। जिसे दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले फेज में एमएम इंटर कॉलेज से अंबेडकर रोड तक लगभग आधे भाग जो कि इंटरलॉकिंग है, को हटाकर सीसी रोड बनाया जाएगा। इसके उपरांत अंबेडकर रोड से केनरा बैंक तक के शेष भाग का पुनर्निर्माण किया जाएगा। नगर की नवर्निमित अन्य सड़कों की भांति इस सड़क के भी दोनों ओर बने फुटपाथ भी सड़क में विलय कर दिये जायेंगे। जिससे जहां वाहनों के आवागमन हेतु सड़क की चौड़ाई बढ़ जाएगी। वहीं पैदल यात्रियों को भी समतल मार्ग पर चलने में सुविधा होगी। ठेकेदार ने बताया कि निर्माण कार्य को देखते हुए, चार पहिया वाहनों की आवाजाही को बैरिकेडिंग लगाकर पूरी तरह रोक दिया गया है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए कर्मचारियों को मौके पर तैनात किया गया है। नगर पालिका ने आश्वासन दिया है कि सड़क निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इसका उद्देश्य शहरवासियों को होने वाली असुविधा को न्यूनतम रखना और मार्ग को शीघ्रता से यातायात के लिए फिर से खोलना है। ज्ञात हो कि जल निगम द्वारा नई पाइपलाइन बिछाने के लिए तोड़ दी गई सड़कों की मरम्मत के बावजूद हालत इतनी बदहाल थी की पैदल राहगीरों व वाहनों का निकलना दूभर हो गया था। शाह टाइम्स समाचार पत्र में इस समस्या को प्रकाशित किया गया था। जिसका संज्ञान लेते हुए तत्कालीन एसडीएम आशुतोष जायसवाल ने जल निगम को सड़क के पुनः मरम्मत कार्य के लिए आदेशित किया था लेकिन जल निगम द्वारा मरम्मत कराने के कुछ समय उपरांत ही सड़क की स्थिति फिर से खराब हो गई थी।


### संबंध विच्छेद सूचना

हम अपने पुत्र मौहम्मद मतीन को गलत संगति के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करते है। उसके किसी भी कृत्य से हमारा कोई लेना देना नहीं हैं। वह अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। **नईम अहमद पुत्र सरफराज अहमद, गुलशन पत्नी नईम अहमद निवासीगण मोहल्ला तकीयागढ़ी पूर्वी, कस्बा व थाना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला-बिजनौर**

### नाम परिवर्तन सूचना

पूर्व में मेरा नाम TAHSIN था, जिसको मैंने बदलकर TAHSEEN कर लिया है। भविष्य में मुझे TAHSEEN के नाम से जाना-पहचाना जाए।

**तहसीन पुत्र हसीनुद्दीन मौहल्ला गुली तालाब नहटौर, तहसील धामपुर, जिला-बिजनौर, उत्तर प्रदेश**

# स्वयं की आय से पंचायतें बनेगी स्वावलंबी

## दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्रोत विषय पर पंचायत सहायक एवं ग्राम सचिवों का दो दिवसीय प्रशिक्षण उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के निर्देशन में विकास खण्ड सभागार धामपुर पर आयोजित किया गया।



प्रशिक्षण का शुभारंभ एडीओ पंचायत अनिल कुमार, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गिरीश शर्मा, ग्राम प्रधान, सचिव, प्रशिक्षक कुलवीर सिंह, मौहम्मद वसीम आदि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने त्रिस्तरीय पंचायत के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और पंचायत के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय किस प्रकार बढ़ाई जाये, मंथन करना था। जिसमे सभी प्रतिभागियों के द्वारा अच्छे सुझाव प्राप्त हुए। कार्यशाला का संचालन करते हुए कुलवीर सिंह द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 37 पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंचायतों की आय हेतु कर लगाने के प्रावधानों पर चर्चा की। इसी क्रम में पंचायतों की स्वयं की आय के गैर-कर तरीके जैसे- बाजार का पट्टा, तालाबों का पट्टा, पार्कों में ओपन जीम बनाकर, पुस्तकालय बनाकर। प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम के द्वारा जन सेवा केंद्र से शुल्क अथवा फीस, टूरिस्ट टैक्स, प्रीति के द्वारा कूड़ा कचरा प्रबंधन पर सुविधा शुल्क के द्वारा सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन एवं शुल्क अधिरोपण, गौशाला के उत्पादों से आय कर आदि उपायों से पंचायते अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है और अपनी पंचायतों को स्वावलम्बी बना सकती है। प्रशिक्षण में एडीओ पंचायत अनिल कुमार, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गिरीश, प्रशिक्षक कुल. वीर सिंह, मौहम्मद वसीम तथा पंचायत सहायक एवं पंचायत सचिव मौजूद रहे।

# आंदोलन पर एस्मा लगाना खेदजनक: चंद्रहास सिंह

## शीघ्र बनेगी बड़े आंदोलन की रणनीति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर की जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव के संचालन में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षक एवं कर्मचारी के आंदोलन पर एस्मा लगाना अत्यंत खेदजनक है। इससे लगता है कि सरकार कर्मचारी की समस्याओं को सुनना एवं समझना नहीं चाहती। अटेवा पुरानी पेंशन बहाली के लिए दृढसंकल्पित है। संगठन पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शीघ्र राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में बड़े आंदोलन की रणनीति को तैयार करेगा। क्योंकि पुरानी पेंशन देश के लाखों शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है। एनपीएस एवं यूपीएस केवल शिक्षकों एवं कर्मचारी के साथ पूंजीपतियों को मालामाल करने का षडयंत्र है। मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में संगठित होकर संघर्ष करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महिला विंग जिला अध्यक्ष वसीम बानो, भूपेंद्र चौधरी, मुजफ्फर इस्लाम, कुलदीप सिंह, सुशील कुमार, विजेंद्र कुमार, सिकंदर पाल सिंह, पुनीत गहलोत, ओमप्रकाश सिंह, मनोज कुमार, सुभाष चंद्र, आफताब अहमद, पंकज कटारिया, संजय कुमार, कुलवीर चौधरी, ज्ञानेंद्र चौधरी, पुनीत कुमार आदि संबोधित किया।

# रोडवेज बस और ट्रैक्टर की टक्कर, बड़ा हादसा टला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** बीती देर रात मुरादाबाद मार्ग पर गांव मकसूदपुर के पास रोडवेज बस और ट्रैक्टर की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। गनीमत रही कि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार मुरादाबाद की ओर से आ रही रोडवेज बस जैसे ही सैदपुर चौकी से आगे पहुंची, तभी सामने से स्योहारा की ओर से आ रहा ट्रैक्टर चालक अचानक मकसूदपुर की दिशा में वाहन मोड़ने लगा। अचानक मोड़ लिए जाने से बस चालक को संभलने का मौका नहीं मिला और दोनों वाहनों में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि रोडवेज बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस में सवार यात्रियों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। हालांकि किसी को कोई चोट नहीं आई। हादसे के चलते कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात बाधित रहा। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। धामपुर के क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। सभी वाहन सुरक्षित रूप से सड़क से हटा दिए गए हैं तथा मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

## छात्राओं ने विभिन्न वीरांगनाओं के स्वरूपों को किया प्रस्तुत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर बसेरा कुंवर में शनिवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। समाजसेवी अरुणेश कुमारी, पूर्व ग्राम प्रधान संध्या राजपूत, आचार्या पूनम गुप्ता, मृदुला रानी एवं पिंकी रानी ने सरस्वती माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



मुख्य वक्ता पूनम गुप्ता ने कहा की महिलाओं को पारिवारिक एकता एवं अखंडता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षा अरुणेश कुमारी ने बताया कि वर्तमान में समाज में महिलाओं की भूमिका सुदृढ़ हुई है। सरकार ने भी परिवार का मुखिया महिला को माना है, इसीलिए राशन कार्ड महिला के नाम पर ही इश्यू होता है। महिलाओं को स्वयं को मिले अधिकारों का प्रयोग करते हुए समाज को सशक्त एवं प्रगतिशील बनाने में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने भारतीय संस्कृति एवं समाज को अपने जीवन चरित्र से दिशा देने वाली विभिन्न प्रेरणादाई वीरांगनाओं जैसे रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई होल्कर, जीजाबाई आदि की वेशभूषा धारण करके उनके प्रेरणादायक संदेशों की प्रस्तुति की। अंत में विद्यालय की प्रशासनिक समिति के प्रतिनिधि अंकित राणा एवं प्रधानाचार्य पीतांबर सिंह द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर उनका आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका कविता चौहान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षिका नीलम, रुचि, नीशू, दीपा गौड़, रितिका शर्मा, रेखा देवी, कामिनी, पारुल राजपूत आदि मौजूद रहे।

# ऑल सेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गोष्ठी







## छात्रों के विचारों को शिक्षकों ने जमकर सराहा

**शाह टाइम्स संवाददा**

**शेरकोट।** नगर के ऑल सेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 'लोकतांत्रिक देशों में अव्यवस्था एवं भ्रष्टाचार का बोलबाला' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अनेक छात्रों ने उक्त विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। जिन्हें उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सराहा।

छात्र मतराज ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोच्च होती है, लेकिन भ्रष्टाचार के बढ़ने से लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर हो जाती है। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक नहीं पहुंच पाता, जिससे जनता का विश्वास टूटता है। छात्रा अलफिशा ने अपने वक्तव्य में कहा कि लोकतांत्रिक देशों में अव्यवस्था का सबसे बड़ा कारण भ्रष्टाचार है। रिश्वतखोरी और पक्षपात के चलते कानूनों का सही ढंग से पालन नहीं हो पाता। उन्होंने समाज में नैतिक शिक्षा और ईमानदारी को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

छात्रा कनिका ने कहा कि भ्रष्टाचार और अव्यवस्था विकास में बाधा बनते हैं। लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब शासन व्यवस्था जबावदेह हो। उन्होंने सभी को गलत कार्यो के खिलाफ आवाज उठाने तथा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने का संदेश दिया। गोष्ठी के अंत में निर्णायकों शिक्षक दीपक एवं नूर अफ्शा द्वारा छात्र मतराज को प्रथम, अलफिशा को द्वितीय तथा इकरा, कनिका एवं वैशाली को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान घोषित किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक शादाब खान ने छात्रों के विचारों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी चर्चाएं युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती हैं।

प्रधानाचार्य पी.एस. चौहान ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षक शबनम परवीन, महरोज खान, फिरोज खान, सालिम शेख, अमित, सदफ, निशात अन्जुम, इकरा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का सुन्दर संचालन शिक्षिका संगीता शर्मा ने किया।

# ट्रक चालकों के लिए साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम

## प्रभारी निरीक्षक ने ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा मिल परिसर में ट्रक चालकों एवं वाहन मालिकों के लिए एक विशेष साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने किया। इस दौरान ऑनलाइन ठगी से बचाव के व्यावहारिक उपायों की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ट्रक चालक, वाहन स्वामी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर ठग भोले-भाले लोगों को फर्जी कॉल, बैंकिंग अपडेट, केवाईसी, सोशल मीडिया अकाउंट, इनाम, सरकारी योजनाओं तथा फर्जी लिंक के माध्यम से ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में सतर्कता और जागरूकता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे सशक्त माध्यम है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने उपस्थित चालकों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी, बैंक खाता विवरण, एटीएम नंबर या पिन किसी को भी न बताएं। इनाम, बिजली बिल, वैक्सीनेशन, लोन या सरकारी योजना के नाम पर आने वाले कॉल और संदेशों से सावधान रहें। सोशल मीडिया पर मिलने वाले संदिग्ध मैसेज और कॉल्स की तुरंत जांच करें।

उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाता है तो वह बिना समय गंवाए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराए। समय पर शिकायत करने से ठगी गई धनराशि को रोके जाने और वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने चालकों से अपील की कि वे डिजिटल सुरक्षा को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उपस्थित वाहन चालकों और मालिकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने की मांग की।

इस अवसर पर एसएसआई सुरजीत कुमार, हेड कांस्टेबल सत्येंद्र सिंह, कांस्टेबल मोनू कुमार, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, बबलू सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कृष्णा फार्मेसी कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन

## मैनकाइंड फार्मा के ऑपरेशंस मैनेजर अरुण कुमार चौहान ने किया मार्गदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** स्थित कृष्णा फार्मेसी कॉलेज में आज मैनकाइंड फार्मा के सहयोग से छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अंकित कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के मन से नौकरी को लेकर होने वाले डर और अनिश्चितता को दूर करना था।





इस कार्यशाला में मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड के ऑपरेशंस मैनेजर और 15 मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स के क्लस्टर लीड, अरुण कुमार चौहान मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि अरुण कुमार चौहान, कॉलेज के संस्थापक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, संस्था निदेशक पवन कुमार और प्राचार्य डॉ. अंकित कुमार द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि अरुण कुमार चौहान ने छात्रों को संबोधित करते हुए उद्योग की बारीकियों, कंपनी की अपेक्षाओं और करियर में सफलता के मूलमंत्र साझा किए। उन्होंने छात्रों को नौकरी के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने और निरंतर सीखने पर जोर दिया।

कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा, 'गुरु केवल आपको शिक्षा दे सकता है, उसका उपयोग कैसे करना है यह आपके ऊपर निर्भर करता है।' उन्होंने प्रसिद्ध उद्हारण दोहराया, 'सीखना बंद तो जीतना बंद।' प्राचार्य डॉ. अंकित कुमार ने अपने संबोधन में छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि शिक्षक से सवाल करना अच्छी बात है, क्योंकि यह आपको ज्ञान के मार्ग की ओर ले जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने की प्रेरणा देते हुए कहा, 'पढ़ना कभी भी बंद न करें, क्योंकि ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती। सोचने में समय व्यर्थ मत कीजिए, अभी अपना कार्य प्रारंभ कर दें।'

कार्यक्रम को सफल बनाने में फार्मेसी विभाग के प्रोफेसर डॉ. विवेक वर्मा एवं समस्त प्रवक्ता मौहम्मद खालिद, सीमा त्यागी, दीपिका पाल, दीपक कुमार, डॉ. अमिनसिफत, नीरज चौहान, पीयूष कुमार, पूजा उपाध्याय, सरिता, विपुल कुमार, शेर सिंह, रजिस्ट्रार हिमांशु शर्मा, रामेन्द्र कुमार, आतिफ, रिहान, मोनू कुमार आदि का सक्रिय योगदान रहा।

## एक नजर

### भाकियू टिकैत मजबूत संगठन: हनीफ



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लॉक जलीलपुर क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ ने कहा है कि हमारी यूनियन किसानों की समस्याओं के समाधान एवं जनहित में हमेशा साथ खड़ी है। मीडिया प्रभारी ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन नेता के अनेक ग्रुप है, लेकिन हम अपने ग्रुप के हर मेंबर को पूरा सम्मान देते हैं। उन्होंने कहा कि शुगर मिल आजकल समय पर किसानों को गन्ना भुगतान नहीं कर पा रही है, जिससे किसान को अपना घर परिवार चलाने एवं कृषि कार्य में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मिल प्रबंधक वर्ग से शासनादेश अनुसार किसानों से खरीदे जा रहे हैं गन्ने का भुगतान 14 दिन के भीतर ही कराये जाने की मांग की है।

### शिवसेना यूबीटी की बैठक



**चांदपुर।** युवा सेना शिवसेना यूबीटी की जिला कार्यकारिणी की बैठक ग्राम तालिबपुर में आयोजित की गई। बैठक में युवा सेना शिवसेना के विस्तारीकरण एवं संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक मे सीनियर कार्यकर्ताओं को पद भी सौंपे गए। कार्यकारिणी की बैठक में आदेश त्यागी निवासी तालिबपुर को युवा सेना शिवसेना जिला उप प्रमुख, प्रिंस सैनी तहसील महासचिव, रोहित सैनी जिला उप प्रमुख, गौरव सैनी तहसील सचिव, नरेश सैनी तहसील प्रभारी, जितेंद्र सैनी तहसील उप प्रमुख, अंकित सैनी तहसील उप प्रमुख पद प्रदान किए गये। शिवसेना युवा सेना जिला प्रमुख विकास त्यागी ने पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए आशा व्यक्त की केवल युवा सेवा शिवसेना को और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि नव मनोनीत पदाधिकारियों से युवा सेना शिवसेना की विचारधारा के अनुकूल समाज सेवा करने का आह्वान किया। इस दौरान नकुल देओल, जयदेव त्यागी, कपिल कुमार, रोहित सैनी, अंकित सैनी, आयुष त्यागी, नरेश सैनी, आदेश त्यागी, प्रिंस सैनी, सार्थक त्यागी, जिगर त्यागी, देव त्यागी, युग त्यागी, जितेंद्र सैनी, गौरव सैनी, आदेश त्यागी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### फादरसन में ज्ञानवर्धक कार्यक्रम



**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए इफेक्टिव एंड इन्नोवेटिव टीचिंग इन क्लास रूम पर एक अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की प्रशिक्षक रहीं मीनू भार्गव जो कि एक अनुभवी काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट एवं फ्रीलांस ट्रेनर हैं। सत्र के दौरान मीनू भार्गव ने कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक, प्रभावशाली एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने के लिए अनेक व्यावहारिक एवं नवाचारी उपाय साझा किए। शिक्षकों ने इस सत्र से बहुत कुछ सीखने का अनुभव किया और इसे अपने शिक्षण कार्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। कार्यक्रम के अंत में प्रिधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने मीनू भार्गव का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सभी शिक्षकों को प्रोत्साहित किया कि वे सत्र में दिए गए सुझावों एवं तकनीकों को अपनी कक्षा शिक्षण प्रक्रिया में अवश्य अपनाएं। यह सत्र शिक्षकों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुआ और विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। यह जानकारी विद्यालय के ही यतिन शर्मा ने दी है।

### भाकियू टिकैत का धरना जारी



**नहटौर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक परिसर में तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रखा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत वन विभाग, पुलिस तहसील व ब्लॉक स्तर की समस्याओं के समाधान नहीं होने पर धरना प्रदर्शन कर रही है। धरना प्रदर्शन में सोमवार को कड़े निर्णय लेने का ऐलान किया गया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक किसानों की समस्या का समाधान नहीं होगा, धरना-प्रदर्शन चलता रहेगा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश कुमार अहलावत, नगर अध्यक्ष रिंकू राठी, मास्टर विजयपाल सिंह, विकास कुमार, राजकुमार सिंह, बलराम सिंह, जहीन अहमद, अयूब, डॉ. विजय सिंह, कुलदीप कुमार, देवेंद्र कुमार, प्रीतम सिंह, रचित कुमार, दयाराम सिंह, इकबाल अहमद आदि मौजूद रहे।

### गौवंश से टकराई बाइक, दो घायल



**अफजलगढ़।** रेहड़ क्षेत्र में बीती देर रात आवारा गोवंश से एक बुलेट टकरा गई। इस दौरान बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं घायलों की पहचान क्षेत्र के ग्राम मानियावाला निवासी इमरान पुत्र ताहिर और उस्मान अहमद पुत्र इदरीश अहमद के रूप में हुई। घटना वादीगढ़ कल्लू वाला मार्ग पर ग्राम जयसिंह जोत स्थित पॉलीक्लिनिक सेंटर के समीप हुई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को पीएचसी कासमपुर गढ़ी में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं पुलिस का कहना है घटना की जांच की जा रही है।

### जिला सभा की बैठक संपन्न

**बिजनौर।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बिजनौर की अंतरंग की एक बैठक आर्य समाज फीना में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान चंद्रपाल सिंह आर्य ने और संचालन जिला मंत्री राजपाल सिंह आर्य ने किया। बैठक की शुरुआत प्रार्थना से की गई। बैठक में कोटि धन संग्रह, निष्क्रिय आर्य समाजों को सक्रिय किए जाने और प्रदेश के संगठन के परिवर्तन पर चर्चा करते हुए शुभ बताया। बैठक को रमेश सिंह आर्य, घासी राम आर्य, लवकुश कुमार आर्य, अमित कुमार आर्य, सुबोध कुमार आर्य, राम सिंह आर्य, रामेंद्र सिंह आर्य, विक्रमदेव आर्य आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर चंद्र प्रकाश आर्य, प्रमोद कुमार गुप्ता, रामसिंह आर्य सरकथल, धीरेश बहादुर राजपूत, शमशेर सिंह आर्य, नवनीत कुमार आर्य, सुरेंद्र सिंह आर्य आदि उपस्थित रहे।

# वित्त विहीन शिक्षकों को मिले समान वेतन

शाह टाइम्स संवाददाता

○ पद सृजन और अनमोदन के अभाव में रोजी रोटी पाकर भी मोहताज

**बबराला।** वित्तविहीन शिक्षकों ने पूर्ण कालिक शिक्षक के दर्जे का समान कार्य के लिए समान वेतन सहित कई मांगों को लेकर अपनी आवाज को केंद्र और राज्य सरकार तक पहुंचाने को लेकर जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन देने को कहा।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा में तीन चौथाई भागीदारी करने वाले वित्त विहीन शिक्षक अपनी सेवा सुरक्षा के अभाव में रोजी पाकर भी रोटी के मोहताज हैं। जबकि सन 1986 के बाद मान्यता प्राप्त विद्यालयों में पद सृजन और अनुमोदन के अभाव में शिक्षकों की दुर्दशा लगातार बनी हुई है। उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय के विभिन्न चरणों में समान कार्य के लिए समान मानदेय करने का निर्णय दिया जा चुका है। इसलिए देश के अन्य राज्यों में वित्त विहीन शिक्षकों को 18000 रूपये प्रतिमाह से कम मानदेय नहीं दिया जा रहा है लेकिन उत्तर प्रदेश में वित्तविहीन विद्यालय के कई लाख शिक्षक आज भी भुखमरी के कगार पर हैं। बैठक में मांग की गई कि वित्तविहीन शिक्षकों को सहयोग कर उनकी आवाज को राज्य व केंद्र सरकार तक पहुंचा जाए। इसके लिए जनप्रतिनिधियों को स्वंय भी संज्ञान लेना चाहिए। वह भी सांसद, विधायक व मंत्रियों को ज्ञापन सौंपेंगे। इस दौरान संजय शर्मा, नेत्रपाल सिंह, योगेन्द्र सिंह, एके शर्मा,चंद्रपाल आदि रहे।

## कोहरे में कई वाहनों की आपस में हुई भिड़ंत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सुबह देर तक पड़े कोहरे में कई वाहनों की आपस में भिड़ंत हो गयी। गनीमत रही कि कोहरे के कारण धीमी गति से चल रहे एक दूसरे से टकराये वाहनों में सवार मामूली रूप से घायल हुए। जिन्हे आसपास उपचार दिया गया।

# करोड़ों की वाली सरकारी ज़मीन को कौढ़ियों की निजी ज़मीन से बदला

शाह टाइम्स ब्यूरो

○एक ही दिन में कर दिए तीन आदेश
○एसडीएम की भूमिका पर उठने लगे सवाल
○सरकार को लगा करोड़ों का चूना
○कैलादेवी में थाना भवन का होना है निर्माण

**सम्भल।** उपजिलाधिकारी ने मुजाहिदपुर में ग्राम समाज की भूमि का विनिमय निजी भूमि के सम्बंध में किए जाने के आदेश के विरूद्व शासकीय अधिवक्ता ने पुर्नस्थापना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। चर्चा है कि वेषकीमती ग्राम समाज की भूमि को निजी भूमि के मालिक के पक्ष में विनिमय कर सरकार को करोड़ों रूपये की राजस्व की क्षति पहुंचायी गयी है। दिलचस्प बात यह है कि पीठासीन अधिकारी ने एक ही दिन में तीन एक पक्षीय आदेश पारित किये, जबकि मामले में सरकार भी पक्षकार है। संक्रमणीय भूमिधर श्रृषिराज गिरि भी दूसरे पक्षकार हैं।

ग्राम मुजाहिदपुर में थाना कैलादेवी का संचालन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से किया जा रहा है,क्योंकि पुलिस विभाग के पास अपना कोई आवासीय व अनावासीय भवन नहीं है। पुलिस विभाग काफी समय से थाने के लिए नये भवन का निर्माण कराने के प्रयास में जुटा हुआ है। दो साल पूर्व गांव की प्रधान मायादेवी ने तहसीलदार के के समक्ष ग्राम समाज की भूमि पर नया थाना भवन का निर्माण करने के लिए भूमि के विनिमय करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। जिसको लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गयी। कोड़ियों की कीमत वाली भूमि के बदले ग्राम समाज की वेषकीमती भूमि हड़पने के प्रयास शुरू हो गए। कैलादेवी मंदिर के महंत श्रृषिराज गिरि ने अपनी भूमि का विनिमय ग्राम समाज की भूमि से कराने की मुहिम शुरू कर दी। नौकरशाही हरकत में आते ही पूरा राजस्व प्रशासन चहेते को लाभ पहुंचाने की मुहिम में जुट गया। उधर अधिवक्ता राजेश कुमार खड्गवंशी ने डीएम व आयुक्त से लेकर उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के सचिव को शिकायती पत्र प्रस्तुत कर ग्राम समाज को पहुंचने वाली राजस्व क्षति रोकने के लिए ऐंड़ी से चोटी का ज़ोर लगाया। जिसके बाद डीएम ने अधीनस्थों को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के आदेश दिए। लेकिन जांच की कार्रवाई में भी खेल कर दिया। जिसके विरूद्ध अधिवक्ता ने गलत आख्या को निरस्त करने की मांग अधिकारियों से की। इतना ही नहीं शासकीय अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह ने भी अपनी आपत्ति पीठासीन अधिकारी के समक्ष दर्ज कराते हुए सरकार को पहुंचने वाली राजस्व क्षति को रोकने की मांग की थी। इसके बाद तत्कालीन उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा ने भूमि विनिमय के मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। उपजिलाधिकारी सम्भल के न्यायालय में विचाराधीन राजस्व वाद सं. 422/2024 को पीठासीन अधिकारी रामानुज ने गत एक दिसम्बर को अदम पैरवी व साक्ष्य के अभाव में निरस्त कर दिया। इसी दिन इसी भूमि से सम्बंधित दूसरे वाद संख्या 9591/2025 को अन्तिम रूप से निस्तारित करते हुए भूमि गाटा सं. 1084 रकबई 0.073 है. गाटा सं.1091 रकबई 0.595 तथा गाटा सं. 1090 रकबई 0.166 है. में से 0.083 है. कुल रकबा 0.791 है. को श्रेणी 1-क/भूमि संक्रमणीय भूमिधार के अधिकारों को खारिज कर श्रेणी 5(3)ग (कृषि योग्य बंजर आदि) के खाते में एवं आराजी गाटा. सं. 917 मिनजुमला रकबा 6.664 है. में से 0.751 है. को श्रेणी 5(3)ग कृषि योग्य बंजर आदि से खारिज कर महंत श्रृषिराजगिरि पुत्र बाबा रतन गिरि के रूप में दर्ज कर दिया। आदेश में कहा गया है कि तहसीलदार सम्भल की आख्या दिनांक 21.11.2025 इस आदेश का अंग रहेगी। तथा आदेश की प्रतिलिपि तहसीलदार सम्भल को अमल दरामद के लिए भेजने के भी आदेश दिए। उधर शासकीय अधिवक्ता राजस्व नरेन्द्र कुमार ने बताया कि एसडीएम का यह आदेश एक पक्षीय है। जिससे ग्राम समाज को असीम हानि होगी। इस वाद में नियमानुसार ग्राम समाज व राज्य सरकार को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है। इस सम्बंध मे 12 दिसम्बर को पुर्नस्थापना प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी को प्रस्तुत कर आदेश दिनांक 1.12.25 को पुर्नस्थापना करने की मांग की गई है। वहीं अधिवक्ता राजेश कुमार खड्गवंशी का कहना है कि नियमानुसार उपजिलाधिकारी को 40 लाख रूपये अधिक मूल्य की भूमि विनिमय करने के मामले को सुनने का अधिकार नहीं है। एक ही दिन में एक ही भूमि के दो मामले अदम पैरवी में तथा एक मामला सरकार व ग्राम समाज के विरूद्व पारित किये जाने से पीठासीन अधिकारी की भूमिका संदिग्ध हो गयी है। उनका कहना है कि ग्राम समाज की गाटा सं. 917 मिनजुमला पर प्राथमिक विद्यालय, गौ संरक्षण केन्द्र, पशु चिकित्सालय, पानी की टंकी, मंदिर व तीनों और लिंक मार्ग जबकि एक तरफ आबादी स्थित होने के बावजूद कृषि भूमि दर्शाकर मूल्यांकन किया गया है। जिसके चलते विनिमय की गई भूमि से ग्राम समाज को करीब 4,71,62, 800 रूपय की हानि होने का अनुमान है।

# विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शिक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर के रामा कान्वेंट स्कूल में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा, हेलमेट पहनना और जीवन बचाने वाले उपायों के बारे में जानकारी दी गई। स्कूल प्रधाानाचार्य सुधा गौतम ने ओवरस्पीड और नशाखोरी को सड़क हादसों का प्रमुख कारण बताया। विद्यार्थियों को मोबाइल पर बात न करने, तेज रफ्तार और नशे में वाहन न चलाने, सीट बेल्ट और हेलमेट पहनने की अपील की गई और अंत में उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## अब सट्टे का कारोबार भी हुआ हाईटेक

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** सटटा कारोबारियों पर कसे गए शिकंजे का सटोरियों ने तोड़ निकाल लिया है। कॉपी पैन्सिल को ताक पर रखकर मोबाइल सटटा कारोबार उनका हथियार बन गया है। प्रदेश में योगी सरकार बनते ही सटटे के कारोबार पर लगाम लगा दी गई थी। सटोरियों को जेल में ठूंसने से कारोबार पर काफी असर पड़ गया था। लेकिन अब खाइबाड़ों ने हाईटेक दौर में मोबाइल से सटटे का कारोबार शुरू कर दिया है।

# सीआईसी में नौकरशाह बैठाने से कमज़ोर होगा आरटीआई कानून: शुक्ला

○किसी भी आरटीआई कार्यकर्ता को नहीं बनाया सूचना आयुक्त

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सूचना का अधिकार कार्यकर्ता एसोसिएशन रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला एड. का कहना है कि केन्द्रीय सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त समेत सूचना आयुक्तों की नियुक्ति में किसी भी ऐंसे व्यक्ति को आयुक्त नहीं बनाया गया है जो सूचना का अधिकार के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखता है। नौकरशाहों को सूचना आयोग की कमान सोंपकर सरकार ने अपनी मंशा को ज़ाहिर कर दी है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय पैनल ने जिन आठ नये सूचना आयुक्तों के नामों की सिफारिश की थी, उनमें अधिकांशत: नौकरशाह हैं। उनमें कोई भी ऐंसा व्यक्ति शामिल नहीं है जिसने आरटीआई के क्षेत्र में काम किया है और जो आरटीआई एक्ट में विशेषज्ञता रखता है। हालांकि इस पैनल में मुख्य विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी भी शामिल थे। नवनियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त समेत आठ आयुक्तों की नियुक्ति से सरकार की मंशा पर सवाल उठने स्वभाविक हैं। उन्होने कहा कि पहले से ही आरटीआई कानून को काफी कमज़ोर कर दिया गया है और आयुक्तो पर दबाव में काम करने के तमाम तरह के आरोप लगते रहे हैं। ऐंसे में केन्द्र सरकार ने किसी भी आरटीआई कार्यकर्ता को सूचना आयोग से दूर रखकर नौकरशाहों को केन्द्रीय सूचना आयुक्त की कमान सौंपकर कोई अच्छा संदेश नहीं दिया है। उनका कहना है कि भृष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 2005 में जो कानून बनाया था। अब उसके क्रियानवयन की जिम्मेदारी ऐंसे नौकरशाहों को सौंपी गयी है जो पहले से ही आरटीआई कानून के प्रति नकारात्मक सोच रखते हैं और हरदम उसे कमज़ोर करने में लगे रहे हैं। श्री शुक्ला ने उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि अब सूचना आयुक्त जनपदों में समीक्षा के नाम पर जो दौरे कर रहे हैं उसमें समीक्षा के नाम पर जन सूचना अधिकारियों को सूचना उपलब्ध न कराने के गुर सिखाये जा रहे हैं। यही वजह है कि आयोग में आवेदकों को न्याय मिलना मुश्किल हो रहा है। उन्होने बताया कि कुछ आयुक्त प्रदेश के जनपदों में जाकर जन सुनवायी करने की तैयारी कर रहे थे। जब यह मामला मुख्य सूचना आयुक्त के संज्ञान में आया तो उन्होने ऐंसे आयुक्ताओं की अरमानों पर पानी फेर दिया।

## चापलूस मलाइदार पदों से नहीं रहते दूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर पालिका में भृष्टाचार कमीशन खोरी से ही नहीं चलता,बल्कि पटल सौंपने पर भी चलता चला आ रहा है। मेहनती व ईमानदारों को मलाईदार पटलों से दूर रखा जाता है,जबकि भृष्टाचार में प्रथम माने जाने वाले अपने मनचाहे पटलों को पाने में किसी न किसी तरह जुगाड़ पानी करके कामयाब हो जाते है। ऐंसे लोग जी हुजूरी करने के साथ अपने ही साथियों की बुराई करने में जरा हिचक महसूस नहीं करते।

## मिल प्रबंधन को किसी बड़े हादसे का इंतेज़ार

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** बीते वर्षो से अब तक मिल चौराहे पर कई बार हादसे होते रहे हैं। फिर भी धामपुर बायो ऑर्गेनिक असमोली ने सबसे व्यस्ततम रहने वाले चौराहे से अलग हटकर इन भारी वाहनों के आवागमन के लिए कोई दूसरा मार्ग तय क्यों नहीं किया क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही नींद टूटेगी?

चौराहे पर स्थित दुकानदारों के अनुसार किसान इण्टर कालेज असमोली के बराबर से भी मिल के लिए रास्ता जाता है। जिस पर इस तरह के हादसे का कोई खतरा नहीं है यदि उधर से सिर्फ भारी वाहनों को मिल की तरफ भेजा जाए तो इस घनी आबादी वाले स्थान से एक बड़ा हादसा होने का खतरा टाला जा सकता है। दूसरी तरफ मिल प्रबंधन को गन्ना लाने के लिए चल रहीं कुछ जर्जर हालत की गाड़ियों का भी संज्ञान लेना चाहिए तथा संभल परिवहन विभाग भी सक्रिय होकर सुनिश्चित करे कि ऐसी गाड़ियां कितना भार भर कर रोड पर चल सकती है तथा उसके कागजात भी पूर्ण हैं या नहीं।क्या 35 टन से 40 टन तक का भार जो गन्ने के रूप में ट्रक द्वारा मिल में लाया जा रहा है।



सम्भल- धनारी अम्बेडकर पार्क पर बैठक करमे अ. भा. अ. युवक संघ के कार्यकर्ता।

# बाबा साहेब का मिशन बढ़ाने का संकल्प

शाह टाइम्स ब्यूरो

○ अ भा. अ. युवक संघ पार्क के जीर्णोद्वार को देगी प्रार्थना पत्र

**सम्भल।** अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ की बैठक में भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जीवन शैली और मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

धनारी स्थित बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क पर मास्टर नौबत सिंह की अयक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाबा साहब भीमराव अंबेडकरजी की जीवन शैली व मिशन को आगे बढ़ाने संकल्प लिया और जो बाबा साहब की प्रतिमा पार्क में स्थित है उस पार्क व मूर्ति का जीर्णोद्वार सौंदर्यकरण के बारे में अग्रिम तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देने का निर्णय लिया। बैठक में सोनपाल नेताजी, रमेश चंद्र प्रधान, सुरेंद्र सिंह गौतम, नौबत सिह, कृपाल, राम तीरथ, रामकिशोर, डा. राधेश्याम, राजकुमार, मोहर सिंह, श्याम बाबू, ओमेंद्र, यादराम, नाथू सिंह, रूप किशोर, छन्नू सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नज़र इधर भी

### अपराधियों को नहीं जायेगा बख्शा: राजीव

शाह टाइम्स संवाददाता



**बबराला।** गुन्नौर कोतवाली के नवागत कोतवाल राजीव कुमार ने कार्यभार ग्रहण कर लिया।अधीनस्थों को आवश्यक दिशानिर्देश दिये।नवागत कोतवाल राजीव कुमार ने गुन्नौर कोतवाली का चार्ज सम्भाल लिया। उनका पुलिस कर्मियों ने स्वागत किया।नवागत कोतवाल ने बताया कि उनकी प्राथमिकता अपराधियों को पकड़ने पर होगी।जिससे अपराधा नियंत्रण में रहें।पीड़ित को न्याय मिलेगा। जबकि दोषी बख्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने सभी व्यक्तियों को अपनी समस्याओं से नि:संकोच अवगत कराने को कहा। जिससे समस्या समाधान किया जा सके। उन्होंने पुलिस कर्मियों को भी दिशा निर्देश दिये।इस अवसर पर पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### कोहरा शुरू सफेद चादर से ढंका क्षेत्र

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** सुबह सवेरे कोहरे ने वाहनों की गति को धीमा कर दिया वहीं कोहरे से नगर सफेद चादर से ढंक गया।

नगर क्षेत्र में घने कोहरे का असर शुरू हो गया है, जिससे विजिबिलिटी महज 10 मीटर रह गई है। कोहरे के कारण वाहनों की रफ्तार थम गई है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया है। विजिबिलिटी 10 मीटर रह गई। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री पर पहुंच गया। हाइवे पर वाहनों की रफ्तार थम गई। लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। कोहरे के कारण लोगों को सावधानी से वाहन चलाने की सलाह दी गई है।

### प्रदेशाध्यक्ष बनने पर भाजपा में हर्ष

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंकज चौधरी मंत्री भारत सरकार को उत्तर प्रदेश भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त किया। एक दूसरे को मिठाई खिलाई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से प्रदेश में भाजपा मजबूत होगी। वह प्रदेश में भाजपा को मजबूती प्रदान करेंगे। प्रदेश में संगठन को मजबूत करने में सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। भाजपा नेतृत्व ने तभी उन पर विश्वास जताया है। वह कई बार से सांसद हैं। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुन्नौर इंदीवर सिंह, जूलियस सीजर, हर्षित वार्ष्णेय, उमेशचंद्र आदि रहे।

### सपाई आज उपजिलाधिकारी को सौंपेंगे ज्ञापन

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** सपा जिला सचिव सइद अख्तर के नेतृत्व में कल आज उपजिलाधिकारी को पॉच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा जायेगा। यह जानकारी सईद अख्तर इसराईली ने दी।


सम्भल-वोट चोर गद्दी छोड़ दिल्ली में रैली के लिए रवाना होते कांग्रेसी।

### रैली में शामिल होने दिल्ली रवाना हुए कांग्रेसी

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित वोट चोर, गद्दी छोड़ महारैली को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष हाजी मोहम्मद आरिफ के नेतृत्व में दिल्ली को रवाना हुए। करीब 500 कार्यकर्ता लग्जरी वाहन एवं बसों से रवाना हुए और दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व तमाम नेता को सुनकर संकल्प लिया कीस इस बार उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी भाजपा को 2027 के विधानसभा चुनाव में हटाने का काम करेगी। देश में भी आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार होगी। अब वोट चोर की मोदी सरकार की राजनीति नहीं चलेगी। जनता स्वच्छ मतदान चाहती है, कांग्रेस भाजपा को एसआईआर में वोट की चोरी को रोकने का काम करेगीस इस मौके पर मुशीर खान तरीन आरिफ तनवीर खान, हाजी अशरफ अंसारी, संजीव कुमार साहू सतपाल यादव इरफान भाई विनोद साथी डीके वाल्मीकि छिददा खां अंजार मंसूरी डा. सलाउद्दी,कोस्तुभ रस्तोगी दाऊद पाशा सलमान तुर्की कोस्तुभ रस्तोगी साबिर अली अनीस मंसूरी फुरकान कुरैशी सरफराज नोमान हैदर राशिद हुसैन सैफी विशु चौहान जीशान अंसारी इशरत जहां रानी परवीन खतेजा जितेंद्र सिंह सुनील यादव जयप्रकाश सहगल बब्बू खान रंजन नादिर नासिर हुसैन अकील अहमद अंसार अब्बासी जीशान अंसारी कमाल फरहत महमूद हसन हारून अंजार तुर्की सतेंद्र एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

# इंद्रा चौक पर नाला सफाई के लिए चार पहिया वाहनों का प्रवेश रहा बंद

शाह टाइम्स संवाददाता

○कम चौड़ाई के कारण नाला चौक होने की बनी हुई है समस्या

**बबराला।** नगर के रेलवे स्टेशन मार्ग पर लंबे समय से नाले की कम चौड़ाई होने के कारण नाले चौक होने की समस्या बनी हुई थी।

इस मार्ग पर मुख्य बाजार संचालित होने से रोजाना बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए आते-जाते हैं, लेकिन नाले के जाम होने पर पानी सड़क पर फैल जाता था। विशेषकर बारिश के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती थी। इसी समस्या को देखते हुए। नाले की सफाई और खोदाई का कार्य शुरू करा दिया गया। खोदाई के दौरान मार्ग पर यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए बबराला इंद्रा चौक पर यातायात पुलिस ने चार पहिया वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया है। दोपहिया वाहनों और पैदल यात्रियों के लिए वैकल्पिक मार्ग से गुजरने की सुविधा दी गई है। रेलवे फाटक के निकट स्थित रामलीला ग्राउंड से लगभग चार सौ मीटर तक नाले की खोदाई कर उसके बाद निर्माण कार्य किया जाएगा।

## बिचौलियों की भेंट चढ़ती है योजनाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गरीबों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पात्र नही उठा पाते। जानकारी के अभाव और भृष्टाचार के दलदल के कारण महिलाओं को मिलने वाली योजनायें बिचौलियों की भेंट चढ़ जाती हैं।

केन्द्र और प्रदेश सरकार की और से महिलाओं के विकास और उनके उत्थान के लिए अनेको लाभकारी योजनायें हर वर्ष संचालित की जाती हैं,लेकिन इन योजनाओं का लाभ पात्रों को नही मिल पाता। ऐंसी अनेको योजनाएं जों अपात्रों की जेब गर्म करती हैं। विभागो में फैले भृष्टाचार और बढ़ते बिचौलियों के वर्चस्व के चलते या तो आवेदन अफसरों की मेज़ तक पहुंच नही पाते या फिर वह रिपोर्ट तक सीमित होकर रह जाते हैं। बिचौलियों के बिना आवेदनो को मंजूर नही किया जाता जबकि अपात्रों के नाम योजनायें आसानी से स्वीकृत हो जाती हैं।

# मिशन शक्ति टीम ने लिया फीडबैक

○गांव-गांव जाकर दी जानकारी

शाह टाइम्स,ब्यूरो


सम्भल- मिशन शक्ति के तहत शिकायत का फीडबैक लेती महिला पुलिसकर्मी।

**सम्भल।** कैला देवी थाने से मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ही रोरादीप और इकौना गांव में पहुंच कर महिलाओं तथा लोगों को जागरुक करते हुए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी तथा पीड़िताओं से प्रार्थना पत्र फीडबैक लेते हुए मिशन शक्ति केंद्र का सीयूजी नंबर चस्पा किया।

मिशन शक्ति टीम से महिला कांस्टेबल ममता तथा रजत चौधरी द्वारा थाना क्षेत्र के ही रोरादीप और इकौना गांव में पहुंचकर प्रार्थना पत्र देने वाली पीड़ितों से फीडबैक लेते हुए अन्य महिलाओं को भी जानकारी देते हुए जागरूक किया तथा मिशन शक्ति केंद्र सीयूजी नंबर चस्पा किया और किसी प्रकार की समस्या होने पर सीयूजी नंबर पर संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। गांव के लोगों को एकत्रित कर हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी तथा मिशन शक्ति के बारे में जागरूक किया। लोगों को साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सचेत किया और जागरूक रहने की अपील की तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर सीयूजी नंबर पर संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। जबकि किसी भी समय पुलिस ही सहायत मांगने पर तत्काल उपलब्ध होने का भरोसा दिलाया। मिशन शक्ति की कांस्टेबिल ने महिलाओं से भयमुक्त होकर रहने व अपराध के खिलाफ आवाज हमेशा बुलंद रहने को भी प्रेरित किया।

**ओवर हैड टैंक के साथ सड़कें खोदकर बिछा दी गई है पाइप लाइन**

# ग्रामीण आज भी पैयजलापूर्ति से वंचित

शाह टाइम्स ब्यूरो

○गांव-गांव निर्मित ओवर हैड टैंक सफेद हाथी बने

**सम्भल।** जल शक्ति मिशन योजना के तहत गांव-गांव बने ओवरहैड टैंक अभी भी सफेद हाथी बने खड़े हुए है। जबकि ग्रामीणों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने को ओवरहैड टैंकों के निर्माण काफी तीव्र गति से कराया गया था।

प्रदेश भर में हर घर जल पहुंचाने की योजना चलाई जा रही है। जिसके तहत जनपदों के हर विकासखंड में ओवर हैड टैंक को निर्माण कराया गया है। जिससे कि हर व्यक्ति के घर आसानी से जल पहुंच सके, लेकिन ओवर हैड टैंकों का निर्माण कार्य पूरा हुए काफी समय बीत गया मगर ग्रामीए अभी शुद्व पैयजल से वंचित है। सफेद हाथी बने खड़े ओवरहैड टैंकों के निर्माण कार्य शुरू कराने के साथ गांव की गली-गली सड़कें खोदकर पाइप लाइन बिछा दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद पैयजल की आपूर्ति नहीं दी जा रही। जबकि ओवर हैड टैंक एक विशाल निर्माण कार्य है लेकिन टैंकों के निर्माण का काम पूरा होने के बावजूद उससे ग्रामीणों को पैजलापूर्ति नहीं दी लायी जा रही है।

# प्रदेशाध्यक्ष की घोषणा पर भाजपा कार्यालय पर मनी खुशी

○लाइव कार्यक्रम देख मिष्ठान का किया वितरण

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भाजपा का नया प्रदेशाध्यक्ष की घोषणा पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में हर्ष की लहर दौड़ गयी। जिला कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन कर मिष्ठान का वितरण किया गया।

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाये जा रहे संगठन पर्व के निमित्त उत्तर प्रदेश को मिले नए प्रदेश अध्यक्ष लोकसभा सांसद केंद्रीय राज्यमंत्री पंकज चौधरी की घोषणा से पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में हर्ष फैल गया। एकता विहार कॉलोनी स्थित जिला कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन कर खुशी जतायी जबकि मिष्ठान का वितरण किया गया। जबकि प्रदेशाध्यक्ष की घोषणा का लाइन कार्यक्रम देखा। इस मौके पर पंकज गुप्ता, विपिन गुप्ता, सौरभ गुप्ता, अवधेश राघव, सोनू चाहल, हरिओम शर्मा, सौरभ त्यागी, रोबिन चौधरी, जुगल किशोर यादव, नकुल सिंह औलख आदि उपस्थित रहे।


सम्भल- भाजपा कार्यालय पर प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव का लाइव प्रसारण देखते।

## कोहरे में कुंद हुई वाहनों की रफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कोहरे में वाहनों की रफ्तार सुस्त पड़ गई है। सुबह व रात को कोहरा वाहनों को चलाने में दिक्कतें पैदा कर रहा है। सर्दी जैसे जैसे बढेगी कोहरे का प्रकोप भी बढ़ने लगेगा। कोहरा केवल वाहनों की रफ्तार ही नहीं रोकता बल्कि हादसों का भी सबब बनता है। ऐसे में अनट्रेंड वाहन चालक, ओवरलोड वाहन और गन्ने से भरे ट्रैक्टर हादसों के कारक बनते हैं। ओवरलोड वाहन खराब होने पर उन्हें सड़क पर ही खड़ा छोड़ दिया जाता है। जो कोहरे में दिखाई नहीं देते। लोग अपने वाहन इन्हीं में ठोक देते हैं। ऐसे कई हादसे होते हैं। इनके लिए कौन जिम्मेदार है। वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर भी नहीं लगे हैं। जिससे वह दिखाई दे सकें।

# छात्रा से छेड़छाड़ करने के 50 हजार के इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मुगलपुरा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में वांछित चल रहे 50 हजार के इनामि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, दिनांक 14 नवंबर 2025 को थाना मुगलपुरा क्षेत्र के मोहल्ला कानून गोयान, निकट सत्संग आश्रम लालबाग निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप लगाया गया कि आरोपी इब्रा. हिम पुत्र अय्यूब, निवासी हाजी नेक की मस्जिद, गड्ढा नवाबपुरा, थाना नागफनी, जनपद मुरादाबाद (उम्र करीब 50 वर्ष) ने उसकी 13 वर्षीय पुत्री के साथ अश्लील हरकत व छेड़छाड़ की। इस संबंध में थाना मुगलपुरा पर पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था।घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार का पुरस्कार घोषित किया गया। वहीं,डीआईजी द्वारा इनाम की राशि बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी गई थी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर तथा प्रभारी निरीक्षक थाना मुगलपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।देर रात प्रभारी निरीक्षक के.के. राणा अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित आरोपी जीआईसी ग्राउंड में बने खंडहर में छिपा हुआ है।सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी इब्राहिम को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान उसके कब्जे से पुलिस टीम ने एक अवैध 315 बोर का तमंचा तथा दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि 14 नवंबर को वह साइकिल से बाजार से घर लौट रहा था। रास्ते में सुनसान स्थान पर अकेली बच्ची को देखकर उसकी नीयत खराब हो गई और उसने गलत हरकत कर दी। मुकदमा दर्ज होने के बाद वह पकड़े जाने के डर से घर से फरार हो गया और अलग-अलग स्थानों पर छिपता रहा।

पुलिस ने आरोपी के न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।




## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, महिला सहित दो घायल

**ठाकुरद्वारा।** पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर हमला कर महिला सहित दो लोग घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बुद्धनगर मे शनिवार की देर शाम पुरानी रंजिश के चलते गांव के दवगों ने काजल पुत्री मेहर सिंह के साथ घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया। उसकी चींख पुकार पर भाई देवेंद्र उसे बचाने पहुंचा तो उसके सर में लोहे की गांठ मार कर गंभीर रूप से घायल कर दियाशोर शराब सुनकर मोहल्ले की महिलाएं मौके पर पहुंची तो उनके साथ भी दबंगों ने गाली गलौज की । ग्रामीणों को अत्यधिक आरोपी जान से मारने की धमकी देते फरार हो गए घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया । पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सौरभ पुत्र सुखबीर, आरती व मुनिया देवी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।

## एक नजर

## काकोरी के बलिदानियों की स्मृति में हुई भाषण प्रतियोगिता



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर महानगर केअनेक विद्यालयो के प्रतिभागियों की काकोरी ट्रेन एक्शन के बलिदानियों ने की स्मृति में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक के रुप में आर्य विद्वान अमरनाथ आर्य, प्रवक्ता डा अनुपम गुप्ता और डा आलोक कुमार रहे। भाषण प्रतियोगिता के विषय ष्देश की आजादी में काकोरी ट्रेन एक्शन के बलिदानियों की भूमिकाष पर प्रतिभागियों ने क्रांतिकारियों की देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत ओजस्वी भाषण देकर आजादी का भावनात्मक वातावरण प्रस्तुत किया। रामप्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्ला खां के आर्य समाज शहाजहांपुर में एक साथ रहने को हिन्दू मुस्लिम समन्वयक का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। रामप्रसाद बिस्मिल के गीत ष्सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में हैष गाकर जौश पैदा कर दिया। दूसरे प्रतिभागी ने ट्रेन एक्शन उपरांत अपने ही भीतर घातियों द्वारा क्रांतिकारियों की गिरफ्तारी पर कहा कि -जिन्हे हम हार समझे थे गला अपना सजाने को वहीं अब नाग वंश बैठे हमारे काट खाने को रामप्रसाद बिस्मिल का क्रांतिकारी बनने में आर्य समाज के विशेष योगदान का भी प्रतिभागियों ने उल्लेख किया। चंद्रशेखर आजाद के जीवन भर आजाद रहने और अदालत द्वारा सजा सुनाते समय उनके परिचय का संस्मरण सुनाकर वातावरण देशभक्ति भावना से ओत-प्रोत कर दिया।

भाषण प्रतियोगिता का परिणाम और पुरस्कार वितरण 21दिसम्बर को काकोरी ट्रेन एक्शन के बलिदान दिवस पर किये जाने की घोषणा के साथ प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता का संचालन रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने किया। आभार व्यक्त प्रधान डा अभय श्रोत्रिय ने किया।

## आश्रम में निरंकारी सत्संग का आयोजन




**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सद्गुरु माता के आशीर्वाद से महात्मा प्रदुमन भल्ला जी स्टेज विराजमान ने प्रवचन में फरमाया की निरंकारी मिशन एक सार्वभौमिक भाईचारे और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व में विश्वास करता है, जिसका मुख्य संदेश ष्ईश्वर-ज्ञानष या ब्रह्म-ज्ञान के माध्यम से ईश्वर को जानना और सभी के बीच एकता स्थापित करना है।यदि आप उनके जीवन, शिक्षाओं या मिशन के बारे में और जानकारी चाहते हैं, तो आप संत निरंकारी मिशन की आधिकारिक वेबसाइट पर जा सकते हैं। सत्संग में महात्मा बरेली जॉन इंचार्ज संजय अग्रवाल जी मुखी मास्टर सुशील कुमार जी बाबूराम जी कृष्णपाल जी बहन रेनू जी ,अनीता जी आदि ने भाग लिया।

## विभिन्न मुद्दों को लेकर भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस ने की बैठक

**मुरादाबाद।** भारतीय बाल्मीकि धर्म समाज (रजि.) भावाधस द्वारा रविवार को उप-केंद्रीय कार्यालय, जिगर कॉलोनी, नटबाबा मंदिर के निकट एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सामाजिक न्याय, आरक्षण और दलित अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चर्चा की।बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जब तक स्वर्ण आर्मी जैसे संगठन एससी-एसटी और आरक्षण का विरोध करना बंद नहीं करते, तब तक रामराज्य की कल्पना असंभव है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में गठित एक स्वर्ण आर्मी ने सबसे पहले आरक्षण और एससी-एसटी वर्ग का विरोध किया, जो सामाजिक समरसता के मार्ग में बाधा है। वक्ताओं का कहना था कि इतिहास गवाह है कि जब-जब दलितों का विरोध हुआ है, उसमें स्वर्ण जातियों की भूमिका रही है।बैठक में स्वर्ण आर्मी जैसे संगठनों का कड़ा विरोध करते हुए मांग की गई कि ऐसी संस्थाओं पर तत्काल रोक लगाई जाए। वक्ताओं ने कहा कि दलितों को आरक्षण यूं ही नहीं मिला, बल्कि लंबे समय तक शिक्षा, सामाजिक और राजनीतिक अधिकारों से वंचित रखा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे संगठनों के कारण दलितों को मंदिरों में प्रवेश से रोका गया और अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ा।संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि वह हाईकोर्ट के उस आदेश का सम्मान करते है, जिसमें कहा गया है कि धर्म परिवर्तन करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह के पहले और अंतिम रविवार को नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी। नए वर्ष में पहली बैठक 4 जनवरी 2026 और दूसरी बैठक 25 जनवरी को आयोजित होगी। इसके अलावा, प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को संगठन से एक-एक शाखा जोड़ने की जिम्मेदारी दी गई। हर रविवार केंद्रीय कार्यालय पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्णय लिया गया।बैठक में वीरेन्द्र भार्गव, रॉबर्ट चौधरी, आदेश कुमार एडवोकेट, विक्की बादशाह, दिनेश वाल्मीकि, अनिल लश्करी, ज्ञान सिंह, किशोर वाल्मीकि, महिपाल, रामप्रकाश, मोहित वाल्मीकि, संजय गांधी सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट बैच के लिए मुरादाबाद बंद का समर्थन



**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग का आयोजन किया गया इस अवसर पर पंडित वीरेंद्र सिंह आर्य ने सुमित आर्य -सुमन देवी की यज्ञमानी में यज्ञ संपन्न कराया। तत्पश्चात शिवम् आर्य एवं गोविन्द सिंह ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किये। डा राममुनि ने महर्षि दयानंद सरस्वती के अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया।और वानप्रस्थी कपिल आर्य ने ईश्वर के निराकार रुप का महत्व बताया । वरिष्ठ समाजसेवी ज्ञानेंद्र गांधी ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बैंच की मांग को लेकर 17दिसम्बर को मुरादाबाद में दि बार एसोसिएशन मुरादाबाद ने मुरादाबाद बंद का आव्हान किया है। आर्य समाज मुरादाबाद उसका समर्थन करता है और उस दिन हाईकोर्ट बैंच को लेकर गवर्नमेंट कॉलेज से कलेक्ट्रेट तक निकलने वाले प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सम्मिलित होने पर सहमति बनी। इस अवसर पर प्रधान डा अभय श्रोत्रिय मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट डा आलोक कुमार अरविन्द आर्यबंधु निर्मल आर्य राकेश कुमार आर्य, रविंद्र आर्य लोकेश आर्य रमाशंकर आर्य संदीप त्रिवेदी, ज्ञानप्रकाश भगत, मयंक आर्य यशपाल आर्य रामसिंह निशंक प्रभा आर्य, विजय कौशिक,वंशी दास, सतीश मदान आदि उपस्थित रहे।

## एमपीजी के जागरूकता सेमिनार में साइबर क्राइम के खिलाफ लोगों को किया गया जागरूक

**मुरादाबाद।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी की घटनाओं को लेकर मुरादाबाद प्रेशर ग्रुप (MPG मुरादाबाद) द्वारा एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार कचहरी स्थित आईएमए हॉल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें शहर की कई प्रमुख सामाजिक, चिकित्सकीय और स्वयंसेवी संस्थाओं ने सहभागिता की।कार्यक्रम में मुरादाबाद प्रेशर ग्रुप के सदस्यों के साथ ऑब्स्टेट्रिक एवं गायनेकोलॉजिस्ट समिति के चिकित्सक तथा ब्यूटीफुल लेडीज क्लब से जुड़ी डॉक्टरों की विशेष उपस्थिति रही।

सेमिनार के मुख्य अतिथि एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि साइबर अपराध आज एक गंभीर सामाजिक चुनौती बन चुका है, सेमिनार में मुस. इंस, आओ हाथ बढ़ाएं, अल्फाज अपने फाउंडेशन, परिवर्तन द चेंज, पराग ह्यूमन फाउंडेशन, एमआरएफआई, उम्मीद एनजीओ, बढ़ते कदम एनजीओ, आप सबकी रसोई, रूबी ठाकुर, वर्क संस्था, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन सहित कई संस्थाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने और डिजिटल रूप से सुरक्षित समाज के निर्माण के संकल्प के साथ किया गया।

## ठंड से बचाव के लिए गोशाला में अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रनियाठेर के राजस्व के गांव अहरौला में गोशाला में इन दिनों बढ़ती ठंड से गोवंशों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं, इस गोशाला में लगभग 285 गोवंशों की देखभाल की जा रही है, इनके संरक्षण के लिए दस कर्मचारियों को दो शिफ्टों में तैनात किया गया है,विकास खंड मूंढापांडे की पंचायत रनियाठेर में स्थित अहरौला गोशाला में प्रधान प्रतिनिधि अविनाश चौहान ने गोवंशों को ठंड से बचाने के लिए अलाव की व्यवस्था करवाई है, उन्होंने कहा कि उन्हें गोवंशों से विशेष लगाव है और वे समय-समय पर गोशाला का दौरा कर उनकी स्थिति का जायजा लेते रहते हैं, अविनाश चौहान गोशाला में रोज जाते हैं,जहां उन्होंने तिरपाल की कमी महसूस की, उन्होंने तत्काल तिरपाल उपलब्ध करवाई, ताकि सभी गोवंश टीन शेड और तिरपाल के नीचे रहकर ठंड से सुरक्षित रहें,अलाव का इंतजाम गोशाला में सुबह और शाम अलाव जलाने की शुरुआत की गई है, इससे गोवंश ठंड के प्रभाव से बच सकेंगे,रनियाठेर ग्राम प्रधान विजय लक्ष्मी ने कहा हम गोवंशों की देखभाल को अपनी जिम्मेदारी मानते हैं, उनकी सुरक्षा और भलाई के लिए जो भी आवश्यक होगा वह कदम उठाएंगे।



## शिव पार्वती रसोई परिवार ने किया निःशुल्क भोजन का वितरण




**मुरादाबाद।** शव पार्वती रसोई परिवार द्वारा प्रत्येक रविवार की भांति आज रविवार को भी निःशुल्क कढ़ी एवं चावल का वितरण किया गया। सेवा भाव के साथ जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया। संस्था के अध्यक्ष एवं संस्थापक पुष्प यादव (एडवोकेट) ने बताया कि शिव पार्वती रसोई का यह सेवा कार्य निरंतर प्रत्येक रविवार जारी रहेगा और समाज के हर जरूरतमंद तक पहुँचेगा। शिव पार्वती रसोई परिवार की यह पहल समाज के उन लोगों के लिए एक बड़ा सहारा है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और अपने परिवार के लिए दो वक्त का खाना भी नहीं जुटा पाते। संस्था द्वारा निःशुल्क भोजन का वितरण करने से इन लोगों को बड़ी राहत मिलती है। आज की रसोई में अंकुर यादव, राहुल शर्मा, सुनीत अग्रवाल, योगेश भारती, विनय कश्यप, ओमप्रकाश सिंह, विवेक गुप्ता, हरिओम शर्मा सहित संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने मिलकर जरूरतमंदों को भोजन कराया और उनकी सेवा की। शिव पार्वती रसोई परिवार की इस पहल की सराहना करते हुए पुष्प यादव ने कहा कि यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा और समाज के हर जरूरतमंद तक पहुँचेगा। उन्होंने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को इस तरह के सेवा कार्यों में आगे आना चाहिए और जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। शिव पार्वती रसोई परिवार की यह पहल समाज के लिए एक बड़ा उदाहरण है और यह दिखाता है कि समाज के लोग एकजुट होकर जरूरतमंदों की मदद कर सकते हैं।

## मेरा युवा भारत का युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं का दल बनारस रवाना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मेरा युवा भारत का जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अर्न्तगत 35 युवाओं का दल बनारस के लिए रवाना। मुरादाबाद से 35 प्रतिभागी बनारस के लिए आज अपराहन 4:00 बजे प्रस्थान कर चुके हैं।

उप निदेशक अंकित कुमार गौर ने बताया की हमारे प्रतिभागी 15 दिसंबर से 19 दिसंबर के दौरान बनारस में रहेंगे इस दौरान उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा साथ-साथ उन्हें संस्कृत खेलकूद आदि गति. विधियों में प्रतिभा करने का अवसर मिलेगा उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिभागियों को बनारस स्थानीय संस्कृति पर्यटक स्थल दिखाए जाएंगे एवं सामान्य अगले सप्ताह 35 प्रतिभागी जनपद बनारस से मुरादाबाद आएंगे अंकित कुमार गौर ने बताया की इसी तरह बनारस से आने वाले प्रतिभागियों को जनपद मुरादाबाद का भ्रमण करवाया जाएगा यह विशेष कार्यक्रम की श्रेणी में आयोजित किया जा रहा कार्यक्रम है इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को विभिन्न जनपदों की संस्कृत विरासत भाषा एवं स्थानीय व्यंजन से परिचित करवाना है इन शामिल प्रतिभागियों में सभी प्रतिभागी युवावस्था के हैं एवं यह सभी संपूर्ण जनपद के आठ विकास खण्ड से आए हैं मुरादाबाद परिवहन निगम की बस में सवार होकर सभी प्रतिभागी काशी नगरी बनारस के लिए रवाना हुए इस कार्यक्रम में रंजीत कुमार सैनी एवं चंद्र सिंह अनुरक्षण के तौर पर जा रहे हैं।


सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय M.A.C.T ( जनपद न्यायाधीश ) महोदय, मुरादाबाद।**

**M.A.C.P. No.**: 453 सन् 2023

**तारीख पेशी**: 06.02.2026

**नारायणदास आदि बनाम राजकुमारी देवी आदि।**

**बनाम**

शारूख पुत्र छोटे निवासी मकसदपुर नवादा थाना डिडौली, जिला अमरोहा। हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत माह के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 06 माह 02 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 09 के माह 12 सन् 2025 को जारी किया है।

**READER**
**M.A.C.T.**
**MORADABAD.**



हेतु संदर्भित करने की सूचना (साधारण प्रारुप)

**न्यायालय श्रीमान लघुवाद न्यायाधीश महोदय, मुरादाबाद।**

**विविध वाद सं०**: 34/2025

**तारीख पेशी**: 16.12.2025

**प्रकाश चन्द्र प्रति श्रीमती सुमन आदि।**

**बनाम**

1. श्रीमती कामिनी पत्नी श्री देवेन्द्र सिंह पुत्री स्व0 श्री आनन्द कुमार, 2. शुभम 3. विशाल पुत्रगण स्व0 श्री आनन्द कुमार द्वारा अपनी सगी बहन तथा वास्तविक संरक्षिका श्रीमती कामिनी पत्नी देवेन्द्र सिंह समस्त निवासीगण मौ0 नूरुल्ला वार्ड नं0 1 कस्बा कुन्दरकी तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद।

चूँकि उपरिनामांकित आवेदक ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 2025 के माह 12 के दिवस 16 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रुपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा ऊपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 माह 12 दिवस 12 को निकाली गई।

**प्रबंधक**
**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश जनपद-मुरादाबाद।**


# करनपुर चौराहा में हुआ मासिक सत्संग का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**करनपुर।** संत निरंकारी मिशन की शाखा ब्रांच करनपुर चौराहा में मासिक सत्संग का आयोजन हुआ इस दौरान मुरादाबाद से आए प्रचारक दलवीर सिंह ने अपने प्रवचनों में कहा की इंसान की कमजोरी है कि वह दुनिया के कामों में जितनी चेतनता दिखाता है उससे भी कम चेतनता परमार्थ के काम में अथवा परमात्मा को प्राप्ति के लिए नहीं बरतता इसलिए वह परंपरा से चले आ रहे कर्म कांडो को आंखें मूंद कर किये जा रहा है।

इसका परिणाम कभी भी बढ़िया नहीं निकल सकता इससे तो परेशानी और भी बढ़ जाती है क्योंकि रूढ़िवादी कर्मकांडों से कभी भी हमें आत्मिक आनंद नहीं मिल सकता उन्होंने कहा कि भूख लगना अच्छी चीज है, लेकिन यदि भूख मिटाई ना जाए तो जान भी जा सकती है इसीलिए सिर्फ भूख बढ़ाना ही अच्छा नहीं इसे मिटाना भी जरूरी है इसकी पूर्ति भी आवश्यक है कथा कीर्तन आदि कर्म आदमी के दिल में ईश्वर की प्राप्ति की भूख पैदा करते हैं प्रेरणा देते हैं आदमी की रुचि को परमात्मा की और धर्म की ओर मोड़ने में सहायक सिद्ध होते हैं इसलिए यह जरूरी है लेकिन यदि ईश्वर प्राप्ति की भूख न मिटी आत्मा परमात्मा का मिलन ना हो सका तो फिर यह कोरी लगन यह कर्म उसके फायदे की बजाय नुकसान का कारण बनते हैं भूख मिटाने के लिए खाने की जरूरत होती है और खाना बनाने के लिए सामान की अगर कोई भूखा व्यक्ति समान ही इकट्ठा करता रहे या उस समान की देखभाल करता रहे उसे संभालता रहे या खाना बनाने में ही लगा रहे तो वह कितने दिन जी पाएगा खाने की तैयारी के बाद उसका इस्तेमाल भी जरूरी है इसलिए कर्मों में फंसे रहना ही हमारा मकसद नहीं इनके असल मकसद को हासिल करना जरूरी है कर्मों का मकसद ईश्वर प्राप्ति है इसलिए इन कर्मों में ही नहीं रहना बल्कि निरंकार दातार को प्राप्त करना भी है सत्संग का कुशल संचालन राजवीर सिंह ने किया सत्संग में कवि दरबार का भी आयोजन किया गया जिसमें धर्मपाल सिंह, रामवीर सिंह, अमित कुमार,डॉ किशन सिंहज कुमारी ज्योति सिंह आदि कवियों ने अपनी अपनी कविता को सभी के समक्ष रखा सत्संग के पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद बड़े ही श्रद्धा पूर्वक ग्रहण किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर बाबू सिंह, कमल कुमार ,महेंद्र सिंह, त्रिवेणी शंकर ,भजन सिंह ,होती सिंह, याद राम सिंह, सोमपाल सिंह ,डॉक्टर विजयपाल सिंह, महिपाल सिंह, सूरज सिंह, जयप्रकाश सिंह चंद्रपाल सिंह,नन्हे सिंह,ग्राम प्रधान रेखा देवी, अनीता देवी, कमलेश देवी, निशि देवी, नीतू देवी ,सविता देवी, अनीता देवी, वीरवती देवी, पूनम, निधि ,कामिनी ,अंशु, बबीता, आस्था वंशिका आदि उपस्थित रहे।



# सड़क पर मनाया जन्मदिन, कार की छत पर खड़े होकर की आतिशबाजी, वीडियो हो रहा वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना नागफनी क्षेत्र में कानून व्यवस्था को खुली चुनौती देने का एक मामला सामने आया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ युवक बीच सड़क पर कार खड़ी कर जन्मदिन की पार्टी मनाते नजर आ रहे हैं। इस दौरान युवकों द्वारा न केवल यातायात नियमों की अनदेखी की गई, बल्कि राहगीरों की जान को भी गंभीर खतरे में डाला गया।बताया जा रहा है कि यह घटना थाना नागफनी क्षेत्र के तहसील स्कूल के पास की है, जो पुलिस चौकी से महज कुछ ही दूरी पर स्थित है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवक सड़क के बीच कार रोककर उसके ऊपर चढ़कर स्काई शॉट और अन्य प्रकार की आतिशबाजी कर रहे हैं। हाथों में पटाखे लेकर सड़क पर धमाके किए गए, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस हरकत के चलते सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। वाहन चालकों को मजबूरन रुकना पड़ा, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। अचानक छोड़ी गई आतिशबाजी से राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और बच्चों की जान को भी खतरा बना रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कोई दुर्घटना हो जाती तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता।इस घटना ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर रील और लाइक के चक्कर में युवाओं द्वारा कानून और सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने की गंभीर समस्या को उजागर कर दिया है।

खुलेआम इस तरह की गति. विधियां न सिर्फ ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि सार्वजनिक शांति और सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा हैं।वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए संबंधित युवकों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी कानून को हाथ में लेने की हिम्मत न कर सके।



# जनआक्रोश महारैली में शामिल होने दिल्ली रवाना हुए कांग्रेस कार्यकर्ता

**ठाकुरद्वारा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के आह्वान पर दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित जनआक्रोश महारैली में भाग लेने के लिए ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ दिल्ली के लिए रवाना हुए।

रविवार की सुबह ठाकुरद्वारा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए। मुरादाबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष शमीम अहमद चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में एकजुट होकर महारैली में शामिल होने का संकल्प लिया। ठाकुरद्वारा से रवाना होने वालों में नगर कांग्रेस अध्यक्ष शमीम अहमद चौधरी, जिला सचिव मो. दीन सिद्दीकी, जिला सचिव हाजी मुस्तकीम अंसारी, पूर्व नगर उपाध्यक्ष शरीफ सिद्दीकी, पूर्व नगर अध्यक्ष सेवादल मोइन कुरेशी, मो. सुलेमान मलिक सहित अनेक कांग्रेसजन शामिल रहे। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि जनआक्रोश महारैली का मुख्य उद्देश्य आम जनता से जुड़े मुद्दों महंगाई, बेरोजगारी और लोकतंत्र की रक्षाकृको लेकर केंद्र सरकार को घेरना है। नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज को सड़क से लेकर संसद तक मजबूती से उठाती रहेगी। महारैली में शामिल होने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया और सभी ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंच. ाने का संकल्प लिया।



# जहांगीरपुर में मृत्यु प्रमाणपत्र व जमीन हड़पने के आरोपों की जांच

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** तहसील चन्दौसी अंतर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव जहांग. ीरपुर में जमीन हड़पने एवं फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के आरोपों की प्रशासनिक जांच रविवार को की गई। यह जांच तेजपाल पुत्र नंदकिशोर द्वारा जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र के क्रम में की गई। शिकायतकर्ता तेजपाल ने आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी ने गांव के अन्य लोगों के साथ मिलकर उसकी जमीन हड़पने के उद्देश्य से उसे मृत दर्शाते हुए मृत्यु प्रमाणपत्र बनवा लिया है। इसके साथ ही बीएलओ पर भी एसआईआर में उसका नाम दर्ज न करने का आरोप लगाया गया था। रविवार को मामले की जांच के लिए नायब तहसीलदार सतेन्द्र कुमार, राजस्व निरीक्षक भोजराज सिंह एवं लेखपाल प्रदीप कुमार गांव जहांगीरपुर पहुंचे। अधिकारियों ने शिकायत के संबंध में युवक की पत्नी सहित अन्य ग्रामीणों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी एकत्र की। जांच के दौरान ग्रामीणों ने तहसीलदार चन्दौसी को लिखित बयान दिए, जिसमें बताया गया कि तेजपाल पुत्र नंदकिशोर काफी समय से गांव में नहीं रहता है तथा बाहर रह रहा है। ग्रामीणों के अनुसार वह समय-समय पर निराधार एवं झूठी शिकायतें करता रहता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जब भी शिकायत की जांच के लिए अधिकारी गांव में आते हैं, उस समय तेजपाल गांव में उपस्थित नहीं मिलता। पंचायत सहायक मनोज कुमार ने अपने लिखित बयान में स्पष्ट किया कि उनके अथवा पंचायत सचिव द्वारा तेजपाल का कोई भी मृत्यु प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया है। वहीं बीएलओ सुनील कुमार सिंह ने भी अपने लिखित बयान में बताया कि तेजपाल पुत्र नंदकिशोर से एसआईआर के संबंध में उनकी कोई बातचीत नहीं हुई है तथा तेजपाल का एसआईआर फार्म भरकर उसकी ऑनलाइन फीडिंग भी पूर्ण की जा चुकी है। जांच में यह भी सामने आया कि तेजपाल द्वारा लगाए गए आरोपों के समर्थन में कोई ठोस साक्ष्य नहीं है। अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत बयानों के आधार पर शिकायत को निरर्थक बताया गया। ग्रामीणों द्वारा दिए गए लिखित बयानों में ग्राम प्रधान जमुना प्रसाद, पंचायत सहायक मनोज कुमार, राशन डीलर पप्पू भटनागर, महेंद्र, पान सिंह, सचिन शर्मा, नौबत सिंह, रोशन लाल, प्रेमपाल, मूलचंद, दीनदयाल, खुशीराम, हेम सिंह, दुर्वेश यादव, चन्द्र प्रकाश, अनिल सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

# अग्रसेन महाराज की जयंती महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**चन्दौसी।** नगर के रोडवेज बस स्टैण्ड के निकट स्थित संजीवनी पैलेस में अग्रवाल सभा द्वारा अग्रकुल प्रवर्तक अग्रसेन महाराज की 5149 वॉ जयंती महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सलिल अग्रवाल कोठीवाल (चेयरमैन-आर.आर.के. स्कूल चंदौसी) एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रवीन कुमार एवं डॉ. तरुण अग्रवाल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराज अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलित एवं पूजन मंत्र सहित अक्षत द्वारा करके किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना पर बच्चों द्वारा प्रस्तुति से हुई। सभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल गोगी ने मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल (अध्यक्ष, अग्रवाल सभा बिसौली), हरि अग्रवाल (अध्यक्ष, अग्रवाल सभा बदायूं) एवं सौरभ मित्तल (अग्रवाल सभा, मुरादाबाद) को पटका पहनाकर बैच लगाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। मुख्य अतिथियों के परिचय से कार्यक्रम संयोजक पवन अग्रवाल ने सभी को अवगत कराया। महोत्सव में शतरंज प्रतियोगिता में अग्रकुल के 26 नोनिहाल ने प्रतिभाग किया, जिनके निर्णायक मंडल में गो. विंद अग्रवाल व शुभम अग्रवाल, मेहंदी प्रतियोगिता में अग्रकुल के 55 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसके निर्णायक मंडल में शिल्पी अग्रवाल, जूली अग्रवाल एवं इशिका अग्रवाल रही। महोत्सव में शिशु फैंसी ड्रेस व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अग्रकुल के लगभग 140 नोनिहाल ने प्रतिभाग किया जिसके निर्णायक मंडल में खुशबू अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, सुप्रिया अग्रवाल, निष्ठा अग्रवाल, हिमानी अग्रवाल रहीं। दोनों प्रतियोगिता के प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार तथा शेष सभी को सांत्वना पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर उत्सवर्धन किया गया। प्रतियोगिताओं के बीच में नितिन अग्रवाल, शिखर गोयल, मुदित गर्ग, शुभम अग्रवाल और भरत अग्रवाल द्वारा 50 प्रश्न मंच और 100 लकी ड्रॉ निकालकर उपहार दिए गए। कार्यक्रम में विशेष रूप से समाज के वृद्धजनों का पटका पहनाकर तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन संचालिका अपूर्वा अग्रवाल, तृप्ति जिंदल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के अंत में सभा अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल गोगी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अग्रवाल सभा द्वारा गत वर्षों में किए गए सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से बताया कि सभा आपके सहयोग से समाज की जरूरतमंद परिवार को समय-समय पर आर्थिक सहयोग करती है जिसमें कन्याओं के विवाह बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी आदि शामिल है। इस दौरान अग्रवाल सभा के मंत्री प्रदीप अग्रवाल, पवन अग्रवाल, चिराग गोयल, गोविन्द अग्रवाल, मुदित गर्ग, शुभम अग्रवाल, विनय अग्रवाल, शिखर गोयल, अर्चित अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, भरत अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, संगीता गोयल, अंकुश किराना, गौरव बंसल, दीपक अग्रवाल, गौरव गोयल, सोनू अग्रवाल राज कैटर्स, प्रथम गोयल, विनय रिलैक्सो, जिवेन्द्र जीवो आदि मौजूद रहे।

# पंकज चौधरी की प्रदेश अध्यक्ष घोषणा को लाइव देखा गया



**मुरादाबाद (** शाह टाइम्स ब्यूरो)। भाजपा महानगर कार्यालय बुद्धि विहार पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की घोषणा कार्यक्रम को लाइव देखा गया। महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी गोपाल अंजान, महानगर महामंत्री नत्थू राम कश्यप, दिनेश शीर्षवाल, पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता व राहुल सेठी सहित कई पदाधिकारी और पार्षदगण उपस्थित रहे। लोहिया विश्व. विद्यालय आशियाना लखनऊ में केंद्र के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने पंकज चौधरी की घोषणा की, जिसे लाइव देखा गया। घोषणा होते ही पंडाल का सारा वातावरण तालियों से गूंज उठा और भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों से सारा वातावरण गूंज उठा।

# राइस मिल संचालक और मुंशी पर किसान ने बंधक बनाकर मारपीट और 36 हजार रूपये वसूलने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर के एक राइस मील संचालक और मुंशी पर ग्राम कमालपुरी खालसा के एक किसान ने गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित किसान ने नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी के दफ्तर पर भी पहुंच कर मदद की गुहार लगाई,जिसके बाद किसान की समस्या का संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता पवन पुष्पद ने किसान के साथ कोतवाली पहुंच कर मामले को प्रमुखता से उठाया। किसान ने आरोप लगाया है कि धान भुगतान के विवाद में उसे राइस मील के मुंशी द्वारा बंधक बनाकर मारपीट की गई और 36 हजार रुपये की जबरन वसूली का दबाव बनाया गया। पीड़ित किसान चंद्रपाल सिंह पुत्र प्रेम सिंह, निवासी ग्राम कमाल. पुरी खालसा, ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह एक साधारण किसान है। वह 29 नवंबर 2025 को उसने एक के राइस मील में 62.80 कुंतल धान तुलवाया था, जिसका भुगतान सरकारी रेट के अनुसार मिलना था।

किसान का आरोप है कि 12 दिसंबर 2025 को राइस मिल के मालिक और उनके मुंशी ने भुगतान के बहाने उसे मील परिसर में बुलाया। जब वह अपने साथी के साथ वहां पहुंचा तो दोनों को एक कमरे में जबरन बंद कर दिया गया। आरोप है कि कमरे में बंधक बनाकर मारपीट की गई और 36 हजार रुपये की मांग की गई। रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी तक दी गई। पीड़ित का कहना है कि उसे कई घंटों तक कमरे में बंद रखा गया और किसी तरह रिश्तेदार को फोन कर सूचना दी गई, तब जाकर मामला उजागर हुआ।

किसान का यह भी आरोप है कि घटना के बाद से उसे लगातार फोन कर डराया-धमकाया जा रहा है, जिससे वह मानसिक रूप से भयभीत है। पीड़ित किसान ने पुलिस प्रशासन से दबाव-मुक्त, निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और अपनी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हो गया है, मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

वहीं मौके पर पहुंचे भाजपा नेता पवन पुष्पद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के किसानों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं,किसानों के साथ इस प्रकार का बर्ताव किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा, वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता कर किसानों के साथ हुई बदसलूकी के संबंध मे ठोस कार्यवाही कराई जाएगी।

# पंकज चौधरी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पंकज चौधरी के संगठन पर्व के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने की घोषणा के बाद चन्दौसी में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री गुलाब देवी के सुभाष रोड चन्दौसी स्थित आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है, जहां लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से बूथ स्तर पर कार्य करने वाला सामान्य कार्यकर्ता भी प्रदेश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा



कि नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी सभी को साथ लेकर संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे तथा प्रदेश में तीसरी बार भाजपा का परचम लहराने का कार्य करेंगे। राज्य मंत्री ने आगे कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की एकजुटता के बल पर आगामी विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर योगी आदित्यनाथ को तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के प्रति समर्पण और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता साक्षी सिंह, जिला उपाध्यक्ष मनोज कठेरिया, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चंद्रसेन दिवाकर छोटू, तरुण कुमार नीरज, डॉ टी.एस. पाल, गिरीश रतन, मनोज दिवाकर, सुधीर मल्होत्रा, शरद शर्मा, राजकुमार यादव, अनुज उपाध्याय, अमित पाठक, हरेंद्र कोहली, अमित अग्रवाल, अभिनव शर्मा, शुभम अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश चिंटू, शीला सागर, मंतेश वार्ष्णेय, रामसरन यादव, संजय बंसल, आकाश आहूजा, अनुभव श्रीवास्तव, मोहनलाल पाल, डॉ जयशंकर दुबे, रामनरेश यादव आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित हुए 22,109 वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वाधान में तथा माननीय न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल (प्रशासनिक न्यायमूर्ति, जनपद सम्भल, उच्च न्यायालय इलाहाबाद) के मार्गदर्शन में जनपद न्यायालय सम्भल स्थित चन्दौसी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत का उद्देश्य आपसी समझौते के माध्यम से वादों का त्वरित, सरल एवं सुलभ निस्तारण कर आमजन को न्याय उपलब्ध कराना रहा। राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल कोर्ट चन्दौसी के साथ-साथ बाह्य न्यायालय सम्भल एवं गुन्नौर, समस्त राजस्व एवं चकबन्दी न्यायालयों तथा जनपद के विभिन्न बैंकों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर इलाहाबाद बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, प्रथमा यू0पी0 ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया एवं केनरा बैंक द्वारा मामलों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के दौरान जनपद न्यायालय सम्भल स्थित चन्दौसी मुख्यालय एवं बाह्य न्यायालय सम्भल व गुन्नौर द्वारा कुल 4,857 वादों का निस्तारण किया गया। इन मामलों में अर्थदण्ड एवं प्रतिकर के रूप में कुल 7,73,88,370.28 रुपये की धनराशि वसूल अथवा प्रदत्त कराई गई।जनपद न्यायाधीश सम्भल स्थित चन्दौसी डॉ. विदुषी सिंह द्वारा 18 वादों का निस्तारण करते हुए 8,500 रुपये का जुर्माना किया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सम्भल डॉ. मचला अग्रवाल द्वारा 78 वादों का निस्तारण किया गया। पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिकरण सम्भल प्रदीप कुमार द्वारा 70 वादों का निस्तारण कर पीडिघ्त पक्ष को 6,30,81,195 रुपये प्रतिकर स्वरूप दिलाए गए। अपर सत्र न्यायाधीश चन्दौसी आरती फौजदार द्वारा 506 वादों का निस्तारण करते हुए 9,000 रुपये जुर्माना किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट




रागिनी द्वारा 9 वादों का निस्तारण कर 5,500 रुपये जुर्माना किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष पॉक्सो एक्ट व नोडल अधिकारी लोक अदालत अवधेश कुमार सिंह द्वारा 04 वादों का निस्तारण कर 17,000 रुपये जुर्माना किया गया।मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर द्वारा 1,554 वादों का निस्तारण करते हुए 3,81,100 रुपये जुर्माना वसूला गया। सिविल जज (सी.डि.) आदित्य सिंह द्वारा 297 वादों में 7,660 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया, जबकि सिविल जज (सी.डि.) पराग यादव द्वारा 415 वादों में 4,630 रुपये जुर्माना किया गया। सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या गर्ग द्वारा 197 वादों का निस्तारण कर 3,560 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या चिण्डालिया द्वारा 41 वादों में 190 रुपये जुर्माना किया गया। बाह्य न्यायालय सम्भल एवं गुन्नौर के न्यायिक अधिकारियों द्वारा भी सैकड़ों वादों का निस्तारण कर उल्लेखनीय योगदान दिया गया।जनपद सम्भल के समस्त राजस्व न्यायालयों द्वारा 16,610 वादों का निस्तारण किया गया। उपभोक्ता फोरम द्वारा 13 वादों का निस्तारण कर 1,38,19,975.28 रुपये की धनराशि समझौते के माध्यम से प्राप्त कराई गई।

वहीं जनपद के विभिन्न बैंकों द्वारा 642 मामलों का निस्तारण कर 4,39,39,000 रुपये की धनराशि समझौते के उपरान्त प्राप्त की गई।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र अहमद रज़ा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद का लिए हैं। भविष्य में अहमद रज़ा के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मौहम्मद शमीम पुत्र कादिर जिलानी मौहल्ला फतेहपुरी, भोजपुर, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# खराब एसी बेचने पर उपभोक्ता आयोग का बड़ा फैसला

■ वोल्टास कंपनी को एसी बदलने या धनराशि लौटाने का आदेश

**चन्दौसी।** नगर निवासी नितिन महाजन को खराब एसी बेचे जाने के मामले में जिला उपभोक्ता आयोग सम्भल ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। आयोग ने वोल्टास/टाटा इंडिया लिमिटेड को आदेश दिया है कि वह परिवादी को उसी मेक एवं मॉडल का नया एसी उपलब्ध कराए अथवा एसी का क्रय मूल्य ब्याज सहित अदा करे। मामले के अनुसार नितिन महाजन ने 11 मई 2024 को चन्दौसी के एक दुकानदार से वोल्टास कंपनी का एसी खरीदा था। एसी खरीद के बाद से ही सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रही थी और बार-बार खराब हो रही थी। प्रत्येक बार शिकायत करने पर कंपनी अथवा दुकानदार द्वारा अस्थायी रूप से उसे ठीक कराया जाता रहा, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। एक वर्ष के भीतर कई बार एसी खराब होने पर नितिन महाजन ने दुकानदार से एसी बदलने अथवा धनराशि वापस करने का आग्रह किया, लेकिन दुकानदार एवं कंपनी द्वारा उनकी मांग को अनसुना कर दिया गया। इससे परेशान होकर उन्होंने उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय से संपर्क कर अपनी आपबीती बताई। अधिवक्ता द्वारा उनकी ओर से जिला उपभोक्ता आयोग सम्भल में परिवाद दायर किया गया। आयोग को बताया गया कि कंपनी ने निर्माण संबंधी दोष (मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट) युक्त एसी को दुकानदार के माध्यम से परिवादी को बेचा है। आयोग द्वारा वोल्टास कंपनी एवं संबंधित दुक. ानदार को तलब किया गया। सुनवाई के दौरान दुकानदार आयोग के समक्ष उपस्थित हुआ और उसने स्पष्ट किया कि मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट की जिम्मेदारी कंपनी की बनती है, जबकि कंपनी की ओर से कोई भी प्रतिनिधि आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। दोनों पक्षों को सुनने के बाद आयोग ने अपना निर्णय परिवादी के पक्ष में सुनाया।

आयोग ने आदेशित किया कि विपक्षी संख्या एक वोल्टास/टाटा इंडिया लिमिटेड दो माह के भीतर प्रश्नगत एसी को बदलकर उसी मेक एवं मॉडल का नया एसी परिवादी नितिन महाजन को उपलब्ध कराए अथवा एसी का क्रय मूल्य 37,000



रुपये परिवाद दायर करने की तिथि से 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा करे। इसके अतिरिक्त आयोग ने कंपनी को परिवादी को 10,000 रुपये मानसिक कष्ट एवं आर्थिक हानि के मद में तथा 5,000 रुपये वाद व्यय के रूप में अदा करने का भी आदेश दिया है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित अवधि में आदेश का पालन नहीं किया गया तो देय धनराशि पर 09 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से भुगतान करना होगा। उपभोक्ता आयोग के इस निर्णय से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। यह फैसला उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



# करीना के बेटों पर चढ़ा 'मेसी' का खुमार

## एक इवेंट में इंटरनेशनल फुटबॉल प्लेयर से मिलकर खुश हुए तैमूर और जेह

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई के एक इवेंट में इंटरनेशनल फुटबाल प्लेयर लियोनल मैसी कई सेलेब्स से मुलाकात कर सकते हैं। इसमें करीना कपूर का नाम भी शामिल है। करीना ने भी इवेंट से पहले एक तस्वीर अपने सोशल मीडिया पेज पर शेयर की है। इस तस्वीर में उनके दोनों बेटों ने लियोनल मैसी के नाम की टी-शर्ट पहनी है। इसके बाद मैसी से करीना के बेटों जेह और तैमूर की मुलाकात भी हुई। करीना ने अपने इंस्टाग्राम पर जो एक तस्वीर शेयर की है, उसमें बेटा तैमूर और जेह, लियोनल मैसी के नाम वाली टी-शर्ट पहने दिख रहे हैं। करीना ने दोनों बेटों का हाथ थामा हुआ है। इसके बाद करीना ने बेटों की मुलाकात लियोनल मैसी से करवाई। लियोनल मैसी मिलकर करीना के बेटे काफी खुश नजर आए। लियोनल मेसी इन दिनों जीओएटी इंडिया टूर पर है। इस टूर के दूसरे दिन यानी 14 दिसम्बर को शाम 5 बजे वानखेड़े स्टेडियम में जीओएटी कप एग्जीबिशन मैच होगा। इसमें बालीवुड सेलेब्रिटीज और फुटबॉल प्लेयर के बीच मैच होगा। इसके बाद एक फैशन शो और ऑक्शन भी होगा। जिसमें फीफा वर्ल्ड कप 2022 में अर्जेंटीना की जीत से जुड़ी लियोनेल मेसी की यादगार चीजों (मेमोराबिलिया) की नीलामी होगी। इस खास इवेंट में करीना कपूर भी शामिल हुईं। करीना कपूर के करियर फ्रंट की बात करें तो वह मेघना गुलजार की एक फिल्म कर रही हैं। मेघना गुलजार निर्देशित फिल्म श्दायराश में करीना कपूर के साथ साउथ एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन भी लीड रोल में नजर आएंगे।




## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारतीय नौसेना की हॉफ मैराथन में 7000 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया

**चेन्नई, वार्ता।** भारतीय नौसेना की हाफ मैराथन में रविवार को यहां 7,000 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। यह मैराथन नशामुक्त भारत, आदिशक्ति के बारे में जागरुकता फैलाने और ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ खड़े होने के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें धावकों ने गति, धैर्य और जोश दिखाया।

इस मैराथन में तीन कैटेगरी थीं- 21-1 किमी अड्यार रन, हिम्मत की असली परीक्षा के लिए-10 किमी परुंडु रन, जो धावक की गति को चुनौती देता है और उसकी सीमाओं को आगे बढ़ाता है और 3-5 किमी पल्लव रन-दौड़ने, फिटनेस और समुदाय की खुशी में शामिल होने के लिए था।

### नीदरलैंड्स ने जीता एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप का खिताब

**चिली, वार्ता।** नीदरलैंड्स ने फाइनल मुकाबले में एक बार फिर से ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर लगातार तीसरी बार एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। डच टीम ने रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप का खिताब जीता और 2022, 2023 और अब 2025 में जीत के साथ लगातार तीसरा खिताब अपने नाम किया। मैच की शुरुआत में नीदरलैंड्स ने पहले हाफ में एक पेनल्टी कॉर्नर और एक ओपन प्ले से गोल करके मैच अपने नाम कर लिया और फिर निर्णायक चरणों में एक बहुत ही मजबूत रक्षात्मक संरचना के माध्यम से अपनी मामूली बढ़त को बनाए रखा।इस दौरान अर्जेंटीना लगातार दबाव दिखी। नीदरलैंड्स को दूसरे क्वार्टर में सफलता उसम समय मिली जब आइवी टेलियर ने 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके डच टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।

# यूपी में खिलाड़ियों को दिए जा रहे प्रोत्साहन: दीप्ति



● **रोजगार और सुविधाएं भविष्य की सुरक्षा का भरोसा**

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश पुलिस की उपलब्धियों, मानवीय पक्ष और सराहनीय कार्यो को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनवरी 2025 में शुरू किए गए पॉडकास्ट बियांड द बैज का 17वां एपिसोड जारी किया गया। इस एपिसोड में अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेटर, विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और स्पोर्ट्स कोटे से चयनित उत्तर प्रदेश पुलिस की पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दीप्ति शर्मा ने अपने प्रेरणादायक जीवन सफर को साझा किया। इस एपिसोड की मेजबानी प्राची सिंह, आईपीएस, कमांडेंट 32वीं वाहिनी पीएसी ने की। संवाद के दौरान दीप्ति शर्मा ने अपने खेल जीवन, संघर्ष, उपलब्धियों और पुलिस सेवा से जुड़ने के अनुभवों पर विस्तार से चर्चा की। दीप्ति शर्मा ने वर्ष 2014 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए अपने अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण, आयरलैंड के खिलाफ बनाए गए 188 रनों के ऐतिहासिक स्कोर और हालिया आईसीसी महिला विश्व कप जीत को अपने जीवन के सबसे यादगार और प्रेरक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि विश्व कप की यह जीत देश की युवा खिलाड़ियों, विशेषकर बालिकाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत में परिवार के सहयोग को अहम बताते हुए अपने भाई को अपनी प्रारंभिक प्रेरणा बताया। पॉडकास्ट में उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की 'कुशल खिलाड़ी योजना' की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा खिलाड़ियों को दिए जा रहे प्रोत्साहन, रोजगार और सुविधाएं उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती हैं और भविष्य की सुरक्षा का भरोसा भी देती हैं। पुलिस सेवा और खेल के बीच संतुलन पर बात करते हुए दीप्ति शर्मा ने कहा कि ब्लू जर्सी और खाकी वर्दी दोनों का अपना अलग सम्मान और गरिमा है। उन्होंने कहा कि खेल से मिले अनुशासन, समर्पण और फिटनेस पुलिस प्रशिक्षण और सेवा में भी अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कहे गए मैदान में आपकी दादागिरी चलती है वाले कथन का उल्लेख करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दादा. गिरी नहीं, बल्कि खेल के प्रति उनका फोकस और समर्पण है, जिससे मैदान पर उनकी छवि सख्त दिखाई देती है। मैदान के बाहर वह सहज, सरल और मिलनसार स्वभाव की हैं। उन्होंने यह भी बताया कि व्यस्त खेल और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बावजूद परिवार के साथ समय बिताना उन्हें मानसिक सुकून देता है। युवाओं और विशेषकर खेल में करियर बनाने की इच्छुक बालिकाओं के लिए संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने युवाओं से लक्ष्य पर केंद्रित रहने और कभी हिम्मत न हारने का आह्वान किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की कुशल खिलाड़ी योजना के अंतर्गत अब तक 534 खिलाड़ियों की नियुक्ति उत्तर प्रदेश पुलिस में की जा चुकी है। अब तक बियांड द बैज के 16 एपिसोड जारी किए जा चुके हैं, जिनमें देश-प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक, वरिष्ठ अधिकारी, फिल्म जगत की हस्तियां, समा. जसेवी, प्रेरक व्यक्तित्व अपने विचार साझा कर चुके हैं।

# जायसवाल ने 50 बॉल में 101 रन बनाए

**पुणे, वार्ता।** युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने सैय्यद मुश्ताक अली ट्राफी में हरियाणा के खिलाफ मैच विनिंग सेंचुरी जमाई है। मिडिल आर्डर बल्लेबाज सरफराज खान ने फिफ्टी लगाई।

इन दोनों की बेहतरीन बैटिंग के दम पर मुंबई ने टी-20 मुक. ाबले में हरियाणा के खिलाफ 235 रन का टारगेट सिर्फ 17.3 ओवर में 6 विकेट खोकर चेज कर लिया। मुंबई ने 6 विकेट खोकर 238 रन बनाए। पुणे में खेले गए इस मैच में हरियाणा ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 234 रन बनाए। कप्तान अंकित कुमार ने 89 रन बनाए और निशांत सिंधु ने 63 रन की पारी खेली।

जवाब में मुंबई ने 15 गेंद बाकी रहते 4 विकेट से मैच जीत लिया। जायसवाल ने 50 बाल की पारी में 16 चौके और एक छक्का जमाया। वहीं, सरफराज

● **एसएमएटी में मुंबई ने 235 रन का टारगेट चेज किया, सरफराज खान की हॉफ सेंचुरी**

ने 25 गेंदों पर 9 चौके और 3 छक्के की मदद से 64 रन बनाए। हरियाणा ने बनाए 234 रन हरियाणा के लिए अर्श रांगा और कप्तान अंकित कुमार ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। अर्श रांगा ने 23 गेंद पर 26 रन बनाए।

कप्तान अंकित कुमार ने 42 गेंद पर 89 रन बनाए, जबकि निशांत सिंधु ने 38 गेंदों में 63 रन जड़े। सामंत जाखड़ ने 14 गेंदों में 31 रन बनाए, हालांकि वे रिटायर्ड आउट हो गए। उनकी जगह उतरे सुमित कुमार 4 गेंद पर 16 रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई की ओर से साईराज पाटिल सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 44 रन देकर 2 विकेट लिए।

अन्य गेंदबाज विकेट निक. ालने में असरदार नहीं रहे। हरियाणा के अंकित कुमार ने 42 गेंद पर 89 रन की पारी खेली। जायसवाल- सरफराज की साझेदारी ने पलटा मैच 234 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई को यशस्वी जायसवाल और अजिंक्य रहाणे ने अच्छी शुरुआत दिलाई।

दोनों के बीच 53 रन की साझेदारी हुई। रहाणे ने 10 गेंदों में 21 रन बनाए। इसके बाद जायसवाल और सरफराज खान ने स्कोर को 141 रन तक पहुंचाया। सरफराज ने 25 गेंदों में 64 रन की तेज पारी खेली।

यशस्वी जायसवाल ने 50 गेंदों में 101 रन बनाए, जिनमें 16 चौके और एक छक्का शामिल रहा। हरियाणा से सामंत जाखड़ सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 3.3 ओवर में 42 रन देकर 2 विकेट लिए।

अंशुल कंबोज, ईशांत भारद्वाज, सुमित कुमार और अमित राणा को 1-1 विकेट मिला।

# असम राइफल्स हॉफ मैराथन 2025 में 3038 लोगों ने हिस्सा लिया

**लैटकोर, वार्ता।** मेघालय में डायरेक्टोरेट जनरल असम राइफल्स के मुख्यालय पर रविवार को 'फिट इंडिया मूवमेंट' को बढ़ावा देने के लिए 'असम राइफल्स हाफ मैराथन 2025' के पांचवें संस्करण में आम नागरिकों से लेकर सशस्त्र बलों और पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया।

प्रतिभागियों को उनके प्रयासों की पहचान के रूप में पदक और सर्टिफिकेट के साथ-साथ यादगार टी-शर्ट भी दी गईं। तीन श्रेणी में आयोजित हुई इस हाफ मैराथन में 26 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के सभी उम्र वर्ग के तीन हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 21 किमी की क्लाउड चेज, 10 किमी का पाइन पाथ और पांच किमी का क्रिस्टल स्ट्रीम का आयोजन हुआ। 21 किमी हाफ मैराथन में 559, 10 किमी दौड़ में 1,502 और 5 किमी दौड़ में 977 धावक शामिल हुए। 21 किमी श्रेणी की दौड़ को असम राइफल्स के डायरेक्टर जनरल लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेरा और असम राइफल्स वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष विभा लखेरा ने हरी झंडी दिखाई। असम राइफल्स के एडिशनल डायरेक्टर जनरल, मेजर जनरल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और स्टेट हेड नॉर्थ ईस्ट रीजन और जुबिन गर्ग, चीफ जनरल मैनेजर, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मुंबई ने 10 किमी तथा पांच किमी श्रेणी को ब्रिगेडियर प्रशासनिक मुख्यालय के ब्रिगेडियर सचिंद्र तिवारी ने हरी झंडी दिखाई। ओवरऑल कैटेगरी में, 20 कुमाऊं, इंडियन आर्मी के संदीप देवराड़ी ने एक घंटे सात मिनट के समय के साथ 21 किमी दौड़ पूरी की।

# मैनेजर की त्रुटि से ग्रीन आईपीएल नीलामी में बल्लेबाजी के रूप में होंगे शामिल

● **मुझे नहीं पता कि मेरे मैनेजर को यह सुनकर अच्छा लगेगा की नहीं लेकिन वह इनकी तरफ से हुई एक गलती थी: कैमरून ग्रीन**



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने मंगलवार को होने वाली नीलामी में स्वयं को ऑलराउंडर की जगह बल्लेबाज के रूप में सूचीबद्ध किए जाने को अपने मैनेजर की 'त्रुटि' बताते हुए कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे। ग्रीन ने दो करोड़ रूपये के बेस प्राइस के साथ नीलामी में नाम दर्ज कराया है और बल्लेबाज के रूप में पंजीकरण कराने के कारण वह नीलामी में आने वाले पहले छह खिलाड़ियों में शामिल होंगे। ग्रीन ने बताया कि उनके मैनेजर ने पंजीकरण फॉर्म भरते समय 'त्रुटि से गलत बॉक्स चुन लिया' था। उन्होंने कहा कि मैं गेंदबाजी के लिए पूरी तरह तैयार रहूंगा। मुझे नहीं पता कि मेरे मैनेजर को यह सुनकर अच्छा लगेगा या नहीं, लेकिन यह उनकी तरफ से हुई एक गलती थी।

उनका इरादा 'बल्लेबाज' लिखने का नहीं था। शायद उन्होंने त्रुटि से गलत बॉक्स का चयन कर लिया। यह सब जिस तरह से सामने आया, वह काफी मजेदार था, लेकिन असल में यह उनकी तरफ से हुई गड़बड़ी थी। 26 वर्षीय ग्रीन पहले मुंबई इंडियंस (2023) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (2024) के लिए खेल चुके हैं, लेकिन पीठ की सर्जरी से उबरने के कारण वह 2025 सीजन में उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने जून में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में वापसी की थी, लेकिन बाद में उन्हें गेंदबाजी की मंजूरी मिल गई और मौजूदा ऐशेज में ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें ऑलराउंडर के रूप में इस्तेमाल किया है। उन्होंने पुष्टि की कि वह नीलामी पर नजर रखेंगे, जो तीसरे टेस्ट से एक रात पहले होगी। उन्होंने कहा कि वह यह देखने को लेकर उत्सुक हैं कि उनके नए साथी खिलाड़ी कौन होंगे।

# राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में अमन सहरावत और अंतिम पंघाल ने जीते स्वर्ण पदक

● **अमन सहरावत ने फाइनल में निखिल को 10-0 से हराकर पुरुषों का 61 किग्रा का खिताब जीता**

**अहमदाबाद, वार्ता।** ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम पंघाल ने राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के अपने -अपने फाइनल मुक. ाबलों में जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीते। पेरिस ओलंपिक 2024 के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत अपने पसंदीदा 57 किग्रा की बजाय 61किग्रा पुरुषों के फ्रीस्टाइल डिवीजन में मुक. ाबला करते हुए यह पदक जीता।

वह राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए वजन कम करने से बचना चाहते थे। वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शनिवार को मुकाबला करते हुए अमन ने शनिवार को फाइनल में निखिल को 10-0 से हराकर पुरुषों का 61 किग्राम का खिताब जीता। इससे पहले, अमन ने पहले राउंड में अधित नारायण को 12-1 से हराया और फिर क्वार्टर-फाइनल में ललित को 10-0 से हराया, जबकि उनकी दाहिनी आंख के ऊपर गहरा कट लग गया था। इसके बाद ओलंपिक मेडलिस्ट ने पटी बंधी और खून बहती भौंह के साथ मुक. ाबला जारी रखा और 2-0 की कमी को पूरा करते हुए सेमीफाइनल में अनुज कुमार को 13-2 से हराया। अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत ने फाइनल में विशाल कालिरामन को 10-0 से हराकर पुरुषों का 65किग्राम वर्ग का खिताब जीता। एशियन अंडर 23 स्वर्ण पदक विजेता विक्की ने 97 किग्राम का खिताब जीता। दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता पंघाल ने भी 53 किग्रा वर्ग के बजाय 55 किग्रा वर्ग में मुकाबला करने का फैसला किया।

# आंध्र प्रदेश ने पंजाब को हराया

● **हेमंत रेड्डी ने नाबाद ने 109 और एसडीएनवी प्रसाद ने 53 रनों की आतिशी पारी खेली**

**पुणे।** हेमंत रेड्डी (नाबाद 109) और एसडीएनवी प्रसाद (नाबाद 53) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर आंध्र प्रदेश ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 के सुपर लीग ग्रुप मुकाबले में पंजाब को एक गेंद शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। यहां टॉस जीतकर आंध्रप्रदेश ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 205 रनों का स्कोर खड़ा किया। कप्तान प्रभसिमरन सिंह 16 गेंदों में (20), हरनूर सिंह 30 गेंदों में (42), अनमोलप्रीत सिंह 27 गेंदों में (47), और रमनदीप सिंह 18 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (43) रनों का योगदान दिया। सलील अरोड़ा ने 22 गेंदों में पांच छक्के उड़ाते हुए नाबाद 42 रनों की पारी खेली। आंध्रप्रदेश की ओर से नीतीश कुमार रेड्डी, सत्यनारायण राजू, सौरभ कुमार और पृथ्वी राज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी आंध्रप्रदेश की शुरुआत बेहद खराब रही और अंतराल पर 56 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गंवा दिये थे। इस दौरान हेमंत रेड्डी एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। ऐसे संकट के समय में एसडीएनवी प्रसाद ने हेमंत रेड्डी के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच मैच विजयी 155 रनों की साझेदारी हुई। हेमंत रेड्डी ने 53 गेंदों में सात छक्के और 11 चौकों की मदद से 109 रनों की नाबाद पारी खेली। एसडीएनवी प्रसाद 35 गेंदों में चार छक्के और दो चौके लगाते हुए 53 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब के लिए गुरनूर बरार ने तीन विकेट लिये। आयुष गोयल और हरप्रीत बराड़ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### हैदराबाद ने राजस्थान को छह विकेट से हराया

**अंबी, वार्ता।** चामा मिलिंद और तनय त्यागराजन (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद तन्मय अग्रवाल (73) और राहुल बुद्धि (55) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर हैदरबाद ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 के सुपर लीग ग्रुप ए मुकाबले में राजस्थान को 17 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। यहां राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 178 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान की शुरुआत खबरा रही और उसने 19 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद महिपाल लोमरा. र और कुणाल सिंह राठौड़ ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। कुणाल 16 गेंदों में (27), मुकुल चौधरी 11 गेंदों में (20), कमलेश (29) और अशोक 10 रन बनाकर आउट हुये।

# भारत ने पाक को अंडर-19 एशिया कप में हराया



● **90 रन से जीता मैच, आरोन जार्ज ने 85 रन बनाए कनिष्क-दीपेश को 3-3 विकेट**

**दुबई, वार्ता।** भारत ने अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान को 90 रन से हरा दिया। दुबई में रविवार को खेले गए ग्रुप स्टेज मुकाबले में 241 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही पाकिस्तानी टीम 41.2 ओवर में 150 रन पर आलआउट हो गई। पाकिस्तान की ओर से हुजैफा अहसन ने सबसे ज्यादा 70 रन बनाए। भारत के लिए गेंदबाजी में दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान ने 3-3 विकेट झटके। किशन सिंह को 2 सफलता मिली, जबकि वैभव सूर्यवंशी और खिलन पटेल ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी। बारिश के कारण मैच को 49-49 ओवर का कर दिया गया। भारत ने आरोन जार्ज की 85 रन की पारी की बदौलत 240 रन बनाए। कनिष्क चौहान ने 46 और कप्तान आयुष म्हात्रे ने 38 रन का योगदान दिया। पिछले मैच में शतक लगाने वाले वैभव सूर्यवंशी इस बार सिर्फ 5 रन ही बना सके। दोनों टीमों की प्लेइंग-11 भारतरू आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, आरोन जार्ज, विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडु (विकेटकीपर), कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, किशन सिंह और हेनिल पटेल। पाकिस्तानरू उस्मान खान, समीर मिन्हास, अली हसन बलोच, अहमद हुसैन, फरहान यूसुफ (कप्तान), हमजा जहूर (विकेटकीपर), हुजैफा अहसन, निकाब शफीक, अब्दुल सुभान, मोहम्मद सैय्याम और अली रजा। कनिष्क चौहान ने सेट बल्लेबाज हुजैफा अहसन को 70 रन पर आउट कर दिया। 39वें ओवर में हुजैफा ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की। डीप मिडविकेट से भागते हुए वैभव सूर्यवंशी ने शानदार कैच लपक लिया। कनिष्क चौहान ने मैच में अपना दूसरा विकेट निकाला। उन्होंने अब्दुल सुभान को पवेलियन भेजा। सुभान 6 रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान को 35 ओवर के बाद जीत के लिए 78 बाल पर 113 रन की जरुरत थी। टीम को करीब 9 रन प्रति ओवर बनाने थे। पाकिस्तान के मिडिल आर्डर बल्लेबाज हुजैफा अहसन ने कनिष्क चौहान की बाल पर सिंगल लेकर अर्द्धशतक पूरा किया। 32वें ओवर में भारत ने छठा विकेट झटक लिया। ओवर की चौथी गेंद खुलन पटेल ने गुड लेंथ पर फेंकी, हम्जा जहूर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन बाउंड्री पर कैच हो गए। वे 20 गेंद पर 4 रन ही बना सके। 30वें ओवर में पाकिस्तान अंडर-19 टीम ने अपने 100 रन पूरे कर लिए।

# सुभासपा की जनसभा के बाद मुरादाबाद पहुंचे कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) द्वारा आयोजित जनसभा एवं जिला कार्यालय कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर मुरादाबाद पहुंचे। इससे पहले उन्होंने अमरोहा में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इसके उपरांत मंत्री राजभर मुरादाबाद के दिल्ली रोड स्थित मानसरोवर कॉलोनी में साई अस्पताल के पीछे बने पार्टी के जिला कार्यालय पहुंचे, जहां संगठनात्मक समीक्षा बैठक में शिर. कत की।कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका और क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष एवं मंत्री प्रतिनिधि रवि चौधरी सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी कार्यालय पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर का जोरदार स्वागत किया गया।बैठक के बाद मंत्री राजभर ने मीडिया से बातचीत करते हुए दिल्ली में आयोजित कांग्रेस पार्टी की रैली पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पहले यह सोचना चाहिए कि उत्तर प्रदेश में उसकी क्या स्थिति है। बिहार में कांग्रेस के केवल छह विधायक बचे हैं और देशभर में पार्टी की हालत किसी से छिपी नहीं है। कांग्रेस ने अपनी कब्र खुद खोदी है, दूसरे की क्या खोदेगी। सपने देखने में कोई बुराई नहीं है, देखने दीजिए, लेकिन हकीकत सबके सामने है। कांग्रेस नेताओं की भाषा पर आपत्ति जताते हुए मंत्री राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री की माता को लेकर अपशब्द कहना और देश की महिलाओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करना कांग्रेस की संस्कृति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जब भी राहुल गांधी विदेश जाते हैं, वह भारत को कटघरे में खड़ा करने का काम करते हैं, जिससे देश की छवि को नुकसान पहुंचता है।एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के मुद्दे पर विपक्ष के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री ने कहा कि विपक्ष एक तरफ इसका विरोध कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ बूथों पर जाकर खुद ही अपने फॉर्म भर रहा है। इससे विपक्ष की दोहरी राजनीति साफ झलकती है।इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे और संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया गया।




# किसान पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित किसान क्रिकेट प्रीमियर लीग 2025 वीवो कप का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** किसान पब्लिक इंटर कॉलेज द्वारा आयोजित किसान क्रिकेट प्रीमियर लीग 2025 वीवो कप के उद्घाटन आईटीएम ग्रुप के प्रशासक आरिफ पाशा एडवोकेट ने किया इस मौके पर उन्होंने कहा छात्र जीवन में खेलों का बहुत महत्व है खेल हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ दुरुस्त रखते हैं उन्होंने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया पहला मैच मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग के बीच खेला गया चेन्नई सुपर किंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया परंतु उनकी टीम 12 ओवर के मैच में मात्र 120 रन बना सके जवाब में मैदान पर लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस ने मंत्र पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया मुंबई इंडियंस के कप्तान मोहम्मद आमिर ने सर्वाधिक 32 रन बनाए और 5 विकेट से अपनी टीम को विजय दिलाई कप्तान मोहम्मद आमिर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच रॉयल चौलेंजर बैंगलोर कोल. काता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया जिसमें जिसमें रॉयल चौलेंजर बेंगलुरु के कप्तान आफरीदी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए उनकी टीम ने मात्र 103 रन का लक्ष्य रखा जिसको कोलकाता नाइट राइडर्स की और से आसानी से प्राप्त कर लिया कोलकाता की ओर से सर्वाधिक रन अब्दुल रहमान ने 44 रन की पारी खेली और अपनी टीम को साथ विकेट से विजई बना लिया अब्दुल रहमान को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का उपहार मैन ऑफ द मैच दिया गया मैच में अंपायरिंग मोहम्मद उवैस ओर गोसे आजम ने की स्कोरिंग का भार मोहम्मद इकराम और कमेंट्री मोहम्मद अलीम नेकी मैच में रेफरी की भूमिका हुस्न ए आलम और इंतखाब आलम ने निभाई उद्घाटन समारोह में समा. जवादी पार्टी के पूर्व जिला सचिव जावेद मुगल अलवरु स्कूल के संचालक तस्लीम अहमद आईटीएम ग्रुप के डायरेक्टर अफरोज पाशा एड किसान ब्रिक वर्क के स्वामी मोहम्मद फिरोज चकफाजलपुर के प्रधान पुत्र रेहान पाशा राहिल सकलेनी मोहम्मद वसीम पाशा मोहम्मद आसिम छिदद्दा मुखिया मोहम्मद शहरोज मोहम्मद सलमान के अलावा सैकड़ो दर्शक मौजूद रहे।



# नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में व्यापारियों ने बांटी मिठाइयां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बर्तन बाजार में उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन (रजि.) की ओर से भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को बनाए जाने की खुशी में हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर व्यापारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दीं,व्यापारियों ने 21 किलो लड्डुओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने कहा कि पंकज चौधरी का प्रदेश अध्यक्ष बनना पार्टी के लिए ही नहीं, बल्कि प्रदेश के व्यापारी समाज के लिए भी एक सकारात्मक संदेश है। उन्होंने आशा जताई कि उनके नेतृत्व में व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाएगा और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। व्यापारियों ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता दी है और आगे भी यह क्रम जारी रहेगा,इस मौके पर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि व्यापार और उद्योग प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। ऐसे में एक मजबूत और अनुभवी नेतृत्व से व्यापारिक वातावरण को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। व्यापारियों ने भरोसा जताया कि पंकज चौधरी के नेतृत्व में व्यापारियों की सुरक्षा, सरल कर व्यवस्था और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने जैसी योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा,कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित व्यापारियों ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की और भाजपा के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई। बर्तन बाजार में मिठाइयों के वितरण और आपसी बधाइयों के साथ कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जोनी प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता के अलावा टोनी सहगल,सुप्रीत खन्ना ,गौरव अग्रवाल चौधरी ,पंकज नागपाल ,शिवम गुप्ता ,राजेश शर्मा ,मोंटू दिवाकर, हिमांशु अग्रवाल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।




# 28 दिसम्बर को लखनऊ में जमा होंगे देश के शिया समुदाय के लोग: कमर रजा दानिश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** 28 दिसम्बर को शिया कुंदरकी 28 दिसम्बर को लखनऊ में जमा होंगे देश के शिया समुदाय के लोग। यह जानकारी आल इंडिया के विशेष कार्य समिति सदस्य कमर रजा ने पत्रकारों को दी उन्होंने बताया की आल इंडिया शिया परसनल लॉ का सालाना इजलास 28 दिसम्बर को लखनऊ के आसिफ दौला (बड़ा) इमाम बड़े में होगा जिसमे देश के लाखो लोगो के आने की शिरकत करेंगे। बोर्ड के जो मुद्दे है उसमे हम देश में शिया समुदाय साथ करोड़ कुंदरकी 28 दिसम्बर को शिया कुंदरकी 28 दिसम्बर को लखनऊ में जमा होंगे देश के शिया समुदाय के लोग 7 करोड़ है जबकि उनकी बुन्यादी समस्यायों पर कोई धेयान नहीं दे रहा वही जो अल्पसंखो के लिए सरकार बजट देती है उसमे वही पर कुंडली जमाये बैठे चटुकार सब पैसा ले उड़ते और शिया समाज को कोई पैसा नहीं इसलिए सरकार को शिया समुदाय को अलग से फण्ड दिया जाए और सच्चर कमेटी की रिपोर्ट को फौरन लागू किया जाए जिसके लिए हामरे बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव फखरे मिल्लत मौलाना यासूब अब्बास निरंतर प्रदेश व केंद्र सरकार से निरंतर बात जीत कर रहे उन्होंने सभी लोगो से 28 दिसम्बर को ज्यादा से जयदा बोर्ड के इजलास में शामिल होने की अपील की है।

## खनन कर ले जा रहे डम्पर बंन रहे लोगों के लिए मुसीबत

**कांठ( शाह टाइम्स )।** खनन कर मिट्टी ले जा रहे तेज रफ्तार डंपर लोगों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं भारतीय किसान यूनियन की डंपरों को त्रिपाल से ढककर ले जाने की मांग भी अनसुनी की जा रही है। बतादे कि क्षेत्र में सालों से खनन का कारोबार चल रहा है अवैध खनन करने वालों पर संबंधित विभाग कार्रवाई करता है फिर भी खनन के काम में रोजाना बढ़ोतरी होती चली जा रही है इस वक्त भी सरकारी ट्यूबवेल के पास किए जा रहे खनन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हैं लेकिन इस संबंध में प्रशासनिक स्तर से कोई ठोस कदम न उठाए जाने के कारण खनन करने वालों के हौसले और बुलंद होते चले जा रहे हैं। इस समय दिन भर हर सड़क पर खनन कर मिट्टी ले जाने वाले डंपरों को तेज रफ्तार गुजरते हुए देखा जा सकता है और यह मिट्टी लोगों के सांस लेने में तो दिक्कत बन ही रही है सड़क पर चलने वाले लोगों पर भी उड़ रही धूल मुसीबत खड़ी कर रही है भारतीय किसान यूनियन इस संबंध में तहसील में ज्ञापन देकर डंपरों की रफ्तार पर ब्रेक लगाने और इन्हें ढककर ले जाने की मांग कर चुकी है लेकिन उस मांग को भी अभी अनसुना किया जा रहा है कुल मिलाकर 18 दिसंबर को होने वाली भारतीय किसान यूनियन की त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान यह मुद्दा एक बार फिर उठने वाला है।

## एक नजर

### सपा करेगी एसआईआर की समीक्षा बैठक



**बिलारी।** सोमवार को मुरादाबाद रोड पर पेट्रोल पंप के निकट रॉयल रिसॉर्ट में समा. जवादी पार्टी के बीएलए की समीक्षा बैठक होगी। जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी प्रशांत गुप्ता ने बताया कि समीक्षा बैठक में एसआईआर प्रभारी, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक कांठ कमाल अख्तर, जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान समेत पार्टी के गणमान्य पदाधिकारी आदि उपस्थित रहेंगे। बताया कि समीक्षा बैठक में एसआईआर को लेकर बीएलए से रिपोर्ट ली जाएगी और एसआईआर को लेकर आ रही दिक्कतों को भी बीएलए प्रभारी से मिलकर अपनी बात रखेंगे।

### कार की चपेट में आकर चार साल की बच्ची की मौत

कांठ (शाह टाइम्स) कार की चपेट में आकर 4 साल की बच्ची की मौत हो गई बच्ची अपने पिता की इकलौती संतान बताई जा रही है। बताया गया कि सैनी धर्मशाला के पास विवेक कुमार की 4 साल की बेटी खेल रही थी तभी एक तेज रफ्तार गाड़ी जिस पर आजाद समाज पार्टी नगर अध्यक्ष लिखा था वहां से गुजरी और बच्ची के ऊपर से निकल गई जिससे बच्ची की मौके पर मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही लोग मौके पर इकट्ठे हो गए बच्ची के परिवार में कोहराम मच गया परिजनों ने कार्यवाही के लिए तहरीर दिए जाने की बात कही है। कार सवार युवक नगर के ही बताए जा रहे हैं।

### शादी समारोह से लौट रहे थे घर, ट्रक की टक्कर लगने से बस से भिड़ी कार, तीन लोग घायल



**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के रामपुर- मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर देर रात एक परिवार शादी समारोह से घर लौट रहा था,वह मौलागढ़ स्थित चंद्रा टूरिस्ट ढाबे पर पहुंचे ही थे कि उनकी कार में पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे आगे चल रही रोड़वेज बस से भिड़ गई, संभल के रहने वाले बसीम पुत्र लईक इंडीवर कार से बारात में शनिवार को रामपुर गए थे, वह शादी समारोह से शनिवार रात लगभग 3:30 बजे देर रात अपने घर संभल जा रहे थे,कार से मौलागढ़ चंद्रा ढाबे के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे आगे चल रही रोड़वेज में घुस गई,कार में पांच लोग सवार थे।

कार में बैठे बसीम, पत्नी अनम,रानी पत्नी सिराजुद्दीन घायल हो गए, सड़क हादसे की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया, सड़क हादसे के बाद इंडीवर कार चकनाचूर हो गई जिसे पुलिस ने क्रेन की मदद से चौकी दलपतपुर में खड़ा कर दिया है, मूंढापांडे थाना मोहित चौधरी ने बताया कि तहरीर मिलने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला की प्रबंध समिति को कारण बताओ नोटिस

**ठाकुरद्वारा।** जनता इंटर कॉलेज, गोपीवाला की प्रबंध समिति पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक की संस्तुति पर संयुक्त शिक्षा निदेशक ने कॉलेज प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, आजीवन सदस्य जसवंत सिंह व साधारण सभा सहित अन्य द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायत संख्या के आधार पर मामले की जांच कराई गई थी। जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत आख्या में जनता इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति द्वारा उत्तर प्रदेश शैक्षिक संस्थाएं अवांछनीय क्रियाकलापों का निवारण अधिनियम के उल्लंघन की पुष्टि हुई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की संस्तुति की। इसी क्रम में संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय ने प्रबंध समिति को नोटिस जारी करते हुए निर्देश दिए हैं कि वह एक सप्ताह के भीतर सभी आरोपों पर साक्ष्यों सहित अपना पक्ष प्रस्तुत करे। नोटिस में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर संतोषजनक उत्तर उपलब्ध नहीं कराया गया, तो यह मान लिया जाएगा कि प्रबंध समिति को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है।

ऐसी स्थिति में अधिनियम की धारा के अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई का प्रस्ताव निदेशालय को भेज दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित प्रबंधन की होगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र के शिक्षा जगत में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है ।

# क्षत्रिय महासभा में विधायक रामवीर सिंह ने युवाओं को नशे से दूर रहने का दिया मंत्र

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र में रविवार को क्षत्रिय महासभा के युवा सम्मेलन में विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा ही समाज को मजबूत बना सकती है,विधायक ने मूंढापांडे स्थित एक मैरिज होल में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के युवा परिचय एवं संवाद का कार्यक्रम को संबोधित किया तथा कहा कि हुनर प्राप्त कर आत्मनिर्भर बने और समाज में संवाद स्थापित कर समाज को उर्जा दें और शिक्षक युवक ही संगठित समाज की स्थापना कर सकते है।

उन्होंने गरीब बेटियों की शादियों में आगे आने का आह्वान किया, निर्यातक एवं समाज सेवी राहुल ठाकुर ने युवाओं को अपने लक्ष्य का दायरा बढ़ाकर कारोबार अपनाने चाहिए, उनकी अर्थिक स्थिति मजबूत होगी तो तभी समाज मजबूत होगा।

अविनाश चौहान ने कहा समाज में क्षत्रियो को हमेशा से न्याय के लिए जाना जाता है, ये समाज गरीब बेवस लोगों की हमेशा बिना भेद भाव जाती प्रंथ जाने बिना सम्पूर्ण मदद करता है, इस अवसर पर अनित ठाकुर क्षत्रिय महासभा युवा जिलाध्यक्ष,जिलाध्यक्ष रंजीत ठाकुर, युवा जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, चौहान, अशोक कुमार सिंह, के पी सिंह, देवेन्द्र सिंह, ठाकुर ज्ञान सिंह, दुर्गपालसिंह, महेन्द्र सिंह अरविंद राठौर रामौतार सिंह, संजय कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ 'नवम दीक्षांत समारोह' का आयोजन

## 'शिक्षा वास्तव में एक निवेश है, जिसे अगर समझदारी से किया जाए तो राष्ट्र के लिए सबसे फायदेमंद परिणाम मिलेंगे और विकास की गति तेज होगी': डॉ. मुकुन्दकाम शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि व सर्वोच्च न्यायालय-भारत के पूर्व न्यायाधीश एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के पूर्व कुलाधिपति न्यायाधीश डॉ. मुकुन्दकाम शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि "दीक्षांत समारोह किसी भी विश्वविद्यालय के लिए अपनी गौरवशाली परंपरा को सहेजते हुए अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सराहने का दिन होता है। इस अवसर पर मैं उन सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ जो अपने अथक परिश्रम, बौद्धिक क्षमताओं एवं व्यावहारिक अनुशासन के द्वारा इस दिन की सार्थकता के साक्षी बने हैं और यह विश्वविद्यालय उन्हें पदक एवं उपाधियों से अलंकृत कर, इस दिन को आप सभी के लिए चिरस्मरणीय बना रहा है। आज का यह दीक्षांत समारोह आप सभी के लिए अनमोल, अतुलनीय और अविस्मरणीय पलों का साक्षी बनकर जीवन पर्यंत आपकी स्मृति में संचित रहे, ऐसी मेरी कामना है। मैं ऐसे मेधावी छात्र-छात्राओं के माता-पिता, अभिभावकों और शिक्षकों को भी बधाई देता हूँ। विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को अपनी कौशल क्षमता में इस प्रकार वृद्धि करें कि वे नौकरी लेने की बजाय नौकरी देने वाले बनें। डॉ. शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को डिग्री देना किसी भी यूनिवर्सिटी के लिए सबसे शुभ अवसरों में से एक है क्योंकि उच्च शिक्षा संस्थानों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उस विशेष विषय में ज्ञान, सूचना और शिक्षा के साथ सक्षम और सशक्त बनाना है जिसे छात्र ने चुना है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का यह प्रयास छात्र को अपनी पसंद के क्षेत्र में सफल होकर अपनी सच्ची व्यक्तिगत क्षमता का उपयोग करने में मदद करेगा और इस तरह देश का उपयोगी नागरिक बनकर एक बेहतर समाज में सामूहिक रूप से योगदान देगा। उन्होंने आईएफटीएम विश्वविद्यालय की निरंतर हो रही प्रगति पर आश्वस्त करते हुए कहा कि यह संस्थान एक दिन विश्व के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में एक होगा। डॉ. शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षक और शोधार्थी शिक्षण और अनुसंधान के क्षेत्र में विश्वस्तरीय उत्कृष्ट योगदान दें। साथ ही साथ जीवन जीने का कौशल भी सीखें, ताकि वे अपनी शिक्षा का उपयोग मानव अधिकारों, स्थायी विकास तथा वैश्विक कल्याण के लिए करें तथा वे सही मायने में वैश्विक नागरिक बन सकें।" विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल ने दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के उपरान्त दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए समारोह के शुभारम्भ की घोषणा की व विद्यार्थियों को 'अखंडता की शपथ' दिलाई। कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि डॉ. शर्मा एवं अन्य सभी उपस्थितों का हार्दिक स्वागत करते हुए विश्व. विद्यालय के शैक्षिक कार्यक्रमों की जानकारी दी व स्वर्ण पदक और डिग्री प्राप्त करने वाले युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या पढ़ने के साथ हीं। विश्व. विद्यालय को नई ऊँचाइयों तक ले जाने हेतु हर सम्भव प्रयास किये जाने के प्रति प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने यह भी बतायाा कि वश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के स्किल डेवलपमेंट को अपडेट रखने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय में 78 से अधिक विभिन्न 'स्किल बेस्ड कोर्सेस' भी संच. ालित हो रहे हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए अलग से सोफ्ट स्किल्स की रेगुलर क्लासेस भी संचालित होती हैं, जिसके उत्साहजनक परिणाम भी देखने को मिल रहे है। इसके उपरान्त कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल की अगुवाई में शंकर भवन से समारोह स्थल तक 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा' की मधुर धुन पर शैक्षणिक शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सत्र 2023-2024 एवं सत्र 2024-2025 के 151 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं 105 शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि समेत कुल 6993 विद्यार्थियों को डिग्रियों से सम्मानित किया गया। साथ ही इस दौरान बी.टेक (बायोटैक्नोलॉजी)- 2009 बैच की सुश्री रूचिका मित्तल, बी.टेक (ईसी)- 2007 बैच की डॉ. अनीमा जौहरी, बी. फार्म-2006 बैच के श्री हर्ष कुमार वार्ष्णेय, एम.बी.ए.- 2013 बैच के दीपांशु कश्यप, डिप्लोमा (एमई)- 2015 बैच के अभिषेक शर्मा एवं बी.एससी (पीसीएम)- 2019 बैच के सचिन कुमार को विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गोल्ड मेडल व डिग्रियां पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। समारोह के दौरान गोल्ड मेडल तथा डिग्रियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यार्थियों ने अपनी कैप चूमी और हवा में लहराई व शिक्षकों और सहपाठियों के साथ सेल्फी भी लीं। इस मौके पर प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल, आईएफटीएम सोसायटी की सम्मानित सदस्या श्रीमती मंजू कोठीवाल, श्रीमती रश्मि कोठीवाल, डॉ. शमा अग्रवाल, शासी निकाय के सम्मानित सदस्य व यूजीसी, नई दिल्ली के पूर्व सचिव डॉ. आर. के. चौहान, पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर के पूर्व कुलसचिव डॉ. आर.सी.एस. मेहता, एरेक्सन इण्डिया लिमिटेड के हेड श्री प्रसून तिवारी, एडवोकेट श्री सुभाष माथुर एवं कार्य परिषद के सम्मानित सदस्य व यूजीसी, नई दिल्ली के पूर्व संयुक्त सचिव प्रो. नारायण सिंह, चितकारा विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के प्रतिकुलपति प्रो. के.के. मिश्रा एवं विद्या परिषद के सम्मानित सदस्य व जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय नई दिल्ली के पुर्व कुल. पति प्रो. एस.एच. अंसारी, आई.आई.टी बीएचयू वाराणसी के पूर्व प्रोफेसर ए.के. झा, मुरादाबाद जनपद के कई सम्मानित प्रशासनिक अधिकारी, मीडियाकर्मी, प्रतिकुलपति डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति डॉ. नवनीत वर्मा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनुज श्रीवास्तव, विश्व. विद्यालय के सभी संकायों के डीन, निदेशकगण, अधिकारीगण, विभागाध्यक्ष, शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण समेत छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावकगण उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन प्रतिकुलपति डॉ. वैभव त्रिवेदी द्वारा किया गया।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 15 दिसम्बर 2025

# कांग्रेस की हुंकार

रविवार को तय कार्यक्रम के अनुसार कांग्रेस ने दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली की। जैसीकि उम्मीद थी कांग्रेस नेता केंद्र सरकार पर जमकर बरसे। वैसे भी यह रैली वोट चोरी को लेकर बुलाई गई थी और उसमें नारा भी यही दिया गया था कि वोट चोर गद्दी छोड़। कांग्रेस नेता यह नारा पहले भी देते रहे हैं, विशेषकर बिहार चुनाव के दौरान उन्होंने इस नारे का जमकर उपयोग किया था। जाहिर है, चुनाव आयोग भी उनके निशाने पर रहना था, जोकि पहले भी रहता रहा है। राहुल गांधी विपक्ष नेता के रूप में लोकसभा में भी इस नारे को लेकर काफी गंभीर रहते हैं। इस रैली का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है कि यह रैली ऐसे समय में हो रही है जब बिहार चुनाव में भारी पराजय के बाद कांग्रेस के नेताओं में हताशा की आशंका व्यक्त की जा रही थी। साथ ही इस समय संसद का शीतकालीन सत्र भी चल रहा है। इस लिहाज से कांग्रेस इस रैली को सफलतापूर्वक कर अपना मनोबल बनाए रखने में सफल रही, क्योंकि जिस तरह भीड़ उमड़ी निश्चित रूप से उसने कांग्रेस नेताओं में आत्मविश्वास जताया होगा। कांग्रेस के तमाम नेताओं ने पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व चुनाव आयोग को इस रैली के माध्यम से सीधे निशाने पर लिया और साफ कहा कि चुनाव आयोग सरकार के साथ साठगांठ कर सरकार बनाने में मदद कर रहा है। राहुल गांधी तो यहां तक कह गए कि अगर उनकी सरकार आती है, तो तीनों चुनाव आयुक्तों को कानून के कठघरे में लाया जाएगा। जहां तक बात आरोप-प्रत्यारोप की है, राजनीति में यह सब चलता रहता है, लेकिन जिस तरह चुनाव आयोग आजकल विपक्ष के निशाने पर है और जिस तरह के आरोप लग रहे हैं, निश्चित रूप से यह हमारे लोकतंत्र के लिए किसी गंभीर खतरे से कम नहीं है। सच क्या है झूठ क्या है यह तो तब पता चले जब निष्पक्ष जांच हो, लेकिन एक बात तो साफ है जो देश में इस समय वातावरण बना हुआ है और विपक्ष एक स्वर में चुनाव आयोग पर निशाना साध रहा है, उससे चुनाव आयोग की निष्पक्षता जरूर सवालों में खड़ी होती है। यह देखकर निसंदेह बेहद दुख होता है कि चुनाव आयोग विपक्ष की किसी बात का ठोस तरीके से जवाब नहीं दे रहा है। एक कड़वा सच यह भी है कि केंद्र सरकार किसी भी मामले की जांच कराने के बजाए चुनाव आयोग के ही पक्ष में खड़ी दिखाई दे रही है। कोई साधारण बुद्धि वाला आदमी भी समझ सकता है कि अगर चुनाव आयोग की नियत पर ही सवाल खड़े किए जाएंगे तो उसके द्वारा कराए जा रहे चुनाव पर कैसे सवाल खड़े नहीं होंगे। सरकार भले ही चाहे खुले मन से स्वीकार न करे लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि बिहार में जिस तरह उसने दस हजार रुपये चुनाव के समय देने का वादा किया है, वह किसी वोटर को घूस देना नहीं तो इससे ज्यादा क्या हो सकता है। यही विपक्ष भी कह रहा है। संविधानिक संस्थाएं भी लड़खड़ा रही हैं। यही विपक्ष का आरोप भी बराबर रहा है, लेकिन सरकार की तरफ से ऐसा कोई ठोस जवाब अब तक नहीं आ रहा है, जिससे लगे कि विपक्ष उसके ऊपर बेकार के आरोप लगा रहा है।

## मोदी व अमित शाह घबरा गए



आज संसद में मुश्किल से एक सत्र में केवल 1-2 बहस होती हैं, जब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने संसद में मुद्दा उठाया कि हमें चुनाव पर, एसआईआर पर, वोट चोरी पर बहस करनी है, तो प्रधानमंत्री मोदी व गृह मंत्री अमित शाह घबरा गए। उन्होंने हमारी बात नहीं मानी, अंत में कैसे माने कि हम वंदे मातरम पर भी चर्चा करेंगे, हम संसद में यह बहस करते रहे कि राष्ट्र गीत किसका है, राष्ट्र गीत कैसे बना, राष्ट्र गीत क्यों बना और जो बड़ी-बड़ी समस्याएं हैं, जिससे आप जूझ रहे हो-बेरोजगारी, महंगाई, पेपर लीक, इनके बारे में चर्चा करने की हिम्मत नहीं है, मैं भाजपा चुनौती देती हूं कि ये एक सही चुनाव लड़ लें, बैलेट पर लड़ लें, तो वो खुद जानते हैं कि वो कभी नहीं जीत पाएंगे। **-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस सांसद**

# कुछ ही सालों में शुरू हो जाएगा प्रकृति का कहर

### खेत, खलिहान और भारतीय लोगों को निपटा देंगी सरकार की प्रकृति विरोधी योजनाएं



**पवन सिंह**



इस देश में पर्यावरण पर लिखना अमूमन प्रचंड मूखर्ता की श्रेणी में आता है और मैं बतौर एक प्रचंड मूर्ख अपने पूरे होशो-हवास में यह लेख लिख रहा हूं कि कुछ ही सालों में नेचर बदला लेना शुरू कर देगी। प्रकृति का यह वार देश के एक बड़े भू-भाग को तहस-नहस कर देगा। विश्व के तमाम देशों ने विकास के चरम को छुआ लेकिन उनका समानांतर एक प्रयास रहा कि जड़, जंगल, जमीन, पहाड़ और नदियां सुरक्षित रहें, लेकिन एक हम ऐसे अभागे हैं कि हमने विगत कुछ ही सालों में नादिरशाह की तरह प्राकृतिक संसाधनों को लूटा है और ऐसा लूटा है कि इसकी कीमत हर जिंदा आदमी उठाएगा और जो जन्म लेने वाला है वह मौत बन चुके पर्यावरण में पहली सांस लेगा।

विगत 10 सालों यानी कि वर्ष 2015 से लेकर वर्ष, 2025 के बीच भारत में वनों की कटाई का कोई सटीक आंकड़ा तो नहीं है लेकिन वनों की कटाई से संबंधित जो अलग-अलग रिपोर्ट्स प्रकाशित हुई हैं, उन अध्ययनों का विश्लेषण करें तो भारत का लाखों हेक्टेयर वन क्षेत्र अब गायब हो चुका है। वर्ष 2015 से 2020 के मध्य भारत में 6.68 लाख हेक्टेयर की वार्षिक दर से वनों की धुआंधार कटाई हुई। भारत में वनों की कटाई की यह रफ्तार दुनिया में सबसे जबरदस्त रही। ऐसा लग रहा है जैसे कोई वहशी, भूखा, निकृष्टतम, लालची प्रकृति दुश्मन एक झटके में सब कुछ लूट लेना चाहता है। एक अध्ययन के अनुसार 2015-2024 में 1.3 से 1.5 मिलियन हेक्टेयर जंगल कटे, जबकि सरकार ने तथाकथित विकास कार्यों के निम पर 1700 वर्ग कि.मी. यानी कि 1।7 मिलियन हेक्टेयर जंगल काट डाले। डाउन टू अर्थ, रिपोर्ट वर्ष 2023 के अनुसार वर्ष, 2015 से 2020 के बीच, भारत का 668,400 हेक्टेयर यानी कि लगभग 6.68 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र कट कर खत्म हो गया। यह वन कटान रफ्तार वैश्विक स्तर पर दूसरी सबसे तेज वनों की कटान रफ्तार रही। विभिन्न आईआईटी अध्ययन रिपोर्ट्स 2025 के अनुसार वर्ष 2015 से 2019 के बीच 1,033 वर्ग किलोमीटर यानी कि 1.033 मिलियन हेक्टेयर वन क्षेत्र कुछ वहशी व राक्षसी उद्योगपति, जंगल माफियाओं व सफेदपोश लकड़ीखोरों की भेंट चढ़ गया। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच की वर्ष, 2025 की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष, 2000 के बाद से भारत ने 2.33 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष क्षेत्र जिसे आंग्ल भाषा में आप जतमम बवअमत कह सकते हैं, वह हमने खो दिया है। हालांकि एक सरकारी बयान भी है वर्ष, 2024 का जिसके अनुसार-विकास गतिविधियों के कारण पिछले 10 सालों में 1,700 वर्ग किलोमीटर यानी कि 1.7 मिलियन हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र नष्ट हुआ, जिसमें कोयला खनन और शहरी फैलाव मुख्य कारण थे। इसके ठीक विपरीत चीन जो जनसंख्या और तकनीकी तौर पर हमसे कम से कम 50 साल आगे जा चुका है, वहां वन क्षेत्र आश्चर्यजनक रूप से बढ़ा है। चूंकि चीन की साक्षात्कार दर 100 प्रतिशत है और साथ ही बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा ही इको-फ्रेंडली और साइंटिफिक टैंपरामेन्ट व सिविक सेंस, के साथ चलती है। उसका नतीजा यह निकला है कि चीन ने अपने पर्यावरण संरक्षण के अभियानों को एक नवीन ऊंचाई दी है। चीन में 2022 में यह 99.83 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिसमें युवा साक्षरता दर 100 प्रतिशत के करीब है। चीन ने ग्रेन फॉर ग्रीन नाम से एक अभियान डिजाइन किया और उद्योग. पति से लेकर खनन पर सख्त नीतियां बनाई। किसी उद्योगपति को इतनी हैसियत और अधिकार नहीं दिए कि वह सत्ता को मोजा समझ कर जूतों में डाल ले। परिणामत: चीन का फॉरेस्ट कवर forest coverage वर्तमान में 25 प्रतिशत बढ़ गया और वह विश्व के हरे-भरे देशों में शामिल हो गया। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि चीन ने अपने सबसे बड़े गोबी रेगिस्तान को ही बांध दिया है। उसने ग्रेट ग्रीन वॉल यानी महाहरित दीवार परियोजना लागू की और 66 अरब पेड़ लगा ही नहीं डाले बल्कि उन्हें संरक्षित भी किया। नतीजा गोबी व तकलामकन जैसे रेगिस्तानों का फैलाव कम हुआ है। ग्रेट ग्रीन वॉल के तहत वर्ष, 2050 पूरे देश की आबो-हवा बदल देगा। चीन आज पूरी दुनिया में वृक्षारोपण के क्षेत्र में सबसे तीव्र गति से व सबसे ज्यादा वृद्धि वाला देश है। इससे उलट हमने अपने ही देश, अपने ही देश के नागरिकों के विनाश की योजनाओं पर इतनी तेजगति से काम किया है कि आने वाले पांच से दस सालों में हम समूचे उत्तरी भारत को एक गैस चेंबर बना चुके होंगे। अब सरकार अरावली पर्वत श्रंखला को ही निपटाने की तैयारी में है। मेरे एक पाठक ने मुझे लिखकर दिया है कि मुंबई-गुरुग्राम एक्सप्रेस, दौसा-बांदीकुई के बीच का एरिया रीको यानी राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम में जा चुका है बस नोटिस मिलना बाकी है, डांग एरिया रणथंभौर कैलादेव अभ्यारण में गया, करौली एरिया की जमीन पांचना दम में गई और सवाई माधोपुर करौली बॉर्डर एरिया की डोगरी दम में जाना प्रस्तावित है, बीसलपुर का विस्तार अभी प्रस्तावित हैं। इशारदा दम का विस्तार चल रहा है। भरतपुर ब्यावर एक्सप्रेस प्रस्तावित हैं सरिस्का का विस्तार अभी चल रहा है। यह सब योजनाएं खेत, खलिहान और किसान को निपटा देंगी। इस इलाके में कुछ साल पहले जो खुशहाल थी आज यहान विस्थापन पूरे शिखर पर हैं। कुछ ही सालों के भीतर ही भारत में नेचर पलटकर बदला लेना शुरू कर देगी। सब कुछ तहस-नहस कर देगी। देश में खासकर उत्तरी भारत में नेचर के डकैत ऐसा नंगा नाच करेंगे यह भयावह कल्पना अब साक्षात नजर आ रही है। जो चल रहा है यकीन मानिए और मुझ पर भरोसा करिए कि आने वाली पीढ़ी कुछ ही सालों का जीवन लेकर आएगी और भूख, पानी व प्राकृतिक क्रोध से इसी मिट्टी में मिल जाएगी। इन लाशों में उनकी लाशें, उनकी औलादों की लाशें और औलादों की औलादें भी लाश बन जाएंगी जो आज तालियां पीट रहे हैं। हम इस देश को जिंदा श्मशान बना रहे हैं। मूर्ख की लेखनी जारी रहेगी...।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भाजपा नेतृत्व की अपेक्षा पर खरा उतरने की चुनौती



**यशोदा श्रीवास्तव**

उत्तर प्रदेश में भूपेंद्र चौधरी की जगह पूर्वी उत्तर प्रदेश के कद्दावर भाजपा नेता पंकज चौधरी को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर 2027 में विधानसभा चुनाव के नफा नुकसान पर चर्चा शुरू हो गई है। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट नेता हैं। जाटों में उनका अच्छा खासा प्रभाव है। किसान आंदोलन में भाजपा से जाटों की नाराजगी दूर करने के लिए भूपेंद्र चौधरी को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाया गया था। 2024 के लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा भले ही सबसे खराब हालत में रही लेकिन चुनाव परिणाम पर गौर करें तो पता चलता है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाटों ने भाजपा के लोकसभा प्रत्याशियों को भर भर कर वोट दिया था। जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में भाजपा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। यहां के कुर्मी वोटरों का बड़ा वर्ग भाजपा से नाराज दिखा नतीजा समाजवादी पार्टी के सात कुर्मी उम्मीदवार लोकसभा चुनाव जीतने में सफल हो गए। सच कहा जाए तो केंद्र में भाजपा को पूर्ण बहुमत से दूर रखने में उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव परिणाम का बड़ा योगदान था। पूर्वी उत्तर प्रदेश के महराजगंज संसदीय क्षेत्र से नए प्रदेश अध्यक्ष स्वयं पंकज चौधरी की ही जीत मुश्किल में पड़ गई थी। कांग्रेस के वीरेंद्र चौधरी ने इन्हें कड़ी टक्कर दी थी। यह मुकाबला दो कुर्मी नेताओं के बीच की थी जिसमें कांग्रेस के कुर्मी नेता वीरेंद्र चौधरी कुर्मी वोटरों के बीच कहीं से कमजोर नहीं दिखे। जाहिर है महराजगंज क्षेत्र से सात बार के सांसद पंकज चौधरी की अध्यक्ष पद पर ताज पोशी के पीछे पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुर्मी बिरादरी सहित अन्य बैकवर्ड वोटरों में भाजपा के प्रति आकर्षण पैदा करना ही है। पंकज चौधरी भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की अपेक्षा पर कितना खरा उतर पाते हैं यह देखना होगा।

पंकज चौधरी की राजनीतिक महत्वाकांक्षा पर नजर डालें तो पता चलता है कि गोरखपुर के एक प्रतिष्ठित व्यवसाई परिवार का नौजवान किस तरह गोरखपुर नगर निगम के पार्षद फिर डिप्टी मेयर से लेकर लोकसभा की दहलीज तक पहुंचने में कामयाब हुआ। महराजगंज जिले में भाजपा का कोई नामचीन नेता नहीं था। लिहाजा यहां से भाजपा नेता के रूप में पंकज चौधरी की इंट्री भाजपा के लिए मुफीद साबित हुई।कभी यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह के करीबी रहे पंकज चौधरी पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डाक्टर रमापति राम त्रिपाठी की प्रेरणा से भाजपा में शामिल हुए और 1990 में जयपुर में आयोजित भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में इनके महरा. जगंज से लोकसभा का चुनाव लड़ने की सुगबुगाहट शुरू हुई और 1991 में पंकज चौधरी को यहां से लोकसभा का टिकट दिया गया। महराजगंज लोकसभा क्षेत्र कुर्मी बाहुल्य है। यहां के कुर्मी बिरादरी में पंकज चौधरी के पिता स्वर्गीय हरिवंश राम का बड़ा मान था। तब यहां कुर्मी बिरादरी का कोई नेता भी नहीं था। 1991 में पंकज चौधरी उस समय लोकसभा का चुनाव जीतने में कामयाब हुए थे जब पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या हुई थी। राजीव गांधी की हत्या के बाद देश में इंदिरा की हत्या जैसी सहानुभूति लहर नहीं थी फिर भी लोगों में राजीव की हत्या को लेकर रोष था। महराजगंज में भी लोगों में गुस्सा था लेकिन पहली मर्तबा यहां के कुर्मी बिरादरी को अपना सजातीय उम्मीदवार मिला था इसलिए लोगों ने एक तरफा वोट देकर पंकज चौधरी को पहली बार ही संसद तक भेज दिया।

पंकज चौधरी ने अपने पहले चुनाव में ही दो बड़े नेताओं को धराशाई कर मीडिया में सुर्खियां बटोर ली थी। एक थे हर्षवर्धन जो 1989 में जनता दल के टिकट पर चुनाव जीते थे लेकिन 1991 में पंकज चौधरी से हार गए। दूसरे थे कांग्रेस के जितेन्द्र सिंह! जितेन्द्र सिंह 1985 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उपजे सहानुभूति लहर में यहां से एमपी हो गए थे। वे 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद उत्पन्न सहानुभूति लहर में दूसरी बार एमपी होने की आश में थे। पंकज चौधरी महराजगंज क्षेत्र से कुल नौ बार लोकसभा का चुनाव लड़ें हैं और दो बार हारे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

1999 में सपा के अखिलेश सिंह से हारे थे और 2009 में कांग्रेस के हर्षवर्धन से हारे थे। पंकज चौधरी का सात बार लोकसभा का चुनाव जीतने का रेकॉर्ड है जो बहुत कम लोगों के हिस्से में है। गोरखपुर की राजनीति में गोरक्षनाथ पीठ भी एक अध्याय है। वर्तमान समय में इस पीठ के महंत योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के सीएम है। इसका कोई ठोस और पुष्ट प्रमाण नहीं लेकिन यूपी खास तौर से पूर्वांचल की राजनीति की समझ रखने वाले लोग यदा कदा योगी और पंकज चौधरी के बीच राजनीतिक असामंजस्य की बात करते रहते हैं। ऐसी अटकलों पर एक बार चर्चा तेज हुई थी जब गोरखपुर आए प्रधानमंत्री मोदी गीता प्रेस से पंकज चौधरी के घर तक करीब दो सौ मीटर पदचाप करते हुए गए थे।

# जलवायु परिवर्तन: मिलकर ही निकलेगा समाधान



**वीरेश तरार**

विश्व आज जलवायु परिवर्तन की ऐसी कगार पर खड़ा है, जहां से या तो हम सामूहिक प्रयासों से पृथ्वी को बचा सकते हैं या फिर पूरी मानवता को अनियंत्रित तापमान वृद्धि, चरम मौसम, बढ़ती समुद्री सतह, सूखा, बाढ़, तूफान की मार में झोंक सकते हैं। वर्ष 2015 में जब पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, तब दुनिया भर ने यह मान लिया था कि अब जलवायु संकट से लड़ाई वैश्विक सहयोग के बिना संभव नहीं है परन्तु पिछले दस वर्षों की यात्रा, राजनीतिक अनिश्चितताओं, आर्थिक दबावों और व्यापारिक वर्चस्व की स्पर्धा के बीच कई बार हिचकोले खाती रही। फिर भी मानवता बार-बार यह समझने को मजबूर हुई कि पृथ्वी को बचाने का केवल एक ही रास्ता है, साझेदारी, सहयोग और संसाधनों की सामूहिक जिम्मेदारी। यही वह भावना है जिसे ब्राजील की पुर्तगाली भाषा में माटी-रो कहा गया और जिसकी भारतीय लोक अभिव्यक्ति डंगवारा यानि मिलजुल कर काम करना है। COP-30 के अंतिम दस्तावेज में यह शब्द केवल भावार्थ नहीं, बल्कि दिशा बनकर उभरा है।

ब्राजील के बेलें शहर में संपन्न हुए COP-30 में दो सौ के लगभग देशों ने एक स्वर से स्वीकार किया कि जलवायु परिवर्तन से मुकाबला किसी एक राष्ट्र की जिम्मेदारी नहीं है। पृथ्वी एक है, वातावरण एक है और संकट भी साझा है, इसलिए समाधान भी साझा होना चाहिए। इसी भावना को वैश्विक माटी-रो का नाम दिया गया, एक ऐसी साझी जिम्मेदारी, जिसमें दुनिया भर के देश, समाज, आदिवासी समुदाय, ग्रामीण इकाइयां, युवा, महिलाएं और तकनीकी क्षेत्र मिलकर एक संयुक्त कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ें। पहली बार पांच हजार से अधिक आदिवासी प्रतिनिधियों की भागीदारी इसका प्रमाण है कि विश्व अब उन समुदायों की बुद्धि, अनुभव, प्रकृति सम्बद्ध जीवन शैली और पर्यावरण अनुकूल परंपराओं को अपनी नीति का आधार बनाना चाहता है, जिन्हें सदियों से हाशिए पर रखा गया था।

पेरिस से बेलें तक के दस वर्षों की इस यात्रा में विश्व ने यह स्वीकारा कि तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री सेल्सियस के भीतर सीमित रखना अब भी एक कठिन लक्ष्य है, परन्तु असंभव नहीं। इसके लिए जो सबसे बड़ा कदम सामने आया, वह है कार्बन फंड को 2035 तक तीन गुना बढ़ाने का निर्णय। यह फंड विकासशील देशों, गरीब देशों, द्वीपीय देशों और उन समाजों के लिए जीवन-रेखा बन सकता है, जो जलवायु परिवर्तन के सबसे अधिक शिकार हैं लेकिन उत्सर्जन के लिए सबसे कम जिम्मेदार हैं। इसी सम्मेलन में ऊर्जा संक्रमण की दिशा में कई महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं। जैव ईंधन खासकर एथेनॉल को एक महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में देखा गया। यद्यपि जैव ईंधन पर कोई बाध्यकारी समझौता नहीं हो सका, फिर भी इसे भविष्य के ऊर्जा संक्रमण का आवश्यक अंग माना गया। तेल और कोयले पर निर्भरता कम करने, नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश बढ़ाने और बायोफ्यूल को बहुविकल्पीय ऊर्जा स्रोत के रूप में विकसित करने पर व्यापक सहमति बनी। भारत के लिए यह विषय विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां बायो बेस्ड कच्चा माल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है चाहे वह गन्ना हो, मक्का हो, चुकंदर हो, शीरा हो, कृषि अवशेष हों, या फिर जैविक कचरा। इसके अलावा पशुधन और मानव अपशिष्ट से उत्पन्न मीथेन को पकड़कर वह बड़ी मात्रा में ऊर्जा स्रोत बन सकता है तथा वातावरण में मीथेन की वृद्धि को रोका जा सकता है। भारत ने पिछले बीस वर्षों में एथेनॉल क्रांति की एक मजबूत शुरुआत की थी, लेकिन तेल कंपनियों द्वारा पानी की खपत को बहाना बनाकर इसके विस्तार को कई बार धीमा कर दिया गया। जबकि सत्य यह है कि पानी की समस्या का समाधान प्रबंधन और तकनीक से संभव है। हमारे देश में वर्षा जल का एक बड़ा हिस्सा समुद्र में बह जाता है। पहाड़ी इलाकों में छोटे-बड़े जलाशय, चेक-डैम, अर्ध-स्थाई बांध तथा वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनाकर, और मनरेगा जैसी योजनाओं का उपयोग करके हम एथेनॉल निर्माण हेतु आवश्यक जल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर सकते हैं। इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, बल्कि जल संरक्षण की एक टिकाऊ व्यवस्था भी खड़ी होगी। भारत में चीनी और गन्ने का उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है। हमारा देश विश्व के सबसे बड़े गन्ना उत्पादकों में से एक है। गन्ने से एथेनॉल बनाना अपेक्षाकृत सरल और सस्ता है। मक्का, चुकंदर और विभिन्न फसलों के अवशेष भी एथेनॉल का महत्वपूर्ण स्रोत बन सकते हैं। भारत के पास जैव-ईंधन के लिए कच्चा माल न केवल पर्याप्त है, बल्कि इतना है कि इसे राष्ट्रीय ऊर्जा-रणनीति का प्रमुख स्तंभ बनाया जा सकता है। इसके साथ-साथ मीथेन को पकड़कर ऊर्जा उत्पादन करना जो कि पशुधन आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए सबसे उपयुक्त तकनीक है तेल और कोयले के विकल्प के रूप में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। बेलें में यह भी स्वीकार किया गया कि जलवायु परिवर्तन केवल तकनीकी या आर्थिक सवाल नहीं है, यह सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक अस्तित्व का प्रश्न भी है। दुनिया के आदिवासी समुदाय यह मानते हैं कि उनकी लड़ाई केवल वन और पहाड़ बचाने की नहीं है, बल्कि जलवायु संतुलन की भी लड़ाई है। भारत के संदर्भ में यह बात और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि हमारे यहां बड़ी जनसंख्या ग्रामीण और आदिवासी समाज पर आधारित है। जल, जंगल और जमीन इनके जीवन का आधार हैं। लेकिन पिछले कुछ दशकों में विकास के नाम पर इन्हीं संसाधनों पर सबसे अधिक चोट की गई। जब पहाड़ काटे गए, जंगल उजाड़े गए, नदियों का स्वाभाविक प्रवाह बाधित किया गया, तब न केवल पर्यावरण को नुकसान हुआ बल्कि सामाजिक असंतुलन भी बढ़ा। भारत में नक्सलवाद के रूप में जो असंतोष दिखाई देता है, उसके मूल में भी यही सवाल है जल, जंगल और जमीन के अधिकारों पर हो रहा दबाव। COP-30 में आदिवासी प्रतिनिधियों ने यही कहा कि यदि जलवायु परिवर्तन से लड़ाई को सफल बनाना है, तो वन आधारित और प्रकृति आधारित समुदायों की बुद्धि, परंपरा और जीवन.शैली को मूल स्थान देना होगा। भारत के पास आज सबसे बड़ी शक्ति उसकी ग्रामीण आबादी, युवा शक्ति, स्वयं सहायता समूह और मनरेगा जैसे मजदूर संगठन हैं। यदि इन्हें सही दिशा दी जाए, तो जलवायु समाधान का सबसे बड़ा मॉडल भारत प्रस्तुत कर सकता है। गांव. पंचायतों को कार्बन-न्यूट्रल बनाने का विचार इसी दिशा में एक बड़ा कदम हो सकता है। प्रत्एक गांव में दस हजार से बीस हजार वृक्ष लगाने का सामूहिक अभियान चलाया जाए, जिसकी निगरानी गांव की पंचायत, स्वयं सहायता समूह, युवा संगठन और स्कूली बच्चे मिलकर करें। इससे न केवल कार्बन शोषण बढ़ेगा, बल्कि गांवों को कार्बन-क्रेडिट से स्थाई आय का स्रोत भी मिलेगा। वृक्षारोपण के साथ-साथ ग्रामीण जल संरक्षण, तालाब, पोखर, जलाशय, चेक-डैम का निर्माण मनरेगा के श्रमिकों की मदद से बड़े पैमाने पर किया जा सकता है। इससे जल-संकट भी दूर होगा और कृषि-उत्पादन में भी वृद्धि होगी। ग्रामीण समाज को जल संरक्षण से जोड़ना इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि जल की कमी अब कृषि, उद्योग और ऊर्जाकृतीनों को समान रूप से प्रभावित कर रही है। पेरिस से बेलें तक के दस वर्षों की इस यात्रा का सबसे बड़ा निष्कर्ष यही है कि विश्व समाज अब टुकड़ों-टुकड़ों में नहीं, बल्कि सामूहिक रूप से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। वैश्विक माटी-रो यानी मिलकर काम करना के सिद्धांत को केंद्र में रखा गया है। यह केवल देशों के बीच सहयोग नहीं है, बल्कि समाज आधारित और समुदाय आधारित सहयोग है। इसमें विज्ञान है, परंपरा है, तकनीक है, लो. कजीवन है, और सबसे बढ़करकृएक साझा भविष्य का संकल्प है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर आईएसआई का हमला

## तीन की मौत, ट्रम्प बोले: मुंहतोड़ जवाब दूंगा, असद के हटने के बाद अमेरिकी सेना पर पहला हमला

**दमिश्क।** मध्य सीरिया के शहर पल्मायरा में शनिवार को इस्लामिक स्टेट आईएसआई के एक हमलावर ने अमेरिकी सैनिकों पर हमला किया। हमले में दो अमेरिकी सैनिक और एक अमेरिकी नागरिक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सीईएनटीसीओएम) के अनुसार, यह हमला उस समय हुआ जब अमेरिकी सैनिक आईएसआई के खिलाफ चल रहे आतंकवाद-रोधी अभियानों के तहत एक बैठक में शामिल थे। हमलावर को मौके पर मौजूद सीरियाई बलों ने मार गिराया। सीरियाई मीडिया के मुताबिक, इस हमले में सीरियाई सुरक्षा बलों के कुछ सदस्य भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को हेलीकॉप्टर के जरिए अल-तनफ स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ले जाया गया। अमेरिकी बलों पर यह हमला बशर अल-असद के सत्ता से हटने के बाद पहली बार हुआ है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि हमले के लिए जिम्मेदार समूह के खिलाफ जवाबी



सतर्क अमेरिकी प्रशासन ने सीरिया में हमले के बाद सुरक्षा बलों को चौकन्ना कर किया

कार्रवाई की जाएगी। ट्रम्प ने मुंहतोड़ जवाब देने और बदला लेने की बात कही। अमेरिका ने सीरिया में हमले के बाद सुरक्षा बलों को चौकन्ना कर दिया है। आईएसआई को 2019 में क्षेत्रीय रूप से हराया जा चुका है, लेकिन संगठन के स्लीपर सेल अब भी सीरिया और इराक में सक्रिय बताए जाते हैं। अनुमान है कि आईएसआई के पास 5000 से 7000 लड़ाके अब भी मौजूद हैं। पूर्वी सीरिया में अमेरिका के सैकड़ों सैनिक तैनात हैं, जो आईएसआई के डेवलपमेंट को रोकने के लिए गठबंधन का हिस्सा हैं। दिसम्बर 2024 में तख्तापलट के बाद अहमद अल-शरा ने अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर सत्ता संभाली थी। असद के पतन के बाद सीरिया के नए अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के नेतृत्व में अमेरिका से संबंध सुधरे हैं। हाल ही में सीरिया आईएसआई विरोधी गठबंधन में शामिल हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर इस हमले को आईएस का अमेरिका और सीरिया दोनों पर हमला बताया और कहा कि इसके लिए बहुत गंभीर बदला लिया जाएगा। ट्रम्प ने बताया कि सीरियाई राष्ट्रपति अल-शरा इस घटना से बहुत दुखी और गुस्से में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि घायल अमेरिकी सैनिकों की हालत में सुधार है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि हमलावर सीरियाई सुरक्षा बलों का सदस्य था, जिसे चरमपंथी विचारों के कारण हटाया जा रहा था। हालांकि, सीरियाई अधिकारियों ने इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। अमेरिका ने 2014 से सीरिया में सैनिक तैनात कर रहा है। पहले यह तैनाती ईरान समर्थित मिलिशिया और रूसी खतरे के कारण थी, लेकिन अब मुख्य फोकस सिर्फ आईएसआई पर है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने की ऑस्ट्रेलिया में यहूदी लोगों पर हुए हमले की निंदा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बोंडी बीच पर त्योहार मना रहे यहूदी लोगों पर हुए हमले की निंदा करते हुए देशवासियों की तरफ से गहरी संवेदना प्रकट की है। मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर अपने एक पोस्ट में लिखा कि ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बोंडी बीच पर आज हुए भयानक आतंकवादी हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूं, जिसमें यहूदी त्योहार हनुक्का के पहले दिन जश्न मना रहे लोगों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि मैं भारत के लोगों की तरफ से उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। हम दुख की इस घड़ी में ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ खड़े हैं।



अमृतसर। पंजाब के बाहरी इलाके में स्थित एक मतदान केंद्र पर जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनावों के दौरान एक पुलिस अधिकारी मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच करते हुए।

## सूडान में आतंकी हमले के छह बांग्लादेशी शांति सैनिकों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश सेना ने एक बयान में कहा कि सूडान में हुए एक आतंकी हमले में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में उसके छह जवान मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए। यह हमला सूडान के अबेई इलाके में संयुक्त राष्ट्र के एक बेस पर हुआ। इस बीच, रक्षा मंत्रालय के इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) निदेशालय ने एक शुरुआती बयान में कहा कि इलाके में अभी भी लड़ाई जारी है। बांग्लादेश, संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में एक प्रमुख योगदानकर्ता है, और अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में सेना, नौसेना, वायु सेना और पुलिस के 6000 से अधिक जवान संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में तैनात हैं।

## इजरायल ने हमास के वरिष्ठ कमांडर को किया ढेर, हमास की पुष्टि

**यरूशलम/गाजा।** इजरायली सेना ने पुष्टि की है कि उसने शनिवार को गाजा पट्टी में एक हमले में हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को मार गिराया है। इजरायल रक्षा बलों और शिन बेट सुरक्षा एजेंसी ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हमास की सैन्य शाखा में हथियार निर्माण मुख्यालय के प्रमुख राद साद को मार दिया गया है। इजरायली सेना के अनुसार, साद सात अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर हमास द्वारा किये गए योजनाकारों में से एक था और अंतिम बचे हुए शीर्ष सरगनाओं में एक था। आईडीएफ ने यह भी दावा किया कि साद हाल के महीनों में हमास द्वारा 'संघर्ष विराम समझौते के उल्लंघनों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार' था। सेना ने यह भी आरोप लगाया कि वह संघर्ष विराम के दौरान हथियारों का निर्माण जारी रखने के लिए भी जिम्मेदार था। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि उन्होंने और रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने शनिवार को गाजा में इजरायली बलों को घायल करने वाले हमास के एक विस्फोटक उपकरण के विस्फोट के जवाब में साद की हत्या का व्यक्तिगत रूप से आदेश दिया था।

# ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमला

## 12 की मौत, बॉन्डी बीच पर गोलीबारी, इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने रेस्त्रां में छिपकर जान बचाई

**सिडनी।** सिडनी के बान्डी बीच पर त्यौहार मना रहे यहूदियों पर दो हथियारबंद लोगों ने सामूहिक गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। गोलीकांड की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कई राउंड गोलियां चलने के बाद बीच पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हमले में शूटर समेत 12 लोगों की मौत हो गई है।

आस्ट्रेलियाई पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। आस्ट्रेलिया सरकार ने इस गोलीबारी को आतंकी हमला करार दिया है। गोलीबारी की घटना के तुरंत बाद पुलिस को बान्डी में कैंपबेल परेड में एक गाड़ी मिली, जिसमें उन्हें कुछ विस्फोटक होने की आशंका है। सिडनी मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, गोलीबारी में शूटर सहित 12 लोग मारे गए हैं। जानकारी के अनुसार यहूदी त्योहार हनुक्का मनाने के लिए सैकड़ों लोग बान्डी बीच पर जुटे थे। इसी दौरान हमलावरों ने गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। एक पुलिस अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की है कि हमलावरों में से एक सिडनी के दक्षिण-पश्चिम में बोनिरिग का रहने वाला नवीद अकरम था। पुलिस शूटर के घर पर इस समय पुलिस छापा मार रही है। एनएसडब्ल्यू प्रीमियर क्रिस मिन्स ने बताया कि 12 लोगों की मौत हो गई है। हमलावरों में से एक मारा गया है और एक को हिरासत में लिया गया है। मिन्स ने कहा कि यह हमला यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया था।। आस्ट्रेलियाई पुलिस के मुताबिक गोलीकांड के बाद एक हमलावर को गिरफ्तार किया गया है। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा, पुलिस की जांच जारी है और हम लोगों से अपील करते हैं कि वे इस इलाके से दूर रहें। पुलिसकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया है और जानकारी मिलने पर आगे अपडेट दिया जाएगा। बान्डी बीच पर गोलीबारी की खबरों के बाद पुलिस की गाड़ियां और एम्बुलेंस मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने लोगों को बान्डी बीच से दूर रहने का आग्रह किया और घटनास्थल पर मौजूद लोगों से सुरक्षित जगह पर जाने को कहा।

पुलिस ने दो लोग हिरासत में लिए हैं। एम्बुलेंस 16 घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में ले गईं। पुलिस ने शूटर समेत 12 लोगों की मौत, दो पुलिस अधिकारी सहित 11 अन्य लोग घायल की पुष्टि की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बान्डी बीच पर लोग भागते हुए दिखाई दे रहे हैं और बैकग्राउंड में गोलियों की आवाज और पुलिस सायरन सुनाई दे रहे हैं। रायटर्स ने कहा कि वह इन वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका। गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, उसके पत्रकारों द्वारा देखे गए वीडियो में काले कपड़े पहने दो लोग बीच के पास एक पुल के पास गोलीबारी करते दिखे। करीब एक दर्जन राउंड गोलियों की आवाज सुनाई दी और लोग चीखते हुए इधर-उधर भागने लगे। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने एक्स पर एक ताजा पोस्ट में बताया कि बान्डी बीच पर दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।



एक हमलावर गिरफ्तार, जवाबी कार्रवाई में मारा गया हमलावर
यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया हथियारबंद लोगों ने हमला

### बोंडी बीच पर हमला यहूदी समाज के खिलाफ शैतानी हरकत: अल्बनीज

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने न्यू साउथ वेल्स की राजधानी सिडनी के बोंडी बीच पर हानुका जश्न के दौरान हुए आतंकवादी हमले को 'यहूदी-विरोधी भावना' की शैतानी हरकत करार देते हुए कहा कि एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक पर हमला पूरे देश पर हमले के बराबर है। अल्बानीज़ ने हमले के बाद एक संबोधन में कहा कि यह हमला यहूदी ऑस्ट्रेलियाई लोगों को निशाना बनाकर किया गया है। यह उनकी खुशी के दिन उनकी आस्था के जश्न पर हमला है। जब बोंडी बीच पर गोलीबारी हुई तो वहां मौजूद कुछ लोग बैरिकेड तोड़कर भागने को मजबूर हुए, जबकि कुछ ने करीब के एक रेस्तरां में शरण ली। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा जा सकता है कि एक शख्स ने गोलीबारी कर रहे हमलावर को पीछे से दबोचा और उसके हाथ से हथियार छीन लिया। पुलिस ने पुष्टि की है कि हमलावर के हाथ से बंदूक छीनने वाले शख्स का नाम अहमद अल अहमद है।

## दक्षिण अफ्रीका मंदिर हादसा

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के डरबन के उत्तर में स्थित रेडक्लिफ इलाके में बीते शुक्रवार दोपहर को अहोबिलम टेंपल आफ प्रोटेक्शन के निर्माण स्थल पर हुए भीषण हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। वहीं अभी भी कई लोगों के मलबे में फंसे होने की संभावना जताई जा रही है। मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, राहत और बचाव कर्मी पिछले दो दिनों से मलबे में दबे एक पांचवें शव को निकालने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, शनिवार दोपहर खराब मौसम के कारण रेस्क्यू आपरेशन को रोकना पड़ा। तेज बारिश और खराब हालात के चलते मलबे में काम करना बेहद मुश्किल हो गया। बता दें कि पहले मीडिया रिपोर्टस में बताया गया था कि इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई है और कई लोग मलबे में दबे हैं। ऐसे में जब ताजा अपडेट सामने आया तब इस बात की पुष्टि की गई कि इस हादसे में मरने वालों की संख्या अब बढ़कर चार हो गई है। बता दें कि मंदिर एक ढलान वाली पहाड़ी पर बनाया जा रहा था और इसमें चट्टानों का इस्तेमाल किया गया था, जिन्हें भारत से लाया गया और निर्माण स्थल पर खुदाई की गई थी। मंदिर का डिजाइन गुफा जैसा था और इसे भगवान नरसिंहदेव की दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमाओं में से एक के लिए बनाया जा रहा था। हादसे में मारे गए लोगों में से एक 52 वर्षीय भारतीय मूल के विक्की जैरज पांडे हैं, जो मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी सदस्य और निर्माण परियोजना के प्रबंधक थे। पांडे पिछले दो साल से मंदिर निर्माण में सक्रिय रूप से शामिल थे। मामले में रिएक्शन यूनिट साउथ अफ्रीका के प्रवक्ता प्रेम बलराम ने जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि मलबे के नीचे और लोग फंसे हुए हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि हालात सामान्य होने के बाद फिर से तलाशी अभियान शुरू किया जाएगा। गौरतलब है कि इस हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि निर्माण के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन किया गया था या नहीं।

मृतकों की संख्या बढ़कर हुई चार, मृतकों में एक भारतीय भी शामिल

# स्पेन में रूसी वाणिज्य दूतावास ने 40 वीजा जारी किए

**मैड्रिड।** स्पेन में रूसी वाणिज्य दूतावास ने रूस के पारंपरिक, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों से इत्तेफाक रखने वाले 40 विदेशियों के वीज़ा को 'मानवीय सहायता' उपलब्ध कराने के इरादे से मंज़ूरी दे दी है।

समाचार एजेंसी स्पूतनिक ने स्पेन में रूसी दूतावास के वाणिज्यिक विभाग के हवाले से यह जानकारी दी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2024 में एक फैसले पर हस्ताक्षर किये थे, जिसके अनुसार देश रूस के पारंपरिक, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों से इत्तेफाक रखने वाले लोगों को मानवीय सहायता देगा। इस फरमान के अनुसार, जो विदेशी अपने देशों की नीतियों के विरोध के कारण रूस आए हैं, वे रूसी भाषा में दक्षता के प्रमाण के बिना रूस में अस्थाई रूप से रह सकेंगे। स्पूतनिक ने वाणिज्यिक विभाग के प्रमुख किरिल बुदाएव के हवाले से कहा कि हमें 19 अगस्त, 2024 के रूसी राष्ट्रपति के फरमान संख्या 702 के अनुसार उन विदेशियों के लिए भी वीज़ा के अनुरोध मिल रहे हैं जो हमारे पारंपरिक आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों को साझा करते हैं। ये वीज़ा रूस जाने वाले आवेदकों को एक सरल प्रक्रिया के माध्यम से अस्थाई निवास परमिट प्राप्त करने की अनुमति देते हैं। कुल मिलाकर, स्पेन में रूसी वाणिज्य दूतावासों ने लगभग 40 ऐसे वीज़ा जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि स्पेन में विदेशी मिशनों का कुल कार्यभार अधिक बना हुआ है। सिर्फ 2025 में ही स्पेन में रहने वाले या अस्थाई रूप से रहने वाले 15000 से अधिक रूसियों ने मैड्रिड में वाणिज्यिक विभाग से सहायता मांगी है। अधिकांश मामलों में रूसी दस्तावेज़ जारी करना, नोटरी और पंजीकरण सेवाएं, साथ ही सूचना और परामर्श सहायता शामिल है। कई अनुरोध नागरिकों की मृत्यु, हिरासत, नाबालिगों की संरक्षकता, विरासत के मुद्दे और कानूनी विवादों से संबंधित भी होते हैं। बुदाएव ने बताया कि हाल के वर्षों में स्पेन आए प्रवासियों के बीच दस्तावेज़ और विभिन्न कांसुलर सेवाएं प्राप्त करने में रुचि बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को उनकी राजनीतिक विचारों की परवाह किए बिना सेवाएं दी जाती हैं। अगर आवेदक वांछित है, अनुपस्थिति में दोषी ठहराया गया है, रूस में बकाया ऋण है, या उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही चल रही है तो रूसी पासपोर्ट जारी नहीं किया जा सकता है। यह ध्यान रखना जरूरी है कि पिछले कुछ सालों में रूस से स्पेन जाने वाले प्रवासियों की संख्या बढ़ी है, जो विभिन्न कारणों से यहां आए हैं। इसमें रूसी अधिकारियों की कार्रवाई से असहमति भी शामिल है।




## नोबेल पुरस्कार विजेता अलेस बियाल्यात्सकी की रिहाई का किया स्वागत

**स्टॉकहोम।** मानवाधिकार संगठनों और कार्यकर्ताओं ने बेलारुस के मानवाधिकार कार्यकर्ता और नोबेल पुरस्कार विजेता अलेस बियाल्यात्सकी की रिहाई का स्वागत किया है। मानवाधिकारों के लिए कार्य करने वाली संस्था राइट लाइवलीहुड ने उनकी रिहाई का स्वागत करते हुए इसे 'न्याय की दिशा में बहुत देर से आया कदम' बताया है। संस्था ने कहा कि जुलाई 2021 में उनकी कैद अवैध और राजनीतिक कारणों से प्रेरित थी। संस्था ने जोर दिया कि हम वियासना की सदस्य मारफा राबकोवा और बेलारूस में अपने मूल अधिकारों का प्रयोग करने के कारण कैद किये गए सभी अन्य लोगों की तत्काल रिहाई की अपनी आपात अपील को फिर से दोहराते हैं।

## अमेरिका के ब्राउन विश्व विद्यालय में गोलीबारी, दो लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की घटना हुई है। रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी में हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोग मारे गए और आठ लोग घायल हुए हैं। जांच अधिकारियों ने अभी घटना के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

पुलिस ने बताया कि रविवार को ब्राउन यूनिवर्सिटी के इलाके में कई लोगों को गोली मारी गई। इसके बाद आइवी लीग स्कूल ने शूटर अलर्ट जारी किया और छात्रों और स्टाफ से सुरक्षित जगह शरण लेने की अपील की। पुलिस ने तुरंत पीड़ितों की संख्या, उनकी हालत या गोलीबारी की परिस्थितियों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। ब्राउन यूनिवर्सिटी के इमरजेंसी नोटिफिकेशन सिस्टम के जरिए जारी अलर्ट के अनुसार, यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने शुरू में छात्रों और स्टाफ को बताया कि एक संदिग्ध हिरासत में है, लेकिन बाद में कहा कि ऐसा नहीं है और पुलिस अभी भी संदिग्धों की तलाश कर रही है। स्थानीय नेता जान गोंसाल्वेस ने कहा कि हमें अभी भी इस बारे में जानकारी मिल रही है कि क्या हो रहा है। हमने लोगों से अपने खिड़की-दरवाजे बंद रखने और सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने घटना पर दुख जताया। रिपोर्ट के अनुसार, गोलीबारी बारस और हाली बिल्डिंग के पास हुई, जो एक सात मंजिला काम्प्लेक्स है, जिसमें यूनिवर्सिटी का स्कूल आफ इंजीनियरिंग और भौतिकी विभाग है।

## 15 को संयुक्त राष्ट्र पहला विश्व तुर्की भाषा परिवार दिवस मनाएगा

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को ने समरकंद की आम सभा में 15 दिसम्बर को हर साल विश्व तुर्की भाषा परिवार दिवस मनाने का फैसला लिया है। यह समारोह तुर्की भाषा बोलने वाले लोगों की साझा भाषाई और सांस्कृतिक विरासत को उजागर करता है और बहुभाषावाद और सांस्कृतिक विविधता के प्रति यूनेस्को की व्यापक प्रतिबद्धता को दृढ़ करता है। तुर्की भाषा परिवार में अजरबैजानी, कजाख, किर्गिज, तुर्की, तुर्कमेन, उज्बेक जैसी कई भाषाएं शामिल हैं। इसे करीब एक करोड़ 20 लाख वर्ग किलोमीटर के दायरे में 20 करोड़ से ज्यादा लोग बोलते हैं। इसलिए सोमवार को पहली बार इसे मनाने की तैयारी में संगठन जुटा है।







## जल संसाधनों पर बढ़ते दबाव को लेकर संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी

**रोम।** संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा है कि जिन क्षेत्रों में पानी की कमी है, वहां मांग बढ़ने के साथ ताजे पानी के संसाधनों पर दबाव भी बढ़ रहा है। अक्वास्टैट (2025) वॉटर डेटा स्नैपशॉट के नाम से प्रकाशित इस रिपोर्ट में नवीकरणीय जल उपलब्धता पर अद्यतन जानकारी दी गई है। नवीकरणीय जल का अर्थ है, जल की वह मात्रा जो हर साल वर्षा के माध्यम से नदियों और भूजल भंडारों में फिर से भर जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में प्रति व्यक्ति नवीकरणीय जल उपलब्धता में सात प्रतिशत की गिरावट आई है।

# बांग्लादेश में उम्मीदवारों पर गोलीबारी

## चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद बढ़े हमले, चुनाव आयोग ने शीर्ष अधिकारियों के लिए मांगी अतिरिक्त सुरक्षा

**ढाका।** बांग्लादेश में एक बार फिर बिगड़ती कानून-व्यवस्था के बीच चुनाव आयोग ने अपने शीर्ष अधिकारियों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा की मांग की है।

चुनाव आयोग ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) को पत्र लिखकर मुख्य चुनाव आयुक्त, अन्य आयुक्तों और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने को कहा है। चुनाव आयोग ने सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे पुलिस सुरक्षा और अतिरिक्त एस्कार्ट वाहन की मांग की है। यह मांग ऐसे समय की गई है, जब आगामी संसदीय चुनाव के एक उम्मीदवार और पिछले साल के 'जुलाई आंदोलन' के प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी को ढाका में गोली मार दी गई। वह अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत कर रहे थे, तभी उन पर नजदीक से हमला हुआ।

उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। चुनाव आयोग ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद दो जिलों, लक्ष्मीपुर और पिरोजपुर, में उसके दफ्तरों पर भी हमले हुए हैं। इसके चलते आयोग ने देशभर में अपने क्षेत्रीय, जिला और उप-जिला कार्यालयों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है, क्योंकि वहां चुनाव से जुड़े अहम दस्तावेज और सामग्री रखी जानी है। अंतरिम सरकार ने हालात को देखते हुए देशभर में 'आपरेशन डेविल हंट-2' शुरू किया है। साथ ही चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को आत्मरक्षा के लिए हथियार लाइसेंस देने का भी आश्वासन दिया गया है। वहीं विपक्षी दल बीएनपी ने सभी उम्मीदवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और हमले के दोषियों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

हालात को देखते हुए सरकार ने शुरू किया देशभर में 'आपरेशन डेविल हंट-2'

### बांग्लादेश में 1971 के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**ढाका।** बंगलादेश में रविवार को 'शहीद बुद्धिजीवी दिवस' के मौके पर राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मीरपुर स्थित शहीद बुद्धिजीवी स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद, मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने भी स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की और मौन रखा। नेताओं के बाद समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने की अनुमति दी गई, जिन्होंने युद्ध के अंतिम दिनों में अगवा कर मारे गए बुद्धिजीवियों का सम्मान किया। गौरतलब है कि बंगलादेश में शहीद बुद्धिजीवी दिवस 14 दिसम्बर को मनाया जाता है।